www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
20 अप्रैल 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण



कोटला में ऋषभ पंत पर रहेगी सभी की निगाह




GAURS your own world

PROJECT UP RERA REGN. NO.: UPRERAPRJ674297
WEBSITE OF UP RERA: www.up-rera.in

IF INVESTING WAS A GAME OF
TIC-TAC-TOE



WE HAVE COVERED ALL THE BOXES SO THAT
YOU ARE ALWAYS A WINNER!

GUARANTEED INCOME FOR 9 YEARS*

GAUR WORLD SMARTSTREET
A LANDMARK OF NEW OPPORTUNITIES
GREATER NOIDA (WEST)

READY TO FIT-OUT RETAIL SHOPS
₹40 LAKHS* ONWARDS

Take possession now & balance payable after 9 Months*

No GST on BSP*

*TERMS & CONDITIONS APPLY

EXCLUSIVELY MARKETED BY bopo.in RERA NO.: UPRERAAGT10206

965 4444 333

LOAN AVAILABLE FROM ICICI Bank Home Loans khayaal aapka AND MANY MORE | CONSTRUCTION FINANCE PARTNER kotak Kotak Mahindra Prime

SCAN FOR LIVE EXPERIENCE

PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 5645825124 | KOTAK MAHINDRA BANK | ADITYA CITY CENTER, INDIRAPURAM, GHAZIABAD

GAURS GROUP
SITE ADDRESS: Plot no. C1-A, Sector 16B, Greater Noida (W)
CORP. OFFICE: Gaur Biz Park, Plot No. 1, Abhay Khand II, Indirapuram, Ghaziabad (U.P.) 201014 India
gaursonsindia.com
Member of CREDAI

29+ YEARS OF UNFALTERING COMMITMENT | 65+ SUCCESSFULLY DELIVERED PROJECTS | 45000+ POSSESSIONS GIVEN (2014-23) | 65000+ SUCCESSFULLY DELIVERED UNITS

GAURS
your own world

PROJECT UP RERA REGN. NO.:
UPRERAPRJ674297
WEBSITE OF UP RERA: www.up-rera.in

# KICK-START
## YOUR BUSINESS WITH

## GUARANTEED INCOME FOR 9 YEARS*

ACTUAL IMAGE




*TERMS & CONDITIONS APPLY

### BOOK YOUR SHOP AND ALSO AVAIL THESE BENEFITS*

GAUR
**WORLD**
**SMARTSTREET**
A LANDMARK OF NEW OPPORTUNITIES
GREATER NOIDA (WEST)

- Take possession now & balance payable after 9 Months*
- No GST on BSP*

### READY TO FIT - OUT RETAIL SHOPS STARTING AT ₹40 LAKHS*

- 1.1 lakh sq. mt. (12 lakh sq. ft.) of pure retail bliss spread across 8 Floors.
- Will cater to almost 5 lakh households of Gr. Noida West, Gaur City, Crossings Republik etc.
- Only 2.5 kilometers from Gaur Chowk.
- 3-side open High Street conveniently located near the Proposed Metro Corridor.
- Positioned along the 130-meter wide road connecting Greater Noida with Gr. Noida West.

EXCLUSIVELY MARKETED BY
bop.in
RERA NO.: UPRERAAGT10206

**965 4444 333**

LOAN AVAILABLE FROM ICICI Bank Home Loans khayaal aapka AND MANY MORE

CONSTRUCTION FINANCE PARTNER kotak Kotak Mahindra Prime

SCAN FOR LIVE EXPERIENCE

PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 5645825124 | KOTAK MAHINDRA BANK | ADITYA CITY CENTER, INDIRAPURAM, GHAZIABAD

GAURS GROUP

SITE ADDRESS: Plot no. C1-A, Sector 16B, Greater Noida (W)
CORP. OFFICE: Gaur Biz Park, Plot No. 1, Abhay Khand II, Indirapuram, Ghaziabad (U.P.) 201014 India

gaursonsindia.com

Member of CREDAI

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
20 अप्रैल 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 95, 20 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण



पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना P 16

**पहला चरण :** उम्मीद के अनुसार घरों से बाहर नहीं निकले मतदाता, त्रिपुरा में सबसे अधिक 81.51 फीसदी मतदान

# उत्तर प्रदेश और बिहार ने चौंकाया

**62** फीसदी से अधिक मतदान पहले चरण में दर्ज किया गया

**69** फीसदी से अधिक मतदान 2019 के पहले चरण में हुआ था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान हुआ। उम्मीद थी कि इस बार मतदाता दोगुने उत्साह से आगे आएंगे, लेकिन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के वोटरों ने कम मतदान से चौंका दिया। चुनाव आयोग के प्रयास के बावजूद 62.37 फीसदी ही मतदान हुआ, जबकि वर्ष 2019 में पहले चरण के दौरान 69.5 फीसदी मतदान हुआ था। मतदान का अंतिम आंकड़ा शनिवार को आने की संभावना है।

शुक्रवार को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव आयोग के अनुसार, सबसे अधिक मतदान त्रिपुरा में 81.51 फीसदी और सबसे कम मतदान बिहार में 48.50 प्रतिशत दर्ज किया गया। बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में मतदान प्रतिशत घटा।

**यूपी में दोपहर के बाद मतदान तेज:** उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। भीषण गर्मी के बावजूद लोग वोट डालने पहुंचे। यूपी में दोपहर बाद मतदान ने तेजी पकड़ी। पश्चिमी यूपी में पिछली बार 11 अप्रैल को पहले चरण के लिए मतदान हुआ था, उस दिन अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार को यहां का तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार इन आठ लोकसभा सीटों पर कुल 60.25 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम आंकड़े में अभी बढ़ोतरी की संभावना है।

**उत्तराखंड में अलसाए वोटर :** उत्तराखंड में लोकसभा की सभी पांच सीटों पर 54.80 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है, जो पिछले दो चुनावों के मुकाबले कम है। राज्य में 2014 में 62.15 और 2019 में 61.50 प्रतिशत मतदान हुआ था।

**बंगाल में छिटपुट हिंसा :** निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल में 78.96 प्रतिशत मतदान हुआ। 2019 में 81 फीसदी मतदान हुआ था। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार सीट पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने मतदान के पहले कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी क्रमशः 80 तथा 39 शिकायतें दर्ज कराई हैं। असम में 73.11 फीसदी और मेघालय में 74.50 प्रतिशत मतदान हुआ।

**बिहार में कम मतदान का कारण गर्मी :** बिहार में चार सीटों औरंगाबाद, गया, नवादा एवं जमुई में मतदान का औसत गिर गया है। इन सीटों पर पिछले चुनाव से पांच प्रतिशत कम मतदान हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान औसतन 53.47 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि इस बार के चुनाव में इन चारों सीटों पर औसतन 48.50 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने कम मतदान का प्रमुख कारण गर्मी का अधिक होना बताया।

**तमिलनाडु में 67 फीसदी मतदान:** तमिलनाडु में 67.78% फीसदी मतदान हुआ, वहीं असम में 72.33% और महाराष्ट्र में 58.21 फीसदी मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वाले, विवाह परिधान में नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर आए।

**छत्तीसगढ़ में जवान की मौत :** छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। बस्तर में 56 गांवों के लोगों ने पहली बार अपने ही गांवों में बनाए गए मतदान केंद्रों में वोट डाला। तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई।

**मणिपुर में करीब 70.58 प्रतिशत मतदान :** हिंसा प्रभावित राज्य मणिपुर में करीब 70.58 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनर मणिपुर लोकसभा के तहत आने वाले थोंगजु विधानसभा क्षेत्र में स्थानीयों और अज्ञात व्यक्तियों के बीच वाद-विवाद हो गया।







1. **उत्साह :** जयपुर में शुक्रवार को मतदान करने के लिए दो दुल्हनें शादी के जोड़े में ही पहुंच गईं। • प्रेट्र

2. **ऊर्जा :** चेन्नई में शुक्रवार को बैसाखी के सहारे मतदान करने पहुंची बुजुर्ग महिला की मदद करती पुलिसकर्मी।

3. **उमंग :** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में मतदान करने के बाद स्याही का निशान दिखाता जोड़ा। • प्रेट्र

### कहां कितना मतदान

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 59.66% |
| उत्तराखंड | 54.80% |
| बिहार | 48.50% |

(स्रोत : चुनाव आयोग)

### इन राज्यों में मतदान पूरा

पहले चरण में जिन राज्यों की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ, उनमें तमिलनाडु में 39, उत्तराखंड में पांच, अरुणाचल प्रदेश में दो, मेघालय में दो, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक, मिजोरम में एक, नगालैंड में एक, पुडुचेरी में एक, सिक्किम में एक और लक्षद्वीप में एक सीट शामिल हैं। इसके अलावा, राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर तथा छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान संपन्न हुआ।

**अंदर**

मत से लोकतंत्र की नींव को दी मजबूती ......P11

चढ़ते पारे ने मतदाताओं का उत्साह घटाया....P15

## प्रमुख पांच

### फिलिपींस को सौंपीं ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल

1 भारत ने 375 मिलियन डॉलर के समझौते के तहत शुक्रवार को फिलिपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें सौंपीं। P13

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने ड्रेस कोड में छूट दी

2 भीषण गर्मी के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय में वकीलों को गाउन पहनने से छूट दी गई है। P13

### डीयू में 25 अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया शुरू

3 दिल्ली विश्वविद्यालय में 25 अप्रैल से विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। P05

### फलस्तीन को सदस्यता पर अमेरिका का 'वीटो'

4 फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता देने के प्रस्ताव के खिलाफ अमेरिका ने 'वीटो' किया। P17

### लोगों को सिखाएं कि अपना वोट नहीं बेचें

5 मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि हमारे मतदाता इतने जाहिल हैं। बात वास्तव में यह है कि हम उन्हें भली प्रकार समझाते नहीं हैं। शिक्षा का इसमें कोई संबंध नहीं है।



ए के सेन P10

## नगालैंड के छह जिलों में शून्य मतदान

- ईएनपीओ ने बंद का आह्वान किया था
- मतदान न करने की चेतावनी दी गई थी

**कोहिमा, एजेंसी।** नगालैंड के छह पूर्वी जिलों में मतदान कर्मी बूथों पर नौ घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन क्षेत्र के चार लाख मतदाताओं में से एक भी मतदान करने नहीं पहुंचा।

फ्रंटियर नगालैंड क्षेत्र (एफएनटी) की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए शुक्रवार को ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) की ओर से बंद का आह्वान किया गया था। ईएनपीओ पूर्वी क्षेत्र के सात आदिवासी संगठनों का समूह है।

नगालैंड में ईएनपीओ ने गुरुवार शाम छह बजे से राज्य के पूर्वी हिस्से में अनिश्चितकालीन पूर्ण बंद का ऐलान किया गया था।

संगठन ने यह भी आगाह किया कि यदि कोई व्यक्ति मतदान करने जाता है और कोई कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित मतदाता की होगी। पूर्वी नगालैंड की प्रमुख सड़कों पर शुक्रवार को बंद के दौरान लोगों और वाहनों की कोई आवाजाही नहीं हुई।

## केंद्र की इकलौती मतदाता ने वोट डाला

**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के सुदूर अंजॉ जिले में बनाए गए एक अनोखे मतदान केंद्र मालोगम में शुक्रवार को एकमात्र महिला मतदाता ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते हुए शत-प्रतिशत मतदान किया। अधिकारी ने बताया कि 44-वर्षीया सोकेला तयांग ने एक बजे मतदान किया।

## सुविधा : रेलवे नौ हजार स्पेशल ट्रेन चलाएगा

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए देशभर में 9111 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। गत वर्ष इस दौरान 6369 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं। इसका एक कारण लोकसभा चुनाव को भी माना जा रहा है। मतदान के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घर जा सकते हैं। ›ब्योरा P06

## उछाल : सोने का भाव 74 हजार के पार पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोना 74,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर चला गया। इसी तरह चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई।

## संकट : पाक में अब जापान के लोगों पर हमला

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में शुक्रवार को आतंकियों ने जापान के नागरिकों के वाहन को निशाना बनाकर आत्मघाती हमला किया। हमले में पांचों जापानी नागरिक बाल-बाल बच गए और सुरक्षित हैं। बताया जाता है कि जापान के ये नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते हैं।




KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

16th Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India | A++ Grade Accredited by NAAC | Tier 1 Reaccredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years | THE World University Rankings 2023: 301-400 Computer Science, 401-500 Engineering, 601-800 University Ranking | ABET (US) Accreditation | IET

KIITEE 2024 PHASE-2

Apply Now

through KIIT Websites www.kiitee.ac.in/www.kiit.ac.in | No Examination Fee (Computer-Based Online Test)

B.Tech (4 Years) in following branches of Engineering :

- Civil, Electrical, Mechanical, Electronics & Telecommunication, Electronics & Computer Science, Electronics and Electrical, Aerospace, Mechatronics, Mechanical (Automobile), Chemical, Computer Science, Information Technology, Computer Science and System, Computer Science and Communication
- Electrical & Computer Engineering; Construction Technology; Electronics Engineering (Spl - VLSI Design and Technology); Computer Science & Engineering (Spl - Artificial Intelligence and Machine Learning | Artificial Intelligence | Cyber Security | Data Science | Internet of Things and Cyber Security Including Block Chain Technology | Internet of Things)

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

Bachelor's Programmes
- B. Design (Automobile/ Graphic/Product) (4 Years)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5 years)
- B. Arch. (5 years)
- B. Tech. ( Lateral Entry) (3 years)
- BCA (3 years)
- BBA (3 years)
- Bachelor of Design (Fashion / Textile) (4 years)
- Bachelor of Film & Television Production (3 years)
- Bachelor in Hotel Management and Catering Technology (BHMCT) (4 Years)
- BA.LL.B / BBA LL.B / B.Sc. LL.B (5 years)
- Bachelor of Communication & Journalism (3 years)
- BA in Economics (Hons)(4 years)
- BA in Sociology (Hons)(4 years)
- BA in English (Hons)(4 years)
- B.A. in Psychology (Hons)(4 years)
- B.Com (Hons) (4 years)
- B.Sc. Computer Science (4 years)
- B.Sc. Nursing (4 years)
- B.Pharma (4 years)
- D.Pharma (2 Years)

Master's Programmes
- M.Tech. (2 years)
- LLM (1 year)
- MCA (2 years)
- M.Sc Biotechnology (2 years)
- M.Sc. Applied Microbiology (2 years)
- M. Arch (2 years)
- Int. M.Tech & Ph.D (5 years)
- Master of Communication & Journalism (2 years)
- Master in Yoga and Naturopathy (2 years)
- Master of Hospital Administration (2 years)
- Master of Public Health (2 years)
- MBA (2 years)
- MBA in Business Analytics (2 years)
- MBA in Operations & Supply Chain Management (2 years)
- MBA in Rural Management (2 years)
- Master of Library & Information Sciences (M.Lib.I.Sc) (2 Years)
- Master of Physical Education and Sports (MPES) (2 Years)
- MBA in Agribusiness Management (2 years)
- M. Design (Interior Design)(2 Years)
- M.Sc. Computer Science (2 years)
- MA in Economics (2 years)
- MA in Sociology (2 years)
- MA in English (2 years)
- MA in Psychology (2 years)
- MA in Public Policy (2 years)
- M.Com (2 years)
- M.Sc. in Physics / Chemistry / Mathematics with Data Science (2 years)
- M.Sc. Nursing (2 years)
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2023 HIGHLIGHTS
750+ Companies
6200+ Job Offers
₹63 LPA Highest Salary Offered
₹8.20 LPA Average CTC
2000+ Paid Internships

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India,
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

दिल्ली की सबसे हॉट सीट के मतदाता अंदरूनी इलाकों में काम न होने से नाराज, मनोज तिवारी-कन्हैया कुमार में है मुकाबला

# मेट्रो पहुंची, पुल बना पर कॉलोनियों में समस्या कायम

**ग्राउंड रिपोर्ट**
**उत्तर-पूर्वी संसदीय सीट**

दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी बिसात बिछ चुकी है। इस बार भाजपा और इंडिया गठबंधन (आप-कांग्रेस) के बीच सीधा मुकाबला है। मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के लिए दोनों ओर से जोर लगाया जा रहा है। इसी बीच उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र दिल्ली की सबसे हॉट सीट बन चुकी है।

वर्ष 2008 में पहली बार वजूद में आई इस सीट पर पहली बार 2009 में कांग्रेस ने जीत हासिल की, लेकिन दो बार से भाजपा का कब्जा है। घनी आबादी वाला यह इलाका विकास की बांट जोह रहा है। कहने को यहां मेट्रो पहुंच चुकी है, जाम खत्म करने के लिए फ्लाईओवर बन रहा है। बेहतर आवागमन के लिए स्लिप रोड भी बनाएं जा रहे हैं, परंतु कॉलोनियों के अंदर समस्याएं कायम हैं। राजधानी की इस हॉट सीट से **'हिन्दुस्तान'** की ग्राउंड रिपोर्ट....

उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़कें टूटी हुई हैं और कई जगह पानी की किल्लत है। मिश्रित आबादी इस क्षेत्र में पूर्वांचल और उत्तराखंड के लोग भी रहते हैं, तो कई सीटों पर मुस्लिम मतदाता अहम भूमिका निभाते हैं। बावजूद, इस क्षेत्र में विकास की बड़ी समस्या है। लोगों का कहना है कि सुविधाएं चाहिए, पार्टी या नेता कोई भी आए, ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है।

**सिर्फ बाहरी इलाकों में ही विकास का दावा :** मौजपुर के रहने वाले संजीव शर्मा कहते हैं कि संसद भवन यहां से 10-12 किलोमीटर दूर है। यहां मेट्रो भी चलने लगी है, लेकिन यह सिर्फ बाहरी विकास है। आज भी करावल नगर की गलियों में चलना मुश्किल है। मुस्तफाबाद, शिव विहार, सीलमपुर जैसे कई इलाकों में बारिश के दिनों में अंदर कॉलोनियों में जाना मुश्किल है। विकास के नाम पर यहां सिर्फ बातें हुई हैं। इसलिए इस बार हमारे लिए उम्मीदवार अहम नहीं है, महंगाई, विकास, इस इलाके में सुरक्षा व्यवस्था अहम मुद्दा है। हमारी सुनवाई करने वाला ही हमारा नेता होगा।

**जलनिकासी न होने से गलियां जलमग्न :** भजनपुरा निवासी ताराचंद का कहना है कि हम प्रत्याशियों से उन वादों के बारे में पूछ रहे हैं जो हमसे किए जा रहे हैं। हमारी बुनियादी सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां जाम की बड़ी समस्या है। कई गलियां तो ऐसी हैं, जहां गर्मियों में भी पानी भरा रहता है, क्योंकि जलनिकासी की दिक्कत है। इस ओर भी ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर, बारिश के दौरान तो हालात बिगड़ जाते हैं। गलियों में कई-कई दिन तक पानी भरा रहता है।



उत्तर-पूर्वी संसदीय सीट के सीलमपुर में रोज लगने वाले जाम से लोग बेहद परेशान हैं। ● सोनू मेहता

**कुल मतदाता** (वर्ष 2024 की स्थिति)
**23,81,482**

**पुरुष मतदाता**
**12,87,660**

**महिला मतदाता**
**10,93,638**

**थर्ड जेंडर मतदान 114**




### विधानसभा सीट किसके पास

**आम आदमी पार्टी**
सीमापुरी, मुस्तफाबाद, गोकलपुरी, घोंडा, सीलमपुर, बाबरपुर, बुराड़ी, तिमारपुर

**भाजपा**
रोहताश नगर, करावल नगर।



मनोज तिवारी : भाजपा



कन्हैया कुमार : कांग्रेस-आप गठबंधन

### वर्ष 2019

कुल : 22,89,492
पुरुष : 12,52,189
महिला : 10,37,218
अन्य : 86




वर्ष 2019 में कुल मतदान और किसे कितने वोट
कुल मतदाता : 14,58,046 मत प्रतिशत : 63.68%

### वोटरों के विभाजन पर नजर टिकी

उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट पर इस बार दोनों पूर्वांचली चर्चित चेहरे हैं। यहां से मनोज तिवारी लगातार दो बार से सांसद हैं। उनकी अच्छी लोकप्रियता भी है, मगर कांग्रेस के कन्हैया कुमार भी बिहार के बेगूसराय से हैं और वह भी पूर्वांचल का चेहरा हैं। ऐसे में इलाके के जानकार मानते हैं कि पूर्वांचली मतदाताओं का वोट विभाजन भी इस चुनाव को रोचक बनाएगा। यहां कई विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पूर्वांचल के मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। दोनों नेता एक-दूसरे पर तीखा हमला बोल रहे हैं।

**2008**
में पहली बार वजूद में आया था दिल्ली में उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र

**2009**
में पहली बार चुनाव हुए और कांग्रेस उम्मीदवार ने जीत हासिल की

### फायदा और नुकसान

**भाजपा**

**फायदा :** यहां भाजपा का मजबूत संगठन है। पूर्वांचल और उत्तराखंड के मतदाताओं के साथ दंगों के बाद हुए ध्रुवीकरण का फायदा मिल सकता है। 2020 के विधानसभा चुनाव भाजपा इस लोकसभा क्षेत्र में तीन सीट जीत चुकी है।
**नुकसान :** भाजपा के यहां दो बार से जीत रही है। मौजूदा सांसद के खिलाफ कुछ विरोध के स्वर भी असर हैं। आप व कांग्रेस के साथ आने का नुकसान भी हो सकता है।

**इंडिया गठबंधन (आप-कांग्रेस)**

**फायदा :** कांग्रेस ने यहां युवा व तेज तर्रार नेता को उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। कन्हैया कुमार को लेकर यहां युवाओं में जोश है। वह पूर्वांचली मतदाताओं को लुभा सकते हैं।
**नुकसान :** कन्हैया कुमार पर पूर्व में लगे आरोप मुद्दा बन सकते हैं। जनता अगर उसे मानती है तो ध्रुवीकरण का नुकसान होगा। आप कार्यकर्ताओं की दूरी भी भारी पड़ सकती है।

### मतदाताओं ने कहा...



"सोनिया विहार पुश्ते को डबल और केंद्रीय स्कूल खोलने की बात कही थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस बार हमारे के लिए उम्मीदवार नहीं मुद्दा अहम है, जो वादा करेगा उसे वोट देंगे।
– **धर्मेंद्र गुप्ता,** कारोबारी, सोनिया विहार



"दो बार से यहां के लोग भाजपा को मौका दे रहे हैं, लेकिन काम के नाम पर कुछ खास नहीं हुआ है। अब भी क्षेत्र में जाम, टूटी सड़कें और जलभराव जैसी समस्याएं हैं।
– **सुरेश अग्रवाल,** कारोबारी, मौजपुर



"इलाके में सड़कों की हालत खराब है। बुराड़ी के मुख्य मार्ग पर जाम रहता है। यहां कई समस्याएं हैं, लेकिन सुनवाई कोई नहीं है। कोई भी उम्मीदवार महंगाई, विकास की बात ही नहीं कर रहा है।
– **प्रतिभा पाठक,** शिक्षिका, संत नगर

**ज्यादातर गलियों में तार का जाल**
स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र की ज्यादातर गलियों में तार का जाल फैला हुआ है। उनमें अक्सर स्पार्किंग होती रहती है और आग लगने का खतरा रहता है। इस ओर बिजली विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस समस्या का भी समाधान होना चाहिए।

# रजिस्ट्री करवाएं, आवारा कुत्तों से निजात दिलवाएं

**जनता के सुझाव**

■ अरुण चट्ठा

नई दिल्ली। जनता की तरफ से दिल्ली भाजपा को करीब 15 हजार सुझाव मिले हैं। लोगों ने उम्मीद जताई है कि पार्टी अपने चुनावी घोषणा पत्र में लावारिस कुत्तों की समस्या को दूर करने का सुझाव भी शामिल करेगी। साथ ही, अनधिकृत कॉलोनियों में रजिस्ट्री के दौरान होने वाली तकनीकी परेशानी जैसे प्रमुख मुद्दों पर काम करेगी।

इन सुझावों पर घोषणा पत्र कमेटी मंथन कर रही है। पार्टी का कहना है कि जनता के सुझावों को शामिल करते हुए मई के दूसरे सप्ताह तक चुनावी घोषणा पत्र जारी किया जाएगा।

पार्टी ने लोगों की तरफ से मिले सुझावों को 18 बिंदुओं में विभाजित किया है, जिनके आधार पर घोषणा पत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**प्रक्रिया आसान बनांए :** अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले करीब एक हजार लोगों ने रजिस्ट्री कराते वक्त आने वाले दिक्कतों को दूर करने का मुद्दा उठाया। लोग चाहते हैं कि रजिस्ट्री प्रक्रिया आसान हो, जिसको लेकर आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के माध्यम से भाजपा स्पष्ट नियम बनवाने की पहल करे। दिल्ली में कच्ची कॉलोनियां दो श्रेणियों में विभाजित हैं। कई ऐसी कॉलोनियां हैं, जहां रजिस्ट्री होती है, जबकि दूसरी जगह रजिस्ट्री नहीं होती। जिन कॉलोनियों में रजिस्ट्री नहीं होती है, उनमें सिर्फ पावर अटार्नी के माध्यम से संपत्तियों की खरीद-बिक्री होती है। वहीं, कुछ महीने पहले दिल्ली सरकार ने ऐसा नियम भी लगा दिया था कि जिन कच्ची कॉलोनियों में रजिस्ट्री हो रही हैं, उनमें नक्शा पास होना जरूरी है। इस फैसले के बाद रजिस्ट्री रुक गई थी।

हालांकि, बाद में आदेश पर रोक लगाई गई, लेकिन लोगों के मन में आशंका है कि फिर से इस तरह की व्यवस्था को लागू किया जा सकता है। इसलिए लोग भाजपा से चाहते हैं कि वह उनकी इस समस्या को चुनावी घोषणा पत्र के माध्यम से दूर करने का वादा करे।

**15** हजार सुझाव मिले हैं भाजपा को दिल्ली में

**18** बिंदुओं में विभाजित किया है पार्टी ने इन्हें

### कड़े नियम बनाए जाएं

लोगों की तरफ से पार्टी को भेजे गए सुझावों में लावारिस कुत्तों व पशुओं का मुद्दा भी उठाया गया है। खासकर, पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने सुझाव दिया है कि भाजपा केंद्र के माध्यम से इस मुद्दे पर कानून बनवाए। कुत्तों के पालने को लेकर कड़े नियम बनाए जाएं। इसी तरह लावारिस पशुओं की वजह से भी हादसे हो रहे हैं, उसको लेकर भी समुचित व्यवस्था की जाए।

### प्रदूषण और कानून व्यवस्था का मुद्दा उठा

पार्टी को मिले सुझावों में प्रदूषण, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा आदि मुद्दे भी शामिल हैं। युवाओं ने स्टार्टअप के तहत ज्यादा अनुदान देने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने का भी सुझाव दिया है। ट्रैफिक, हेल्थ, शिक्षा, सामुदायिक सुविधाएं विकसित किए जाने को लेकर भी लोगों ने मांग की है।

### हर वर्ग के सुझावों को शामिल करेंगे

पार्टी से जुड़े नेता बताते हैं कि चुनावी घोषणा पत्र तैयार करते वक्त हर वर्ग और हर क्षेत्र का ध्यान रखा जा रहा। पार्टी का मानना है कि अनधिकृत कॉलोनियों में रजिस्ट्री का मुद्दा दिल्ली के बाहरी इलाकों से आया है, जिनमें अधिक तक सामान्य आय वर्ग के लोग हैं। इसी तरह से, महिला सुरक्षा को लेकर महिलाओं ने पार्टी को अपने सुझाव भेजे हैं। यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि सभी वर्ग और क्षेत्रों से जुड़े लोगों के हिसाब से घोषणा पत्र तैयार हो।

# आप पार्षद के बगावती तेवर कायम

**मेयर-डिप्टी मेयर चुनाव**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली नगर निगम में महापौर और उप महापौर चुनाव में आम आदमी पार्टी के अंदर उठी बगावत शुक्रवार को फिर सामने आई। त्रिलोकपुरी के वार्ड नंबर 192 से आप पार्षद विजय कुमार ने विरोध में जाकर गुरुवार को उप महापौर पद पर नामांकन किया था। आप के शीर्ष नेताओं द्वारा मान मनौव्वल के बाद देर शाम विरोध की बातों से इनकार किया गया, लेकिन शुक्रवार को विजय कुमार ने फिर एक वीडियो जारी करके कहा, मेरे ऊपर दबाव न बनाया जाए। मैं पूरी मजबूती से चुनाव लड़ूंगा और जीत भी हासिल करूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा। मैं आप से निवेदन करता हूं कि मेरे ऊपर या मेरे परिवार पर कोई दबाव न बनाएं। ये मेरा निजी फैसला है।

### पार्टी को खत्म करने के लिए साजिश हो रही: आप

नई दिल्ली। विजय कुमार की बगावत पर आप ने कहा कि हम भाजपा नामक शक्ति से लड़ रहे हैं, वह आम आदमी पार्टी को अस्थिर करने के लिए सभी हथकंडे अपना रही है। भाजपा शासन के ऊपर नकारात्मक राजनीति को प्राथमिकता देती है, अरविंद केजरीवाल को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डालने और हमारी पार्टी को खत्म करने का हर संभव प्रयास कर रही है।

# सुरक्षा के लिए अफसरों की बैठक

नई दिल्ली, व.सं.। राजधानी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और सीमा पर निगरानी कड़ी करने के लिए गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था जोन टू) मधुप तिवारी के नेतृत्व में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पड़ोसी जिलों के पुलिस प्रमुखों के साथ लोकसभा चुनाव के वास्ते सुरक्षा-व्यवस्था के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बैठक की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करना था।

# दिल्ली में आठ हजार कार्यक्रम कराएगी भाजपा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। मतदाताओं तक पहुंचने के लिए दिल्ली भाजपा आठ हजार से अधिक नुक्कड़ नाटक व शो का आयोजन कराएगी। शुक्रवार से इसकी शुरुआत कर दी गई।

नुक्कड़ नाटक के पहले दिन प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित मीडिया ट्रायल शो को देखा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि नुक्कड नाटकों के साथ पपेट व मैजिक शो, कवि गोष्ठी, म्यूजिक बैंड भी प्रस्तुति देंगे। कुल दो तरह के कार्यक्रम होंगे, जिनमें एक तरफ केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता के बीच रखा जाएगा। दूसरी ओर दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को जनता के बीच रखा जाएगा।

### जन आशीर्वाद यात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा

दिल्ली में 25 मई को मतदान है। ऐसे में लोगों के बीच अपनी उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्रत्याशी और कार्यकर्ता अपने स्तर पर लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। पार्टी को अभी दिल्ली में प्रचार के लिए स्टार प्रचारक मिलने मुश्किल हैं, क्योंकि सभी बड़े नेता देश के दूसरे हिस्सों में प्रचार कर रहे हैं। ऐसे में अब प्रत्याशियों ने रोड शो के रूप में जन आशीर्वाद यात्राएं शुरू की हैं। शुक्रवार को चांदनी चौक से प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल की तरफ से जन आशीर्वाद यात्रा निकाली गई तो अन्य प्रत्याशी भी इस तरह की यात्राओं का आयोजन करने जा रहे हैं।



दिल्ली भाजपा ऑफिस में शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक करते कलाकार। पार्टी ने कलाकारों की163 टीम बनाई हैं। 23 मई तक 8 हजार से अधिक शो होंगे, जोकि बाजारों के साथ अनधिकृत कॉलोनियों, स्लम बस्तियों, गांवों पर फोकस होंगे। ● संजीव वर्मा

# मांग : शीर्ष अधिकारी को वक्फ बोर्ड से हटाएं

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) अश्विनी कुमार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक पद से हटाने की मांग की गई है। याचिका में उन पर वक्फ बोर्ड के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया गया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने मामले को 30 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड का प्रशासक धार्मिक समिति का अध्यक्ष भी है जिसने कई वक्फों को हटाने और ध्वस्त करने की सिफारिश की है। याचिका में कहा गया है कि किसी संगठन में प्रशासक की नियुक्ति संगठन के कल्याण और बेहतरी के लिए की जाती है और ऐसे व्यक्ति को उस संगठन के हितों की रक्षा करनी होती है। हालांकि वर्तमान मामले में दिल्ली वक्फ बोर्ड का प्रशासक पूरी तरह से वक्फ संपत्तियों के खिलाफ काम कर रहा है।

# महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। लोकसभा चुनाव में दिल्ली कांग्रेस महंगाई और बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाएगी। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में दिल्ली की सातों सीटों पर पार्टी के न्याय घोषणापत्र को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने बैठक में कहा कि सत्ता में आने से पहले भाजपा बढ़ती महंगाई का नारा लगाती थी, लेकिन, सच्चाई यह है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पेट्रोल-डीजल के दाम आजादी के बाद सबसे ऊंचाई पर हैं। सरकार ने आटा, दाल, छाछ, पनीर हर चीज पर जीएसटी लगा दिया है। हीरा खरीदने पर तो केवल तीन प्रतिशत जीएसटी लगता है। लेकिन, बच्चों की पढ़ाई के लिए कॉपी-पेंसिल पर 18 फीसदी जीएसटी लगाते हैं। लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी देश के गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए कांग्रेस की गारंटियां लागू करेगी। पार्टी महासचिव और दिल्ली प्रभारी दीपक बावरिया ने कहा कि पिछले दस वर्षो से लोग तानाशाही माहौल, रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी और महंगाई से परेशान हैं। पूर्व दिल्ली अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ना है। जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करना होगा।

### कन्हैया कुमार कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे

उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार कन्हैया कुमार दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के दफ्तर पहुंचे। दिल्ली से बाहर होने के चलते अभी तक वे स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क नहीं कर सके थे। शुक्रवार को हुई बैठक में वे भी शामिल रहे। इस दौरान लोकसभा सीट के महत्वपूर्ण नेताओं के साथ बैठक भी की गई।

**चिंता** | पहले चरण में कम हुई वोटिंग ने परेशानी बढ़ाई, उम्मीदवारों के साथ निर्वाचन अधिकारी भी लोगों को जागरूक करने में जुटे

# मई की गर्मी में मतदान, प्रत्याशियों के पसीने छूट रहे

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। पहले चरण के मतदान के साथ ही आशंका जताई जाने लगी है कि जैसे-जैसे मतदान अगले चरणों की तरफ बढ़ेगा, मत प्रतिशत पर असर देखने को मिल सकता है। इसे लेकर दिल्ली में प्रत्याशी भी चिंतित हैं। उन्हें लग रहा है कि कहीं मतदाता गर्मियों की छुट्टी में बाहर न चले जाएं। या फिर भीषण गर्मी के कारण वोट देने ही निकलें।

इसे देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूल, कॉलेज, आरडब्ल्यूए, सोसायटी, एनजीओ और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर मतदान बढ़ाने पर काम करें। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए कि वे मतदान के दिन छुट्टी पर शहर से बाहर न जाएं।

### 25 मई को दिल्ली में वोटिंग

दिल्ली में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान है। इस वक्त तक बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां हो चुकी होंगी। वहीं, इस बार शनिवार के दिन मतदान है, जिसके चलते यह आशंका बनी हुई है कि लोग छुट्टियां मनाने के लिए बाहर न निकल जाएं।

पहले मतदान करें और उसके बाद जलपान करें। दिल्ली में बीते हफ्ते से हर जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिलों में जागरूकता के अभियान चला रहे हैं। स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, तो सोसायटियों में वरिष्ठ नागरिकों के साथ गोष्ठी कर उन्हें मतदान करने और बाकी लोगों को मतदान कराने के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया जा रहा है।



दिल्ली में शुक्रवार को पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया। इस दौरान कर्तव्य पथ पर लोगों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ी। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, इससे तापमान में फर्क नहीं पड़ेगा। ● सलमान अली


हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का

हिन्दुस्तान
चुनावी चतुर QUIZ

रोज खेलें, रोज जीतें!

रोजाना खेलें और हर दिन ₹3000 तक के Amazon वाउचर और मेगा प्राइज के रूप में एक iPhone15 जीतने का मौका पाएं।




आज का पहला सवाल?
EVM का पूरा नाम क्या है?
A. इलेक्शन वोटिंग मशीन
B. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मॉड्यूल

पूरी Quiz के लिए QR कोड स्कैन करें

क्विज एच.टी. डिजिटल स्ट्रीम्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है

www.LiveHindustan.com | Livehindustannews | Live_hindustan

*नियम और शर्तें लागू

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
20 अप्रैल 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण




कोटला में ऋषभ पंत पर रहेगी सभी की निगाह P-16

परमाणु केंद्रों के शहर इस्फहान को निशाना बनाया

# इजरायल का ईरान पर जवाबी हमला

**यरुशलम, एजेंसी।** ईरान की ओर से किए गए हमले के छठे दिन शुक्रवार को इजरायल ने पलटवार किया। उसने ईरान के इस्फहान शहर पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। ईरान ने तत्काल कई उड़ानें रद्द कर दीं और परमाणु केंद्रों के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। इजरायल ने ईरान के अलावा सीरिया और इराक पर भी गोले दागे।

इजरायल ने यह हमला ईरानी सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के 85वें जन्मदिन पर सुबह छह बजे किया। ईरानी अधिकारियों ने इस्फहान हवाई अड्डे, 8वीं शेखरी सेना के एयरपोर्ट और कहजावरेस्तान के पास तीन धमाकों की बात कही है, मगर मिसाइल हमलों की पुष्टि नहीं की। इस्फहान शहर बड़े हवाई अड्डे, प्रमुख मिसाइल उत्पादन केंद्र और परमाणु स्थलों का घर है।


अमेरिकी मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि वाशिंगटन को इजरायल के कथित हमले की अग्रिम सूचना मिली थी। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इन मीडिया रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी आक्रामक अभियान में शामिल नहीं है। उधर, इजरायल ने हमलों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की। हालांकि, इजरायली सूत्रों ने बताया कि इजरायल का पलटवार ईरानी हमलों के जवाब में है।

**ईरान ने भी नकारा :** ईरान ने इजरायली हमले की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया। इस्फहान में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जनरल सियावाश मियांदोस्त ने बताया कि ईरान किसी भी जवाबी कार्रवाई की तैयारी नहीं कर रहा है।

हालांकि, ईरान की अंतरिक्ष एजेंसी के प्रवक्ता होसैन डेलिरियन ने कहा कि छोटे ड्रोन से हमला किया गया था। वायु रक्षा प्रणाली ने तीनों को मार गिराया। संभवतः यह हमला ईरान के अंदर से ही किया गया था, क्योंकि रडार सिस्टम पर किसी अज्ञात विमान को ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसते नहीं देखा गया। उन्होंने बताया कि इस्फहान में परमाणु सुविधाएं सुरक्षित हैं। संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानीकर्ता ने ईरान की परमाणु साइटों को नुकसान नहीं होने की पुष्टि की। तनाव बढ़ा P17

**22** लाख लोग इस्फहान में रहते हैं, ईरान का तीसरा सबसे बड़ा शहर

**03** ड्रोन को मार गिराने की पुष्टि ईरान ने की




### सीरिया, इराक पर निशाना

इजरायल ने सीरिया और इराक में भी मिसाइल हमले किए। सीरियाई मीडिया के मुताबिक, दक्षिणी सीरिया के अस-सुवेदा और दारा प्रांतों में सेना से जुड़े स्थलों को निशाना बनाया। वहीं, इराक के बगदाद एवं बाबिल गवर्नरेट में विस्फोटों की आवाज सुनी गई है। स्थानीय लोगों ने भी इसकी पुष्टि की।

### तेल अवीव की उड़ानें रद्द

एयर इंडिया ने पश्चिम एशिया में तनाव के बीच इजराइल के तेल अवीव के लिए आने-जाने वाली उड़ानें 30 अप्रैल तक निलंबित कर दी हैं। एयरलाइन ऐसे यात्रियों को पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एकमुश्त छूट देगी, जिन्होंने इस अवधि के दौरान तेल अवीव की यात्रा के लिए बुकिंग की है।

## दिल्ली विधानसभा सचिव निलंबित

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली विधानसभा के सचिव और दानिक्स अधिकारी राजकुमार को निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई रानी झांसी फ्लाईओवर निर्माण के दौरान अधिग्रहित जमीन में अनियमितता की जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर की है।

कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में राजकुमार पर कार्रवाई के साथ जुर्माना लगाने की सिफारिश की थी। यह रिपोर्ट बीते साल अगस्त में दी गई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उस रिपोर्ट को आधार पर अब राजकुमार को निलंबित कर दिया। फिलहाल वह दिल्ली विधानसभा में सचिव हैं। आरोप है कि जब वह जमीन अधिग्रहण कलेक्टर थे, तब मुआवजे को लेकर गड़बड़ी की थी।

# सीएम की थाली पर सोमवार को फैसला

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** कथित आबकारी घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन देने और डॉक्टर से परामर्श लेने के आवेदन पर शुक्रवार को बहस हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इस मामले में 22 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया।


सुनवाई के दौरान तिहाड़ जेल प्रशासन ने अदालत में रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें केजरीवाल द्वारा एक अप्रैल को डॉक्टर द्वारा निर्धारित भोजन न करने का आरोप लगाया गया। इन आरोपों को केजरीवाल की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने खारिज कर दिया। उन्होंने ईडी पर मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तिहाड़ प्रशासन को शनिवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

वहीं, सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा कि कुछ अपवादों को छोड़कर केजरीवाल ने जो भी भोजन खाया, वह उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए आहार चार्ट के अनुरूप था। ईडी ने गुरुवार को अदालत के समक्ष दावा किया था कि मेडिकल जमानत के लिए आधार बनाने को टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद केजरीवाल हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले भोजन खा रहे थे। इन आरोपों पर सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल जमानत पाने के लिए पक्षाघात का जोखिम क्यों उठाएंगे। सिंघवी ने कहा कि यह भी आरोप है कि मुख्यमंत्री आम खा रहे हैं, मगर घर से 48 बार भेजे गए भोजन में से केवल तीन बार आम थे। 8 अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया है। वह अपनी चाय में केवल शुगर फ्री का उपयोग करते हैं। इतने दिनों में केवल एक बार उनके लिए नवरात्रि के प्रसाद के तौर आलू पूरी भेजी गई थी। इंसुलिन लेने से रोक रहे P05

**22** अप्रैल तक के लिए कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा

**50** मिनट तक अदालत में दोनों पक्षों ने दलीलें पेश कीं

### दलील: आम आदमी आम नहीं तो क्या मशरूम खाएगा



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आम खाने पर मीडिया कवरेज और विवाद को लेकर अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने तंज करते हुए कहा कि आम आदमी आम नहीं खाएगा तो क्या मशरूम खाएगा। इसके बाद उन्होंने तिहाड़ जेल प्रशासन पर भी सवाल उठाए।

## पूनिया, सुजीत दुबई की बाढ़ के चलते बड़े मुकाबले से चूके

**नई दिल्ली।** दुबई में भारी बारिश और बाढ़ के कारण बिश्केक में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय कुश्ती दल को करारा झटका लगा। देश के दो सर्वश्रेष्ठ पहलवान दीपक पूनिया (86 किलो) और सुजीत कलाकल (65 किलो) समय पर नहीं पहुंच पाने से टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे।

दरअसल, दुबई में खराब मौसम के कारण उनकी फ्लाइट देर से बिश्केक पहुंची। भारी बारिश और बाढ़ के कारण दोनों पहलवान दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे रहे और वजन कराने के समय पर नहीं पहुंच सके।

**अनुमति नहीं दी :** सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोच के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। यह दोनों पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने बिश्केक पहुंचे, जबकि दुबई से जाने वाली अधिकांश उड़ानें हवाई अड्डे पर पानी भरा होने के कारण या तो रद्द हो गई या देर से पहुंचीं। रूसी कोच कमाल मालिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ दोनों पहलवान जमीन पर सोये और दुबई हवाई अड्डे पर बाढ़ के कारण भोजन उपलब्ध नहीं होने की वजह से भूखे भी रहे। ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर मई में तुर्की में होगा। ओलंपिक टिकट नहीं P16

### एयर इंडिया ने दुबई के लिए सभी उड़ानें रोकीं


एयर इंडिया ने रविवार तक दुबई जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में भीषण बाढ़ के बाद एयर इंडिया ने बुधवार को वहां के लिए उड़ानें निलंबित कर दी थीं। ब्योरा P17

## पतंजलि योग शिविरों के शुल्क पर देना होगा सेवा कर: कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। अदालत ने अपीलीय न्यायाधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने पर सेवा कर का भुगतान करने को कहा गया था।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के पांच अक्तूबर, 2023 के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने ट्रस्ट की अपील खारिज करते हुए कहा कि न्यायाधिकरण के आदेश की समीक्षा करने का कोई कारण नहीं है। दरअसल, सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है। लिहाजा यह 'स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा' की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा।

**यह था मामला :** सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने अक्तूबर, 2006 से मार्च, 2011 के लिए जुर्माना और ब्याज सहित लगभग 4.5 करोड़ रुपये के सेवा कर की पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से मांग की थी। इसके जवाब में ट्रस्ट ने दलील दी थी कि वह ऐसी सेवाएं प्रदान कर रहा है, जो बीमारियों के इलाज के लिए है। ये सेवाएं 'स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा' के तहत कर-योग्य नहीं हैं।



### 'स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें'

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रामदेव के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को लेकर बिहार व छत्तीसगढ़ सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। शीर्ष कोर्ट ने रामदेव के वकील से मामले में राहत पाने के लिए शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने को कहा। रामदेव ने कोरोना काल में एलोपैथिक दवाओं पर टिप्पणी की थी। रामदेव ने उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है।




www.manavrachna.edu.in

MANAV RACHNA Vidyanatariksha

MANAV RACHNA EDUCATIONAL INSTITUTIONS
WHERE SUSTAINABILITY DRIVES GLOBALITY

NAAC A++ ACCREDITED — First Private University in Delhi-NCR with this recognition
QS I-GAUGE DIAMOND — QS I-Gauge Overall Diamond Rated
UGC Category 1 Deemed-to-be-University
Ranked in the Prestigious QS World University Rankings for South Asia
QS Overall 4-Star Rated & 5-Star Rated across various categories
NABH — Among the only 9 Private Dental Colleges with NABH Accreditation
nirf — India Rankings 2023: Among the Top 4 Private Universities of Haryana
THE IMPACT RANKINGS 2023 — Ranked among the top universities globally for impact on UN SDG's

APPLICATIONS INVITED FOR ACADEMIC SESSION 2024-25
MRNAT '24
27 APRIL, 2024
OVER 100 UG & PG PROGRAMS TO CHOOSE FROM

25+ Centres of Excellence with Industry Partners
Choice-Based Credit System
Dual Degrees & International Pathway Programs

SCHOLARSHIPS* AVAILABLE UNDER MERIT & SPECIAL CATEGORIES
100% ASSURED PLACEMENT ASSISTANCE

39,000+ ALUMNI IMPRINTS, GLOBALLY
60+ COUNTRIES WITH FOOTPRINTS OF MRITES
100+ GLOBAL ACADEMIC COLLABORATIONS
80+ ALUMNI & CAMPUS START UPS
60LPA HIGHEST CTC OFFERED

In a world of endless possibilities
CHASE YOUR CHOICE

MANAV RACHNA INTERNATIONAL INSTITUTE OF RESEARCH AND STUDIES
'Deemed to be University' under Section 3 of the UGC Act, 1956

MANAV RACHNA UNIVERSITY
Declared as State Private University under section 2f of the UGC Act, 1956

MANAV RACHNA DENTAL COLLEGE
A Constituent Institution of MRIIRS (Deemed to be University) Recognized by DCI, Ministry of Health & Family Welfare (GOI)

TOP-TIER INDUSTRY PARTNERS
Microsoft | intel | DAIKIN | HCL | Xebia | MITSUBISHI ELECTRIC Knowledge Partner | HONDA | SONY | Quick Heal | CROWNE PLAZA | ALTAIR | aws | IOA Institute of Analytics | E1 | TrueChip

ENGINEERING & TECHNOLOGY | MANAGEMENT | BEHAVIOURAL & SOCIAL SCIENCES | ALLIED HEALTH SCIENCES | COMPUTER APPLICATIONS
MEDIA STUDIES & HUMANITIES | COMMERCE | DESIGN | CULINARY & HOTEL MANAGEMENT | DENTAL SCIENCES | LAW | APPLIED SCIENCES | EDUCATION

0129-4259000
MREI Campus: Sector-43, Delhi-Surajkund Road, Faridabad,
City Office: 1007, KLJ Tower (North), NSP, Pitampura, New Delhi. Ph.: 011-44110500

SCAN TO APPLY

### यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टरों में इकाई लगाने को मंजूरी

# एयरपोर्ट शुरू होने से पहले उद्योगों को रफ्तार मिलेगी

अच्छी खबर

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान से पहले यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में उद्योगों को भी रफ्तार मिलेगी। प्राधिकरण ने उद्यमियों को यमुना सिटी के छह औद्योगिक सेक्टरों में इकाई विकसित करने की अनुमति दे दी है।

प्राधिकरण इन सेक्टरों में बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य ढांचागत सुविधाएं विकसित कर चुका है। यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यमुना सिटी के सेक्टर-28, 29, 32 और 33 औद्योगिक सेक्टर के रूप में विकसित किए जाने हैं। वहीं, सेक्टर-24 और 24ए में मिश्रित भूमि रहेगी। प्राधिकरण की ओर से लंबे समय से इन सेक्टरों में सड़कों का निर्माण, बिजली की लाइन बिछाने समेत पानी की पाइपलाइन और पार्कों को विकसित किए जाने का कार्य चल रहा था।

इन सेक्टरों में ढांचागत मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। इन सभी सेक्टरों में औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए प्राधिकरण की ओर से विभिन्न क्षेत्रफल के 3041 भूखंड आवंटित किए गए हैं। जिनमें से 1934 भूखंडों की उद्यमियों को चेकलिस्ट जारी कर दी गई हैं, यानी इन भूखंडों पर इकाइयों का निर्माण शुरू करने की अनुमति दे दी गई हैं।

अब तक1041 भूखंडों का बैनामा हो चुका हैं। सितंबर के अंतिम सप्ताह में एयरपोर्ट से उड़ान प्रस्तावित हैं, ऐसे में यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टरों को विकसित करने का कार्य अब और तेज कर दिया गया है।




#### छह संगठनों के साथ मंथन

प्राधिकरण अधिकारियों ने टॉय पार्क, अपेरल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, हस्तशिल्प, नोएडा एंटरप्रीन्योर एसोसिएशन, एसएसएमई संगठनों के साथ दो दिनों तक बैठक की। उन्हें सेक्टरों में विकसित सुविधाओं के बारे में बताया और यमुना सिटी में उद्योग को रफ्तार देने के आदेश दिए। उद्यमियों की आपत्तियां सुनकर आवंटित भूंखडों के बारे में जानकारी दी। चेक लिस्ट जारी वाले उद्यमियों को वहां पर निर्माण शुरू करने की अनुमति दी।

#### टॉय पार्क को गति मिलेगी

यमुना सिटी में विकसित होने वाले टॉय, अपेरल और डाटा सेंटर व मेडिकल डिवाइस पार्क को भी गति मिलेगी। इन्हें विकसित करने के लिए पूर्व में ही कंपनियां आवेदन कर चुकी हैं। सेक्टर-33 में टॉय पार्क विकसित किया जाना है। सेक्टर-28 में डाटा सेंटर,मेडिकल डिवाइस पार्क रहेगा। निवेश बढ़ाने को प्राधिकरण की टीम जापान के टोक्यो में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंची है। वहीं, सेक्टर-29 में अपेरल पार्क प्रस्तावित है।

> उद्यमियों को सेक्टरों में औद्योगिक इकाई के निर्माण की अनुमति दे दी गई है। इसको लेकर अलग-अलग संगठनों के साथ बैठक की जा चुकी है। एयरपोर्ट शुरू होने से पहले यमुना सिटी में उद्योग रफ्तार पकड़ेगा। -कपिल सिंह, प्रभारी सीईओ यमुना प्राधिकरण

### हादसे में दिल्ली के दो युवकों की मौत

नोएडा। डीएनडी के पास गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में युवती समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान दिल्ली के दो युवकों की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, हरियाणा नंबर की कार नोएडा की तरफ आ रही थी। कार में दिल्ली के जनकपुरी निवासी सिद्धार्थ, रजत, प्राकांशिका और चिराग बैठे थे। कार जैसे ही रात डेढ़ बजे नोएडा पहुंची तो फिल्म सिटी के लिए उतरने वाले रास्ते के निकट डिवाइडर से टकरा गई। एयरबैग खुलने के बावजूद चारों घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां प्रापर्टी डीलर सिद्धार्थ और अधिवक्ता चिराग ने दम तोड़ दिया।

## मैराथन को लेकर सोहना फ्लाईओवर आज रात बंद

ट्रैफिक अपडेट

**गुरुग्राम, वरिष्ठ संवाददाता।** जिले में शनिवार को पहली बार रात में हो रही मैराथन को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को एडवाइजरी जारी कर दी। शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह चार बजे तक सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवार का एक हिस्सा बंद रहेगा।

मैराथन के दौरान राजीव चौक और सुभाष चौक अंडरपास से घामडौज की ओर जाने वाले लोग सर्विस रोड से जा सकेंगे। दिल्ली से आने वाले वाहन चालक भी यहीं से गुजरेंगे, इससे गंतव्य तक पहुंचने में समय लग सकता है।

### लोनी में कल बदले मार्ग से वाहन चलेंगे

**गाजियाबाद।** लोनी कस्बे में निकलने वाली हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के कारण रविवार सुबह नौ बजे से वाहन बदले हुए रास्तों से चलेंगे। शोभायात्रा की समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा।

एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि लोग वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें। गोलचक्कर दिल्ली से लोनी की ओर सभी तरह के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वाहन गोलचक्कर दिल्ली से तुलसी निकेतन, भोपुरा तिराहा होते हुए गंतव्य को जाएंगे।

### अवैध हथियारों की फैक्टरी का खुलासा

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर ईकोटेक-1 पुलिस और स्वाट टीम ने अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टेकजोन-1 स्थित बंद कंपनी में यह फैक्टरी चल रही थी। पुलिस ने फैक्टरी से 24 तमंचे और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों के तार पंखिया गिरोह से जुड़े हैं।

ग्रेनो एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि सूचना पर टीम ने टेकजोन-1 स्थित बंद कंपनी में छापेमारी की। यहां बिल्डिंग के बेसमेंट में तमंचा बनाने की फैक्टरी चलती मिली। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जुबेर और मसील निवासी दादरी के रूप में हुई। बदमाशों ने बताया कि वे फतेहगढ़ और शाहजहांपुर के पंखिया गिरोह को हथियार सप्लाई करते हैं।

## गिरोह एक महीने में 100 करोड़ की ड्रग्स बनाता था

फॉलोअप 1

**ग्रेटर नोएडा, संवाददाता।** सेक्टर ओमिक्रोन-1 में ड्रग्स फैक्टरी चलाने वाले नाइजीरियाई नागरिक एक महीने में लगभग 100 करोड़ रुपये की ड्रग्स तैयार करते थे। विदेशी गिरोह ड्रग्स बनाने के लिए कच्चा माल और उपकरण ऑनलाइन डिलिवरी और अन्य माध्यमों से मंगवाता था।

पुलिस टीम ने किराये के मकान में चल रही ड्रग्स की फैक्टरी पकड़ी थी। मामले में चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 100 करोड़ रुपये की 26 किलो ड्रग्स जब्त की गई थी। गाजियाबाद फॉरेंसिक लैब में इसके नमूनों की हुई जांच में यह सौ फीसदी असली पाए गए। दूसरी ओर, जिस मकान में ड्रग्स की फैक्टरी चल रही थी, वह बुलंदशहर की रहने वाली शिक्षिका का है। पुलिस ने घर को सील कर दिया है। सेक्टर ईकोटेक वन कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि महिला शिक्षिका को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। महिला ने फोन पर बताया कि कि उसने विदेशी महिलाओं को 23 हजार रुपये महीने किराये पर मकान रहने के लिए दिया था, ड्रग्स बनाने को लेकर उन्हें कुछ नहीं मालूम।

## सलमान केस: लॉरेंस के नाम से कैब बुक करने वाला धरा

फॉलोअप 2

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने कविनगर के गोविंदपुरम से एक युवक को गिरफ्तार किया है। फायरिंग की घटना के बाद उसने झूठी (प्रैंक) कॉल कर कैब बुक की थी। युवक ने कैब चालक को कहा था कि सलमान के घर के बाहर से लॉरेंस बिश्नोई को लेकर जाना है।

मामले की जांच के दौरान मुंबई पुलिस को एक कैब चालक सलमान खान के घर के बाहर मिला। पूछने पर चालक ने बताया कि लॉरेंस बिश्नोई के नाम से कैब बुक की गई है। मोबाइल नंबर की लोकेशन गाजियाबाद की निकली। लोकेशन के आधार पर मुंबई पुलिस गोविंदपुरम पहुंची और केशव कुंज में रहने वाले रोहित त्यागी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, रोहित सलमान खान का प्रशंसक है। सलमान खान के घर फायरिंग की घटना से क्षुब्ध होकर उसने लॉरेंस बिश्नोई को सबक सिखाने के लिए प्रैंक कॉल की थी। रोहित ने बीबीए तक पढ़ाई की है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मुंबई पुलिस रोहित त्यागी को अपने साथ ले गई है।

एनसीआर 30s

### अगवा कर बच्ची की पत्थर से कूच कर हत्या

मुरादनगर। मुरादनगर के एक गांव में शुक्रवार को चार साल की बच्ची को अगवा करने के बाद पत्थर से कूच कर उसकी हत्या कर दी गई। शव खंडहरनुमा मकान में मिला। बच्ची के साथ दुष्कर्म की भी आशंका है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया।

### गुरुग्राम में अवैध रूप से बना देसी मॉल सील

गुरुग्राम। सुशांत लोक-2 में अवैध तरीके से बने देसी मॉल को नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने शुक्रवार को सील कर दिया। इसे पिछले साल भी सील किया गया था, लेकिन शपथपत्र देने के बावजूद व्यावसायिक गतिविधियां जारी थीं।

### शिविर में रोहिंग्या बच्ची से दुष्कर्म

नूंह। जिले में चाकू दिखाकर एक 10 वर्षीय रोहिंग्या बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता माता-पिता के साथ शरणार्थी शिविर में रहती है। 12 अप्रैल की शाम हैवानियत हुई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### ग्रेनो मेट्रो रविवार को सुबह छह बजे चलेगी

नोएडा। नोएडा-ग्रेनो में 21 अप्रैल को यूपीएससी, सीडीएस और एनडीए की परीक्षाएं होनी हैं। इसे देखते हुए नोएडा-ग्रेनो के बीच रविवार को सुबह छह बजे से मेट्रो चलेगी। परीक्षार्थियों को हर 15 मिनट पर मेट्रो मिलेगी।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली ई-निविदा सूचना
प्रशासनिक कारण के कारण एन आई टी संख्या 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-ला.-यू.टी.वी.-01-24-25 को रद्द कर दिया गया है। जिसे 07.05.2024 को खोला जाना है। काम के नाम और डिटेल्स नीचे दिये गए हैं:-
1. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएमडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001, 2002, 2004, 3061 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच। 2. काम की अनुमानित लागत : रुपये 2,38,90,909.88
सं.: 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-ला.-यू.टी.वी.-01-24-25 दिनांक: 19.04.2024 1177/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16233634C | टेपरड रोलर बेअरिंग | 153 सेट | 14-05-24 |
| 02 | 16240382 | पार्किंग ब्रेक सिलिंडर | 230 नग | 16-05-24 |
| 03 | 08245128 | प्रोक्योरमेंट ऑफ़ बी पी ए सी | 62 सेट | 21-05-24 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 05/2024-2025 दिनांक : 19.04.2024 1175/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
'एक स्टेशन एक उत्पाद'
योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।
क) स्टॉलः हज़रत निज़ामुद्दीन, समालखा, सोनीपत और गन्नौर स्टेशनों पर।
ख) ट्राली : जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, बादली, पालम, दिल्ली सफरदजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, टपरी और जुलाना स्टेशनों पर।
• मेरठ कैंट, सब्जी मंडी, बहादुरगढ़ और पलवल स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
• NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम और गन्नौर), NSG 5 (जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, टपरी, जुलाना, समालखा, बादली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफरदजंग) & NSG 6 (परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:-
क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 26.04.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
• एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 1180/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| | |
|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान : दिल्ली-गाज़ियाबाद खंड के पुल संख्या 249 (12x61.0 मी.) के नार्थ एवं साउथ लाइन पर पेंटिंग के कार्य का प्रावधान। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत : रु. 2,88,89,654.66 |
| 3 | धरोहर राशि : रु. 2,94,500/- |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 (छह) महीने |
| 5 | निविदा जमा करने व खुलने का समय : दिनांक 10.05.2024 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात। |
| 6 | वेबसाइट का विवरण जहां निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है: उपरोक्त निविदा प्रपत्र आई.आर.पी.एस. की साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

सं.: 32-W-BR-NO-249-DLI-GZB दिनांक: 16.04.2024 1173/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 Cr. P.C देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चाँदनी** निवासी बी-3/963, 12.5 गज, रघुवीर नगर, दिल्ली ने **सीआर केस संख्या 71842/2016 और प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 737/2014 धारा 354 भा.द.स** थाना ख्याला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **चाँदनी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **चाँदनी** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **चाँदनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री शिवली तलवार,
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट महिला कोर्ट-01,
पश्चिम जिला, कमरा नं. 358, तृतीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4157/WD/2024
(Court Notice)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल दुबे, पुत्रः** श्रीराम दुबे, **पताः** मकान नं. 7/303, त्रिलोक पुरी, दिल्ली ने **FIR No. 1459/2014, U/s 420/467/468/471/511 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल दुबे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल दुबे** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1459/2014, U/s 420/467/468/471/511 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल दुबे** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री मिलन गोयल
महानगर दण्डाधिकारी-02
पश्चिम जिला, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4397/WD/2024-
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P. C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक कुमार पुत्र शंकर लाल** निवासी 1197, जनता फ्लैट्स GTB नगर, दिल्ली ने **FIR. No. 190/18 dt.05.06.2018 U/s 354/354B/323/506 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **GTB एन्क्लेव,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अशोक कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अशोक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 190/18 dt.05.06.2018 U/s 354/354B/323/506 IPC.,** थानाः **GTB एन्क्लेव,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
इसरा जैदी, MM,
महिला कोर्ट नंबर 2, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/4219/SHD/2024

## अपना देश

### ओटीटी पर प्रतिबंध के लिए सरकार के पास जाएं : कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने ओटीटी मंचों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाले याचिककर्ता से शुक्रवार को कहा कि वह इस संबंध में सरकार के समक्ष अभ्यावेदन दे।

याचिकाकर्ता का दावा है कि ओटीटी मंचों पर नग्नता और अनुचित दृश्य दिखाए जाते हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सवाल उठाया गया है कि क्या ओटीटी मंचों को बिना किसी रोक के ऐसी सामग्री प्रसारित करने या दिखाने की अनुमति दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए उपयुक्त नहीं है।

## सहूलियत: गर्मी में रेलवे नौ हजार स्पेशल ट्रेन चलाएगा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** रेलवे बोर्ड ने गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए देशभर में 9111 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। गत वर्ष इस दौरान 6369 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं। इसका कारण लोकसभा चुनाव को भी माना जा रहा है। माना जा रहा है कि चुनाव में मतदान के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घर जा सकते हैं।

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हर साल गर्मी की छुट्टियों में यात्रियो की भीड़ बढ़ जाती है, इसलिए रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती हैं। नियमित ट्रेनों में पहले से वेटिंग लिस्ट होने के कारण स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल सकेगी। विभिन्न जोनल रेलवे ने संभावित भीड़ के मद्देनजर देशभर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई है। जोनल रेलवे दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों से यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनें चला रहा है।



मतदान के लिए भी बड़ी संख्या में लोग जाएंगे अपने घर

### वरिष्ठ आईपीएस नलिन एनएसजी प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएस के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को देश की आतंकवाद निरोधक इकाई राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

प्रभात आंध्र प्रदेश कॉडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में सीआरपीएफ में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 31 अगस्त 2028 यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक की अवधि के लिए एनएसजी के महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

## विज्ञान महाशक्ति बन सकता है भारत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारत आर्थिक शक्ति होने के साथ ही विज्ञान महाशक्ति भी बन सकता है। 'नेचर' ने अपने संपादकीय में कहा है कि जीडीपी का महज 0.64 फीसदी खर्च करके भारत अंतरिक्ष में बड़ों-बडों की बराबरी कर रहा है, इसलिए और अधिक निवेश से वह महाशक्ति के रूप में उभर सकता है।

संपादकीय में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा देश में बुनियादी अनुसंधान की उपेक्षा की गई। संपादकीय में कहा गया है कि भारत में इस बात की पूरी संभावना है कि एनडीए तीसरी बार सत्ता में आएगा। वह दशक के आखिर तक भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में सफल होगा। इसके अनुसार, विज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान प्रणाली को अधिक स्वायत्तता की जरूरत है। सरकार व्यवसायों को अधिक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करके विज्ञान व्यय को बढ़ा सकती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में भारत मात्रा के हिसाब से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा दवा उद्योग था और सस्ती दवाओं और जेनेरिक दवाओं का अग्रणी आपूर्तिकर्ता था।

**विज्ञान के क्षेत्र में खर्च 57.9 अरब डॉलर रहा :** पिछले महीने प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में 38 उच्च आय वाले देशों का औसत आर एंड डी व्यय लगभग 2.7 फीसदी था, जबकि चीन ने 2.4 फीसदी खर्च किया। डीएसटी के अनुसार पूर्ण रूप से क्रय शक्ति समानता (पीपीपी) के लिए समायोजित भारत का विज्ञान खर्च 2014-15 में 50.3 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2020-21 में 57.9 अरब डॉलर हो गया। पीपीपी विभिन्न देशों में किसी मुद्रा की क्रय शक्ति का माप है। वर्ष 1991 में आर्थिक सुधार लागू होने के बाद आर एंड डी खर्च में भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ी, जो 2009-10 में सकल घरेलू उत्पाद के 0.82% पर पहुंच गई थी।

#### अनुसंधान-उत्पादन में दुनिया में तीसरे नंबर पर

आंकड़ों की मानें तो संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद अनुसंधान और उत्पादन के मामले में भारत दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। वर्ष 2014 से 2021 तक विश्वविद्यालयों की संख्या 760 से बढ़कर 1113 हो गई। पिछले दशक में 7 और आईआईटी स्थापित किए गए। ये लाभ उस देश द्वारा हासिल किए गए, जिसने 2020-21 के दौरान अनुसंधान और विकास पर जीडीपी का केवल 0.64% खर्च किया।



नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (NEST) 2024
राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NISER), भुवनेश्वर एवं मुंबई विश्वविद्यालय - परमाणु ऊर्जा विभाग मौलिक विज्ञान प्रकर्ष केन्द्र (UM-DAE CEBS), मुंबई में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भौतिक विज्ञान में 5 वर्षीय एकीकृत एमएससी कार्यक्रमों में प्रवेश
(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान)
राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NISER), भुवनेश्वर एवं मुंबई विश्वविद्यालय - परमाणु ऊर्जा विभाग मौलिक विज्ञान प्रकर्ष केन्द्र (UM-DAE CEBS), मुंबई में 5 वर्ष के एकीकृत एमएससी प्रोग्राम जिसमे सामान्य विज्ञान - जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं भौतिक विज्ञान है, में दाख़िला के लिए नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (NEST) एक अनिवार्य टेस्ट है। एनईएसटी (NEST) 2024 सम्पूर्ण भारत में लगभग 120 नगर एवं शहरों में 30 जून 2024 (रविवार) को आयोजित किया जा रहा है।
इस प्रोग्राम में चयनित उम्मीदवारों को दिशा (DISHA) स्कॉलरशिप (परमाणु ऊर्जा विभाग,भारत सरकार द्वारा प्रायोजित) के अंतर्गत ₹60,000 (वार्षिक) एवं समर ईनटर्नशिप के लिए ₹20,000 (वार्षिक) का प्रावधान है। DST, INSPIRE - SHE के तहत चयनित अभ्यर्थियों को NISER एवं CEBS में (INSPIRE) स्कॉलरशिप के लिए योग्य माना जायेगा।
एनईएसटी (NEST) 2024 के आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एवं विगत वर्षो के प्रश्न-पत्र हेतु कृपया हमारे NEST-2024 वेबसाइट: www.nestexam.in देखें।
आवेदन
आवेदन सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल द्वारा किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन हेतु www.nestexam.in वेब पेज़ देखें। ऑनलाइन पोर्टल खुला है और पंजीकरण स्वीकार कर रहा है एवं 31 मई, 2024 को बंद हो जाएगा।
परीक्षा
ऑनलाइन/ केवल कंप्यूटर बेस्ड
परीक्षा की तिथि : जून 30, 2024 (रविवार)
समय : 09:00AM -12:30PM (प्रथम सत्र)
2:30 PM-06:00 PM (द्वितीय सत्र)
परीक्षा परिणाम की तिथि : जुलाई 10, 2024
पत्राचार के लिए पता:
मुख्य समन्वयक, नेस्ट (NEST) 2024
नाइजर (NISER), भुवनेश्वर
पी.ओ.: जटनी, जिला: खुर्दा,
ओडिशा - 752050, भारत
ई-मेल: nest-exam@niser.ac.in
वेबसाइट: www.nestexam.in
परीक्षा शुल्क का विवरण :
पुरुष (सामान्य तथा ओबीसी श्रेणी) : ₹1400
पुरुष (एस.सी.तथा एस.टी. श्रेणी): ₹700
महिला (सभी श्रेणियाँ): ₹700
दिव्यांग श्रेणी: ₹700
केवल नेट बैंकिंग/ क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ यूपीआई के माध्यम से भुगतान करें।

### बाइक विस्फोट मामले में आरोपी की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी। एनआईए ने पंजाब में 2021 में हुए विस्फोट में शामिल होने और पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोपी एक व्यक्ति की संपत्ति जब्त कर ली। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। मामला जलालाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल में विस्फोट से संबंधित है, जिसमें हमलावर मारा गया था। बयान में कहा गया कि एनआईए ने स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत पंजाब के सदर फाजिल्का थानांतर्गत महातम नगर गांव के निवासी सूरत सिंह उर्फ 'सुरती' की संपत्ति जब्त कर ली।

# अपने घर की शान बढ़ायें
# कूल स्टाइलिश BLDC फैन्स के साथ

## Kühl ARCTIS



- सिर्फ 29W पावर
- 350 RPM
- एयर डिलीवरी - 220 CMM
- रिमोट से चले
- साइज़ - 600mm/900mm/1050mm/1200mm

उपलब्ध रंग: White, Espresso, Gold, Grey, Teak

MRP ₹4850

बेहतरीन कीमत* ₹2899

## Kühl PLATIN



- 4/5/6/8 एरोडायनामिक ब्लेड्स
- 3 कलर डाउन लाइट
- सर्दियों के लिए रिवर्स मोड
- Wi-Fi/IoT द्वारा इनेबल्ड
- कहीं से भी पॉइंट करने वाला LCD रिमोट
- साइज़ - 1200mm/1500mm

मोबाइल वॉइस

उपलब्ध रंग: White, Brown, Copper, Teak

MRP ₹24970

बेहतरीन कीमत* ₹17379

## Kühl EXZEL
### Next-Gen Desert Cooler



- 8 एरोडायनामिक ब्लेड्स
- अल्ट्रासोनिक मिस्ट ह्युमिडिफायर
- स्पीड और मिस्ट का डिजिटल डिस्प्ले
- 8 घंटे की वॉटर टैंक कैपेसिटी
- रिमोट से चले

MRP ₹14000

बेहतरीन कीमत* ₹9619

## Kühl PRIMA



- सिर्फ 29W पावर
- 350 RPM
- एयर डिलीवरी - 220 CMM
- रिमोट से चले
- साइज़ - 900mm/1200mm

उपलब्ध रंग: White, Espresso, Brown, Black, Ivory, Gold, Silver

MRP ₹6350

बेहतरीन कीमत* ₹3469

## Kühl LUXUS



- 3/4/5 एरोडायनामिक ब्लेड्स
- 3 कलर डाउन लाइट और नाईट लाइट
- सर्दियों के लिए रिवर्स मोड
- Wi-Fi/IoT द्वारा इनेबल्ड
- कहीं से भी पॉइंट करने वाला LCD रिमोट
- साइज़ - 1200mm/1320mm

मोबाइल वॉइस

उपलब्ध रंग: White, Brown, Copper, Teak

MRP ₹24970

बेहतरीन कीमत* ₹16279

## Kühl INSPIRA P1
### BLDC Pedestal Fan



- 5 एरोडायनामिक ब्लेड्स
- स्पीड का डिजिटल डिस्प्ले
- टच स्क्रीन वाला कंट्रोल पैनल
- इलेक्ट्रॉनिक स्विंग कंट्रोल
- टिल्ट फंक्शन
- रिमोट से चले

MRP ₹6000

बेहतरीन कीमत* ₹4519

## Kühl BRISE



- सिर्फ 30W पावर
- 3/4/5 एरोडायनामिक ब्लेड्स
- Wi-Fi/IoT द्वारा इनेबल्ड
- सर्दियों के लिए रिवर्स मोड
- कहीं से भी पॉइंट करने वाला RF रिमोट
- साइज़ - 1320mm


मोबाइल वॉइस

उपलब्ध रंग: White, Black, Brown, Teak

MRP ₹16000

बेहतरीन कीमत* ₹9869

## Kühl GLANZ



- सिर्फ 30W पावर
- 3 कलर डाउन लाइट
- सर्दियों के लिए रिवर्स मोड
- कहीं से भी पॉइंट करने वाला RF रिमोट
- साइज़ - 1320mm

उपलब्ध रंग: White, Brown, Teak

MRP ₹16000

बेहतरीन कीमत* ₹10449

## Kühl INSPIRA W1
### BLDC Wall Fan



- 5 एरोडायनामिक ब्लेड्स
- स्पीड का डिजिटल डिस्प्ले
- टच स्क्रीन वाला कंट्रोल पैनल
- इलेक्ट्रॉनिक स्विंग कंट्रोल
- टिल्ट फंक्शन
- रिमोट से चले

MRP ₹6000

बेहतरीन कीमत* ₹4299



## स्मार्ट विशेषताएं

- BLDC - 65% तक बिजली बचाएं
- ज़्यादा हवा दे
- कम आवाज़ करें
- IoT इनेबल्ड

## स्टाइलिश डिज़ाइन

- विभिन्न डिजाइन की बड़ी रेंज
- डाउन और नाईट लाइट
- एरोडायनामिक ब्लेड्स
- आकर्षक रंगो में

Kühl®
Stylish Fans
सबसे अलग

MORE STARS MORE SAVINGS
POWER SAVINGS GUIDE
BEE 5 STAR

IS 374:2019
CM/L- 8800112515

Warranty 5 YEARS ON BLDC MOTOR 2 YEARS Comprehensive

GOOGLE/ALEXA VOICE CONTROLLED

*T&C Apply

**For Free Demo: 9582 123 456 | www.kuhl.in | For Full Product Range, Scan the QR Code Below**

**DELHI NCR** • **East Delhi: Distributor**: Anant Enterprises 9810744849; Garg Agencies – 9818582796, **Dealer**: Goyal Traders 8506003003; Mohini Traders 8860194315; Manchanda Electrical Works 9899991184; R K Traders 9899924589; Urja Electric Corp 9810488998; Vardhman Lighting 9818312980; Krishna Home Appliances 9910395589; Balaji Electrical & Appliances 9910464554; A.S Lites – 9818144646, Mittal Electric store – 9810628950, Vardhman Home Appliances – 9873278804, Bisht Electricals - 9810949950 • **North Delhi: Distributor:** Gupta Brothers 9953332945; **Dealer**: Agarwal Marketers India Pvt Ltd 9899242525; Janta Elect. Store 9311402755; Jalan & Sons – 9873043888; Kansal Electricals – 9818817890; Lighting Solution 9873254504; Shri Ganesh Electricals – 9811458471; Shakti Electricals 9013314577; Sawan Electricals 9871752840 • **South Delhi: Distributor:** Modi Enterprises 9599507636; **Dealer**: Maharani Electricals 9871311005, JB Gupta & Sons – 9350791616, Shyam Electricals – 9811640823, Nanda Electricals8447276377; Noor Electricals-9540417021; Mangla Electronics-9311005833; Pawan Electricals 9811209198 • **West Delhi: Distributor:** The Creative Enterprises 9810109378; **Dealer**: Ravi Traders – 7678669740, KDY Electricals – 9873359100, Gupta Trading Co – 9873197189, Gupta Elect. St Dwarka 9810132155; Kathuria Electricals 9810053739; Prakash Electricals 9971033831; Tilak Trading Co 9971577565; Meghna Light System 9810311380; Sudarshan Lighting Solution-9212241385; Pankaj Electricals 9013358313; Ashu Trading Co.9818548798; Shree Balaji Traders-8285556966 • **Gurugram: Distributor:** Bindra Electric Company 9811006822; KE Enterprises 9711997917; **Dealer**: Ruchi Enterprises – 9811004546, Digital Gadgets – 9211111414, Allied Syndicate 9818237702; HRK Traders 9910777555; Shree Nath Electricals 8373993103; Selection Shoppe 9810713061; Surya Lites & Elec-9990216668; Ashoka Electricals - 9871087636 • **Noida: Distributor**: Sujosh Trading LLP – 8588806461; **Dealer**: Sapna Electric & Electronics 9818038619; SM Enterprises – 9540584343, Mahavir Electricals – 8368949678, Hanumant Electricals – 9899834999, Aggarwal Electricals – 9871776789, Khera Electricals – 9891135875, Garg Electricals - 9643663101 • **Ghaziabad: Dealer**: Veekay Electricals and Electronics – 9999141264; **Dealer**: Payal Electricals 9810377510; Gupta Light World 9818041482; Kukki Electric Co. 9350392907; SS Trading Co 8448822151, Sapna Electric & Electronics - 9818038619, RR Electricals - 9891824777 • **Sonipat**: **Distributor**: Antil Sales Pvt Ltd – 9255555180; **Dealer**: Madaan Enterprises-9253307130; Guru Kirpa- 9896797985, Ajay Electricals – 9711279579, Jai Balaji Electricals – 8851510153, Gandhi Traders – 9899707275, Laxmi Nagpal Electricals – 9560273928, Singla Electricals – 9289739798, BIR & Sons – 9811095255, Guru Nanak Trading Corp - 9811644704 •

Buy Online on:

कटिहार लोकसभा सीट पर जदयू और कांग्रेस के प्रत्याशी एक बार फिर आमने-सामने, 2019 में दुलाल चंद्र गोस्वामी जीते थे

# दुलाल को दूसरा मौका या तारिक लगाएंगे छक्का

वीआईपी सीट
कटिहार

■ ओमप्रकाश अंबुज

**कटिहार।** जूटनगरी के नाम से विख्यात कटिहार हमेशा से सीमांचल और बिहार की राजनीति का चर्चित केंद्र रहा है। पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे इस क्षेत्र में कोसी, गंगा और महानदी की धारा बहती है। उपजाऊ जमीन वाले इस क्षेत्र में हर बड़े दल को यहां की जनता ने सींचा है। 2024 का चुनाव सीमांचल में दिलचस्प है। एक तरफ पिछले चुनाव में 57 हजार से अधिक वोट से जीते जदयू के दुलालचंद्र गोस्वामी दोबारा मैदान में हैं, वहीं महागठबंधन की ओर से पांच बार सांसद रहे कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर मैदान में डटे हैं।

संसदीय राजनीति में कटिहार लोकसभा क्षेत्र से बड़े-बड़े दिग्गजों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। कटिहार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के पद पर रहे सीताराम केसरी के साथ-साथ समाजवादी नेता युवराज को लोकसभा भेजा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर को पांच बार यहां से सांसद बनने का गौरव प्राप्त है। भाजपा के निखिल कुमार चौधरी ने भी यहां से हैट्रिक लगायी है। जदयू के दुलालचंद्र गोस्वामी दोबारा चुनावी मैदान में उतरे हैं। दूसरे चरण के तहत आगामी 26 अप्रैल को कटिहार लोकसभा चुनाव का मतदान होना है। विगत लोकसभा चुनाव में एनडीए की ओर से अत्यंत पिछड़ी जाति के प्रत्याशी के रूप में जदयू कोटे से दुलालचंद्र गोस्वामी को उम्मीदवार बनाया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश और मोदी लहर समेत अन्य भाजपा नेताओं के लगातार रैली एवं दौरे के बाद पिछले चुनाव में माहौल बदला और जदयू नेता दुलालचंद्र गोस्वामी ने 57 हजार मतों से जीत हासिल की थी।

**राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी फिर आमने-सामने :** तारिक अनवर को कटिहार लोकसभा क्षेत्र से 1980, 1984, 1996 और 1998 में सांसद बनने का अवसर मिला। इसके बाद 2014 में उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से राजद के समर्थन से लोकसभा सदस्य बनने का मौका मिला। 2019 के चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के हाथों इन्हें पराजय का स्वाद चखना पड़ा। बावजूद 2024 के चुनावी समर में फिर एक बार पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने हैं।

**छह विधानसभा में दो पर कांग्रेस और एक पर जदयू विधायक :** छह विधानसभा क्षेत्र से युक्त कटिहार लोकसभा क्षेत्र में कदवा और मनिहारी दो विधानसभा में कांग्रेस के विधायक हैं। वहीं बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र पर भाकपा-माले का कब्जा है। कटिहार, प्राणपुर से भाजपा, जबकि बरारी से जदयू के विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के लिए 'एमवाई' समीकरण अहम है।

एनडीए के तहत जदयू प्रत्याशी को पीएम के चेहरे के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर अत्यंत पिछड़े और मुस्लिम समुदाय के वोटों का भी आसरा है।

## सीट पर मतदाता

कुल मतदाता 21,61,711
पुरुष मतदाता 11,05,550
महिला मतदाता 10,24,209




**2019**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दुलालचंद्र गोस्वामी | (जदयू) | 5,59,423 | 50.05% |
| तारिक अनवर | (कांग्रेस) | 5,02,220 | 44.93% |

**2014**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तारिक अनवर | (राकांपा) | 4,31,292 | 38.59% |
| निखिल कुमार चौधरी | (भाजपा) | 3,16,552 | 28.32% |

### क्यों खास है सीट

कटिहार का पौराणिक और राजनीतिक महत्व रहा है। पौराणिक कथाओं में कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण की मनिहारी में मणि खो गई थी। वहीं राजनीतिक रूप से यह लोकसभा क्षेत्र 1991 में पूर्व राज्यपाल यूनुस सलीम और 1996 में पूर्व गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद एवं समाजवादी नेता युवराज का कर्म क्षेत्र रहा।

## कब कौन जीता

| वर्ष | निर्वाचित | दल |
|---|---|---|
| 1957 | अवधेश कुमार सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | प्रिया गुप्ता | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 | सीताराम केसरी | कांग्रेस |
| 1971 | ज्ञानेश्वर यादव | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | युवराज | भारतीय लोक दल |
| 1980 | तारिक अनवर | कांग्रेस |
| 1984 | तारिक अनवर | कांग्रेस |
| 1989 | युवराज | जनता दल |
| 1991 | मो. यूनुस सलीम | जनता दल |
| 1996 | तारिक अनवर | कांग्रेस |
| 1998 | तारिक अनवर | कांग्रेस |
| 1999 | निखिल कुमार चौधरी | भाजपा |
| 2004 | निखिल कुमार चौधरी | भाजपा |
| 2009 | निखिल कुमार चौधरी | भाजपा |
| 2014 | तारिक अनवर | राकांपा |
| 2019 | दुलाल चंद्र गोस्वामी | जदयू |

- कोसी, गंगा व महानंदा नदी की धारा वाली यह जमीन राजनीतिक रूप से भी उपजाऊ
- कांग्रेस, भाजपा के अलावा समाजवाद के बड़े नेता को भी यहां की जनता ने संसद भेजा
- 26 अप्रैल को कटिहार में होगा मतदान

### महागठबंधन: दिग्गज कांग्रेसी और बेहद सधे हुए नेता हैं तारिक अनवर



कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर कटिहार लोकसभा क्षेत्र से पांच बार सांसद रह चुके हैं। उनके पास राजनीति का लंबा अनुभव है। वह प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं में शुमार हैं। बीच में शरद पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में भी अहम दर्जा प्राप्त था। केंद्र में मंत्री रह चुके हैं। राजनीतिक और प्रशासन का लंबा अनुभव रखते हैं। सार्वजनिक गतिविधियों में भी शामिल होते हैं और सियासी गणित में माहिर है। इस बार फिर से महागठबंधन की ओर से उन्हें कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया गया है।

### जदयू: मिलनसारिता दुलाल की पहचान



जिले में मिलनसार प्रत्याशी के रूप में दुलाल चंद्र गोस्वामी की अपनी पहचान है। वर्ष 1995 में भाजपा के टिकट से दुलालचंद्र गोस्वामी पहली बार विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। 2010 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बलरामपुर विधानसभा से जीत दर्ज की और नीतीश मंत्रिमंडल में श्रम संसाधन विभाग के मंत्री बने थे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इन्हें कटिहार से जदयू का प्रत्याशी घोषित किया गया और विजयी रहे।

हिन्दुस्तान चुनावी चतुर QUIZ
रोज खेलें, रोज जीतें!
हर दिन ₹3000 तक के Amazon वाउचर
अंत में एक iPhone15 जीतने का मौका
MEGA PRIZE
आज का पहला सवाल?
EVM का पूरा नाम क्या है?
A. इलेक्शन वोटिंग मशीन
B. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मॉड्यूल
पूरी Quiz के लिए QR कोड स्कैन करें
क्विज एच.टी. डिजिटल स्ट्रीम्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है
*नियम और शर्तें लागू

वे दिन | किस्सा : 1996 का

## वाजपेयी ने दी थी नरसिम्हा राव को सुनने की सलाह

**अमेठी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को ऐसे ही अजातशत्रु नहीं कहा जाता है। अटल हर दल के नेता का सम्मान करते थे और हर दल का नेता उनका सम्मान करता था। अटल विपक्षी दलों के नेताओं के अच्छे गुणों की तारीफ करते थे।

1996 में अमेठी में लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी राजा मोहन सिंह थे। उनके समर्थन में अटल बिहारी वाजपेयी अमेठी में जनसभा करने आए थे। राजा मोहन सिंह के सामने कांग्रेस से कैप्टन सतीश शर्मा उम्मीदवार थे। अटल की जनसभा के अगले दिन कैप्टन सतीश शर्मा के समर्थन में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की चुनावी जनसभा थी। अटल की सभा में भारी भीड़ जुटी थी।

जिला बार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर पांडे बताते हैं कि अटल अपनी जनसभा को संबोधित करने के बाद जाते-जाते यह भी कह गए कल नरसिम्हा राव आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में उनकी कोई सुनता नहीं है। वह विद्वान आदमी हैं। आप लोग उन्हें सुनने के लिए जरूर जाइएगा, कुछ-न-कुछ जरूर हासिल होगा।

उमाशंकर पांडे ने बताया कि अटल के ऐसा कहने का असर भी हुआ और हम लोग बाबूगंज के निकट नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके भाषण को सुनने के लिए गए थे। हालांकि इस चुनाव में राजमोहन सिंह चुनाव नहीं जीत सके और कैप्टन सतीश शर्मा को जीत मिली। सतीश शर्मा को 157868 वोट मिले और मोहन सिंह को 117725 वोट मिले थे। यह आखिरी चुनाव था, जिसमें समाजवादी पार्टी ने अमेठी में अपना उम्मीदवार उतारा था। सपा के मोहम्मद ईशा को 79285 वोट मिले थे।

चिंतामणि मिश्रा

# वोटरों की उदासीनता फेर सकती है उम्मीदों पर पानी


मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में शुक्रवार को एक शरणार्थी शिविर में बने पोलिंग बूथ पर मतदान करने पहुंचे कुकी समुदाय के लोग। • रायटर

विश्लेषण

■ मदन जैड़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि मतदाताओं में उत्साह की कमी है। न ही किसी राजनीतिक दल के पक्ष में या खिलाफ कोई लहर नजर आ रही है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव के नतीजे राजनीतिक दलों की उम्मीदों के उलट भी हो सकते हैं।

लोकसभा के पिछले दो चुनावों को देखें तो वर्ष 2014 में भाजपा या विशेषकर मोदी के पक्ष में लहर थी। साथ ही तत्कालीन सत्तारुढ़ यूपीए सरकार के खिलाफ भी लहर थी। इसी प्रकार बालाकोट एयर स्ट्राइक के चलते वर्ष 2019 में फिर से सत्तारुढ़ दल के पक्ष में लहर थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के राजनीतिक के प्रोफेसर संजय पांडे के अनुसार कोई लहर इस बार नहीं दिख रही है। मतदाताओं में उत्साह है यह कहना भी अतिशयोक्ति होगी। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि इस बार मतदाता सरकार के पिछले दस सालों के कामकाज के आधार पर मतदान करेगा। इस बार का चुनाव 2014 और 2019 जैसा प्रतीत नहीं हो रहा है जब लहर स्पष्ट थी।

इकोनॉमिक एवं पॉलिटिकल वीकली (ईपीडब्ल्यू) के एक विश्लेषण के अनुसार कुछ ही चुनावों में लहर देखी गई है। निश्चित रूप से 2014 में मोदी लहर थी जिसके परिणाम स्वरूप मतदान 8 फीसदी बढ़ा। उससे पहले देखें तो 1977 में जनता पार्टी की लहर थी और मतदान 5 फीसदी बढ़ा। इसके बाद 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के पक्ष में सहानुभूति की लहर थी और तब मतदान में 7 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

वैसे, इस संदर्भ में 1971 की इंदिरा लहर भी महत्वपूर्ण है। लेकिन चुनाव में लहर नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि सत्तारुढ़ दल चुनाव हार जाएगा या फिर वह सत्ता में नहीं आ सकता। ईपीडब्ल्यू के विश्लेषण की मानें तो 1952-1967 के चार चुनावों में कोई लहर नहीं थी लेकिन लगातार कांग्रेस जीतती रही। लेकिन तब विपक्ष कमजोर था।

### किसी लहर के दौरान बढ़ता है मत प्रतिशत

जानकारों की मानें तो जब भी चुनाव के दौरान कोई लहर होती है चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक तो मतदान बढ़ता है। मतों का बड़ा हिस्सा किसी एक दल को मिलता है। 2014 में मोदी लहर में आठ फीसदी मतदान बढ़ा था और अकेले भाजपा को 32 फीसदी वोट मिले। उसके बाद 2019 में मतदान करीब एक फीसदी बढ़कर 67 फीसदी हुआ और भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़कर 37 फीसदी पार कर गया।

आयाराम-गयाराम

## भाजपा नेता गुत्तेदार कांग्रेस में शामिल

**बेंगलुरु, एजेंसी ।** पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता मलिकय्या गुत्तेदार शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। गुत्तेदार कलबुर्गी जिले के अफजलपुर विधानसभा क्षेत्र से छह बार के विधायक और पूर्व मंत्री हैं। एक अन्य पूर्व विधायक शारदा भी कांग्रेस में शामिल हो गईं।

गौरतलब है कि कलबुर्गी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का गृह जिला है। खड़गे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि इस बार के लोकसभा चुनाव में कलबुर्गी (गुलबर्गा) से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। बताया जाता है कि गुत्तेदार इस महीने की शुरुआत में अपने भाई नितिन वेंकैया गुत्तेदार को भाजपा में शामिल किए जाने से नाराज थे। उन्होंने शुक्रवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी नेतृत्व और उसकी विचारधारा में विश्वास जताया।

# मणिपुर-बंगाल में मतदान के दौरान हिंसा

**इंफाल, एजेंसी ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान शुक्रवार को मणिपुर और पश्चिम बंगाल के कई क्षेत्रों में हिंसा की घटनाएं हुईं। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के पहले दिन कूच बिहार में हिंसा देखने को मिली। यहां मतदान शुरू होने के तुरंत बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आने लगीं। वहीं, मणिपुर में मतदान केंद्रों के पास गोलीबारी और ईवीएम छीनने के मामले सामने आए।

मणिपुर पुलिस के अनुसार, बिष्णुपुर जिले के मोइरंग निर्वाचन क्षेत्र के थमनापोकपी में हथियारबंद लोगों ने एक मतदान केंद्र के पास हवा में कई राउंड गोलियां चलाईं, जिससे मतदान प्रभावित हुआ। अज्ञात हथियारबंद लोगों ने विभिन्न स्थानों पर एक विशेष राजनीतिक दल के चुनाव एजेंटों को भी धमकाया और उन्हें मतदान केंद्र छोड़ने के लिए कहा। इंफाल पश्चिम जिले के उरीपोक और इरोइशेम्बा में हथियारबंद लोगों ने एक पार्टी के एजेंटों को धमकी दी। धमकी से नाराज इरोइशेम्बा के मतदाता जबरदस्ती मतदान केंद्रों में घुस गए और चुनाव सामग्री और उपकरणों को नष्ट कर दिया। इंफाल पूर्वी जिले के खोंगमान जोन चार में मतदाताओं और कुछ लोगों के बीच बहस हुई, जिससे ईवीएम को नुकसान पहुंचा।

**कूच बिहार में पथराव :** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के पहले दिन कूचबिहार में हिंसा देखने को मिली। यहां मतदान शुरू होने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच झड़प की खबरें आने लगीं। शहर के पास चांदमारी गांव में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच झड़प हो गई। पथराव की भी खबरें सामने आई हैं।

माथाभांगा क्षेत्र में एक अन्य घटना में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने वोटों में धांधली में भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय बलों की सहायता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। सीईओ के कार्यालय के अनुसार, दोनों पक्षों से लगभग 500 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### नगालैंड के छह जिलों के सभी मतदाताओं ने नहीं डाला वोट

**कोहिमा।** नगालैंड के छह पूर्वी जिलों में मतदान कर्मी बूथों पर नौ घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन क्षेत्र के चार लाख मतदाताओं में से एक भी मतदान करने नहीं पहुंचा। फ्रंटियर नगालैंड क्षेत्र (एफएनटी) की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए शुक्रवार को ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) की ओर से बंद का आह्वान किया गया था। ईएनपीओ पूर्वी क्षेत्र के सात आदिवासी संगठनों का समूह है। राज्य के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी आवा लोरिंग ने कहा कि क्षेत्र के 738 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कर्मी मौजूद थे, इन नौ घंटों के दौरान कोई भी व्यक्ति मतदान करने नहीं आया।

# लगातार तीसरी जीत के लिए लगा रहे जोर

मैदान के महारथी
नित्यानंद राय

**पटना।** भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को तत्कालीन बिहार सरकार के ऐलान के बावजूद हाजीपुर से सकुशल पार कराने से सूबे की राजनीति में चर्चित हुए नित्यानंद राय की पहचान एक निर्भीक नेता की है। खेती-किसानी और गांव-देहात की राजनीति से शुरुआत करने वाले राय देश के गृह राज्यमंत्री हैं। वह 2014 और 2019 में लगातार दो बार जीतकर उजियारपुर से सांसद बन चुके हैं। राय के सामने इस बार उजियारपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान नित्यानंद राय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में ही बिहार में भाजपा ने चुनाव लड़ा था। जिसमें एनडीए ने 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब राय बदली भूमिका में हैं और प्रदेश के वरिष्ठ नेता हैं। अपनी जीत के साथ ही पार्टी और एनडीए गठबंधन को 2019 के समान जीत दिलाने का दारोमदार भी उन पर है। इसे लेकर अपने क्षेत्र में मेहनत करने के साथ घटक दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने में जुटे हैं।

**एड़ी-चोटी का जोर लगाया :** उजियारपुर से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने के लिए नित्यानंद राय एड़ी-चोटी का जोर लगाए हैं। खुद क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के अन्य नेता भी उजियारपुर में ही कैम्प कर रहे हैं।



**सोशल मीडिया फॉलोवर्स**
एक्स 1.53 लाख | फेसबुक 7.91 लाख

**परिचय**

| | |
|---|---|
| आयु | 58 वर्ष |
| जन्म स्थल | कर्णपुरा, जढुआ |
| शिक्षा | स्नातक |
| पत्नी | अमिता राय |

### छात्र जीवन से कर रहे राजनीति

नित्यानंद राय की राजनीतिक सफर की शुरुआत 1981 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में हुई। 1990 में वह भाजपा में शामिल हो गए। वह युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव, महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। साल 2000 के विधानसभा चुनाव में नित्यानंद राय को हाजीपुर से टिकट मिला और वह चुनाव जीत गए। वह हाजीपुर से लगातार चार विधानसभा चुनाव जीते।

### सरकार को दी थी चुनौती

1990 में बिहार सरकार को सीधी चुनौती देने वाले नित्यानंद राय का राजनीति में ग्राफ लगातार चढ़ता गया। तब बतौर मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने ऐलान किया था कि वह लालकृष्ण आडवाणी के रथ को गांधी सेतु पार नहीं करने देंगे। उस समय नित्यानंद मात्र 23 वर्ष के थे। महापंचायत बुलाकर ऐसा जनसमर्थन जुटाया कि सरकार आडवाणी का रथ हाजीपुर में रोकने का साहस नहीं जुटा पाई।

### जिम्मेदारी तय की

नित्यानंद राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी प्रचार-प्रसार के लिए जा रहे हैं, ऐसे में पार्टी के स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है कि वे उजियारपुर का विशेष ख्याल रखें। हर गांव-पंचायत के प्रमुख लोगों से उनकी टीम संपर्क कर रही है।

चुनावी चकल्लस

## लेट-लतीफी से संगठन परेशान

**कानपुर।** यूपी में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे पर दांव लगाया है, जिनसे खुद संगठन परेशान है। लोकल कार्यक्रम हो या किसी बड़े नेता को आना हो, समर्थकों से मिलना हो या संघ की बैठक हो, वे कभी तय वक्त पर पहुंचते ही नहीं हैं। संघ के दायित्वधारियों ने दो बार यह बर्दाश्त किया फिर टोक दिया। टोकने के अगले ही दिन डिप्टी सीएम की बैठक में वह लेट हो गए। चुनाव में जुटने वाले एक काडर वर्कर ने कहा, 'मोदी और योगी का चेहरा है, वरना ये लेट होते-होते लेट ही जाते।' यह उदाहरण है। वोटर लेट-लतीफों को उठने का मौका नहीं देते हैं।

बायस्कोप

## मामू ! साकेत को वोट देना, यह बोल मुन्ना भाई ने मांगा था समर्थन




**उत्तराखंड।** बॉलीवुड के मुन्ना भाई यानी अभिनेता संजय दत्त भी नेतागिरी में उतरे थे। भले ही उन्होंने खुद चुनाव न लड़ा हो, लेकिन उत्तराखंड में वह कांग्रेस के समर्थन में प्रचार करने आए थे। यह तस्वीर 2012 के उपचुनाव की है। दरअसल, तत्कालीन सांसद विजय बहुगुणा के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाली हुई टिहरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव में उनके बेटे साकेत बहुगुणा कांग्रेस प्रत्याशी थे। तब संजय दत्त मुंबई से सीधे उत्तराखंड पहुंचे थे और कालसी में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने ही अंदाज में 'मामू! साकेत बहुगुणा को वोट देना' कहकर जनता से अपील की थी। हालांकि, इस उपचुनाव में साकेत बहुगुणा भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह से मुकाबले में जीत नहीं पाए थे।

विश्लेषण | पहले के चुनावों में भी कई सीटों पर बिगाड़ते रहे हैं खेल, लोहरदगा, खूंटी में हार-जीत में फैक्टर बनी छोटी पार्टियां, झापा और जेबीकेएसएस राज्य के कई सीटों पर प्रभावी

# झारखंड में कई सीटों पर जीत का समीकरण तय करेंगे छोटे दल

■ अखिलेश सिंह

**रांची।** झारखंड की लोकसभा सीटों पर कई छोटी पार्टियां हार-जीत में बड़ा फैक्टर साबित हुई हैं। पिछले कई चुनावों में स्थानीय नेताओं ने तृणमूल समेत दूसरे क्षेत्रीय दलों की टिकट पर चुनाव लड़कर हार-जीत का समीकरण बदला है। खास कर लोहरदगा व खूंटी सीट पर इन दलों ने कांग्रेस का खेल बिगाड़ा है।

इस चुनाव में भी ऐसी ही पार्टियां बड़े दलों के लिए अहम फैक्टर साबित हो सकती हैं। इस बार झारखंड में जयराम महतो की पार्टी झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) और पूर्व मंत्री एनोस एक्का की पार्टी झापा (झारखंड पार्टी) चुनावी रण में हैं। जयराम का प्रभाव उत्तरी छोटानागपुर के इलाके में है, वहीं झापा दक्षिणी छोटानागपुर के इलाके में प्रभावी है।

**लोहरदगा में बीते तीन चुनावों में छोटे दलों ने बदला है समीकरण :** 2019 में लोहरदगा सीट पर भाजपा ने सुदर्शन भगत को उतारा था, जबकि कांग्रेस से सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया था। इस चुनाव में भाजपा को 3,69,527 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 3,60,068 वोट मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी तब 1.2 प्रतिशत वोट शेयर के अंतर से 9,459 वोट से पिछड़ गए थे। इस चुनाव में जीत हार का फैक्टर झापा से चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री देवकुमार धान बन गए थे। धान ने 19, 397 वोट लाकर कांग्रेस का खेल खराब कर दिया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में सुदर्शन भगत भाजपा और रामेश्वर उरांव कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे। कांग्रेस को 34.7 प्रतिशत वोट शेयर, वहीं भाजपा को 35.7 वोट शेयर मिला। भाजपा ने तब इस सीट पर 6,428 वोटों से जीत दर्ज की। लेकिन तब तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे चमरा लिंडा को 18.6 प्रतिशत वोट मिले थे। उन्हें कुल 1,18,347 वोट मिले थे। चमरा लिंडा अब झामुमो के विधायक हैं, लेकिन इस बार भी चर्चा है कि लोहरदगा से वे लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। झापा ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि चमरा लिंडा चुनाव लड़ेंगे तो उन्हें पार्टी अपना समर्थन देगी।

चमरा लिंडा ने 2009 के चुनाव में भी कांग्रेस का खेल बिगाड़ा था। तब भाजपा को 27.7 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं कांग्रेस को 24.8 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तब निर्दलीय चुनाव में उतरे चमरा लिंडा ने 42,068 वोट हासिल किए थे। कांग्रेस के रामेश्वर उरांव तब अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुदर्शन भगत से 14,995 वोट से हार गए थे।

**खूंटी सीट पर भी हार-जीत तय करते हैं छोटे दल :** खूंटी संसदीय सीट पर भी छोटी पार्टियों ने चुनाव परिणम बदलने में अहम भूमिका निभायी। यहां 2019 में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जबकि कांग्रेस ने कालीचरण मुंडा को रण में उतारा। भाजपा को 2019 चुनाव में 45.9 फीसदी जबकि कांग्रेस को 45.8 फीसदी वोट मिले थे। महज 0.1 वोट प्रतिशत के अंतर से भाजपा यहां 1,098 वोट से जीती थी। इस चुनाव में निर्दलीय मिनाक्षी मुंडा को 10,976, झापा के अजय टोपनो को 8,770, बसपा की इंदूमति मुंडा को 7,634 वोट मिले थे। वहीं नोटा को 21,236 वोट हासिल हुए थे। इस तरह इस सीट पर कांग्रेस हार गई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में कई बार के सांसद कड़िया मुंडा भाजपा, कालीचरण मुंडा कांग्रेस व एनोस एक्का झापा के टिकट पर चुनावी मैदान में थे। कड़िया मुंडा इस चुनाव में 37.7 फीसदी वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी झापा के एनोस एक्का से चुनाव जीते थे। तब झापा को 24.8 फीसदी वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस तीसरे नंबर पर 20.6 फीसदी वोटों के साथ थी।

### जयराम महतो और झापा बनेंगे फैक्टर

स्थानीय भाषा व 1932 के खतियान की पैरोकार के तौर पर जयराम महतो चुनावी मैदान में हैं। वे गिरिडीह से चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी पार्टी जेबीकेएसएस धनबाद, रांची, दुमका, हजारीबाग समेत अन्य सीटों से उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग में जयराम की पार्टी जेबीकेएसएस प्रभावी भूमिका में है। वहीं एनोस के नेतृत्व वाली झापा ने भी खूंटी समेत कई सीटों पर उम्मीदवारी की घोषणा की है। जीत-हार के कम अंतर वाली खूंटी सीट पर इस बार पत्थलगड़ी समर्थक बबिता कच्छप भी मैदान में हैं। वहीं झापा ने राममहल में लोबिन हेंब्रम व लोहरदगा में चमरा लिंडा को लड़ने की स्थिति में समर्थन की बात कही है। ऐसे में इन सीटों पर ये बड़े फैक्टर साबित होंगे।

सियासत 30 s

## जी किशन रेड्डी, ओवैसी ने पर्चा भरा

**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। जी किशन रेड्डी सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से, जबकि ओवैसी हैदराबाद सीट से चुनावी मैदान में हैं। इस सीट पर ओवैसी का मुकाबला भाजपा नेता माधवी लता से होगा।

## मालोगम गांव में इकलौते मतदाता ने वोट डाला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के सुदूर अंजॉ जिले में सिर्फ एक वोटर के लिए मतदान केंद्र बनाया गया था। मालोगम गांव के अनोखे मतदान केंद्र में शुक्रवार को एकमात्र महिला मतदाता 44 वर्षीया सोकेला तयांग ने वोट डाला। मतदान अधिकारियों की एक टीम ने एकमात्र मतदाता के लिए दुर्गम इलाके में लगभग 40 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मतदान केंद्र स्थापित किया था।

www.livehindustan.com
चुनावी खबरें
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।


पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज, यह कोई
Temporary Pain Killer नहीं आयुर्वेदिक औषधि हैं
घुटने दर्द, कंधे दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द एवं
कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि
Helpline : 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

## गृह मंत्री बोले- एनडीए सरकार ने संसद में अपने बहुमत का कभी भी दुरुपयोग नहीं किया

# संविधान बदलना होता तो पहले बदल देते : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार आरक्षण नीति को कभी नहीं छुएगी और न ही किसी और को ऐसा करने देगी। शाह ने यह भी कहा कि सरकार देश से नक्सलवाद को खत्म करने की पूरी कोशिश करेगी।

अमित शाह ने एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में उन्होंने उन अटकलों को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा जा रहा है कि सरकार संविधान में संशोधन करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि अगर हमें संविधान बदलना होता, तो हम इसे पहले ही कर सकते थे। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने संसद में अपने बहुमत का दुरुपयोग कभी नहीं किया है। बहुमत का दुरुपयोग करने की आदत कांग्रेस की है, हमारी नहीं।

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा की प्रतिबद्धताओं में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भाजपा नीत सरकार पर हमला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। मैंने पूरे देश की यात्रा की है, हर कोई तीसरी बार पीएम मोदी के लिए वोट करने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को गांधीनगर में मेरा रोड शो उन इलाकों में था, जहां मैंने एक आम कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के पोस्टर चिपकाए थे। 30 साल से गांधीनगर के लोग उन्हें वोट दे रहे हैं - पहले एक विधायक के रूप में और फिर एक सांसद के रूप में, यह उनके लिए एक भावनात्मक यात्रा थी।

### दक्षिण भारत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे

शाह ने दावा किया कि भाजपा लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करेगी। दक्षिण प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को सीटों में बदलने के लिए तैयार है। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने बार-बार नक्सलियों से हिंसा छोड़ने को कहा है। 90 दिनों में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने नक्सलवाद से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। हम भारत से माओवाद को खत्म कर देंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन के दौरान नक्सलियों पर कोई लगाम नहीं थी।

### नामांकन दाखिल किया

गांधीनगर, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट से बतौर भाजपा प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे।


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। • एएनआई

## गृह मंत्री बोले, पहले चरण में हुई बंपर वोटिंग

पाली (जयपुर) एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में बंपर वोटिंग हुई है और लोगों को मतदान करने के बाद मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए सुना गया। ओबीसी मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि यह कांग्रेस ही थी, जिसने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया था।

पाली संसदीय क्षेत्र के भोपालगढ़ में हुई सभा में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछड़े वर्ग के सदस्यों को सम्मान देने के लिए काम किया है और पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। पार्टी के 37 फीसदी सांसद ओबीसी हैं, 27 (केंद्रीय) मंत्री ओबीसी हैं और प्रधानमंत्री खुद ओबीसी हैं।

### मोदी ने 23 साल में एक भी छुट्टी नहीं ली

गुजरात के मुख्यमंत्री और तत्कालीन प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि मोदी पिछले 23 वर्षों से बिना कोई छुट्टी लिए देश के लिए काम कर रहे हैं, जबकि गांधी हर तीन महीने में विदेश में छुट्टियां मनाने जाते हैं।

# गुजरात की गांधीनगर सीट 35 साल से भाजपा का अभेद्य किला

**विश्लेषण**

■ पंकज कुमार पांडेय

नई दिल्ली। भाजपा का गढ़ मानी जाने वाली गुजरात की गांधीनगर सीट अब देश के गृह मंत्री अमित शाह के नाम से पूरी तरह जुड़ चुकी है। वर्ष 2019 के चुनाव में उन्होंने इस सीट से जबरदस्त मतों से जीत का कीर्तिमान बनाया था। इसके लिए उन्हें गांधीनगर में बार-बार जाकर प्रचार की जरूरत नहीं पड़ी। इस बार भी नामांकन के बाद शाह का गांधीनगर में दोबारा प्रचार का फिलहाल कोई कार्यक्रम नहीं है। इस सीट पर अब केवल जीत-हार के अंतर की चर्चा है। भाजपा नेताओं का कहना है कि इस बार भी लड़ाई जीत का अंतर बढ़ाने की है।

गांधीनगर सीट भाजपा का अभेद्य किला रही है। यहां से कई हाई प्रोफाइल हस्तियां चुनाव लड़ चुकी हैं। पहले लाल कृष्ण आडवाणी और अब अमित शाह ने इस भरोसे को बहुत मजबूत बना दिया है। बीते सात चुनाव में भाजपा यहां लगातार जीत रही है। 35 सालों में यह सीट भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट बन गई है।

**समर्थक मानते, शाह के लिए हर सीट सुरक्षित :** जानकारों का कहना है कि अमित शाह का कद इतना बड़ा है कि इस समय गांधीनगर ही नहीं गुजरात की हर सीट उनके लिए सुरक्षित सीट मानी जा सकती है। समर्थक कहते हैं कि गांधीनगर का हर कार्यकर्ता यहां खुद अमित शाह की छाया बनकर काम करता है। वहां उन्हें प्रचार की जरूरत इसलिए भी नहीं पड़ती क्योंकि बीजेपी और गांधीनगर का अटूट भरोसे का संबंध बन चुका है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में अमित शाह ने गांधीनगर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार सीजे चावड़ा को 5.57 लाख वोटों से पराजित किया था। तब शाह को आठ लाख 94 हजार 624 वोट मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को तीन लाख 37 हजार 610 वोट मिले। यह इस सीट पर जीत का अब तक का सबसे बड़ा अंतर है।

**शाह का कद बढ़ा:** जानकारों का कहना है कि वर्ष 2019 में अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद जिस तरह कई बड़े फैसले उनके मंत्रालय के अंतर्गत लिए गए उससे भाजपा को राष्ट्रवाद की पिच पर मुखर होने का एजेंडा मिला। धारा 370 को समाप्त करना हो, नागरिकता संशोधन कानून लागू करना हो या फिर जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पर नकेल के लिए अलगवादियों पर ठोस कार्रवाई, गृह मंत्रालय के इन कठोर फैसलों ने देश का राजनीतिक चुनावी एजेंडा तय किया। इससे अमित शाह का कद भी जबरदस्त बढ़ा।

**मजबूत रणनीतिक शिल्पकार :** अगर प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व के साथ कोई एक मजबूत रणनीतिक शिल्पकार है जिसने बिना श्रेय लिए पार्टी की अहम चुनावी रणनीति बनाई तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं।

### गांधीनगर क्षेत्र में सात विधानसभा सीटें

गांधीनगर लोकसभा सीट के अंतर्गत सात विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें उत्तर गांधीनगर, कलोल, वेजलपुर, सानंद, घाटलोदिया, साबरमती और नारनपुरा शामिल हैं। इन सात सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। इस क्षेत्र में 19 लाख 45 हजार 149 के करीब मतदाता हैं।

### अटल-आडवाणी रहे सांसद

भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल दो दिग्गज हस्तियां इस सीट से सांसद रही हैं। लालकृष्ण आडवाणी यहां से 1998 से 2014 तक सांसद रहे जबकि 1996 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी यहां से लोकसभा चुनाव जीता था। हालांकि बाद में उन्होंने सीट छोड़ दी थी। उपचुनाव में भाजपा के इस किले को भेदने के लिए कांग्रेस ने बॉलीवुड के सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना को टिकट दिया।

शाश्वत ऊर्जा
इरेडा IREDA
एक बार इरेडा, सदैव इरेडा

देश का सबसे बड़ा विशुद्ध ग्रीन फाइनेंसिंग संस्थान

31.03.2024 को समाप्त अवधि के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित) | 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2023 को समाप्त पिछला वर्ष (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालन से कुल आय | 1,391.64 | 1,253.20 | 1,036.32 | 4,965.29 | 3,483.04 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादीय और/या असाधारण मदों से पहले) | 479.67 | 386.14 | 288.38 | 1,685.24 | 1,139.25 |
| 3. | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादीय और/या असाधारण मदों के बाद) | 479.67 | 386.14 | 288.38 | 1,685.24 | 1,139.25 |
| 4. | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादीय और/या असाधारण मदों के बाद) | 337.38 | 335.54 | 253.62 | 1,252.23 | 864.63 |
| 5. | इस अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 251.99 | 424.69 | 290.23 | 1,095.43 | 825.89 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (₹10/– प्रत्येक की अंकित मूल्य) | 2,687.76 | 2,687.76 | 2,284.60 | 2,687.76 | 2,284.60 |
| 7. | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 5,871.66 | 5,446.80 | 3,650.57 | 5,871.66 | 3,650.57 |
| 8. | प्रतिभूति प्रीमियम खाता (शुद्ध) | 863.63 | 863.63 | - | 863.63 | - |
| 9. | नेट वर्थ | 8,559.43 | 8,134.56 | 5,935.17 | 8,559.43 | 5,935.17 |
| 10. | चुकता ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 49,686.86 | 41,700.70 | 40,165.28 | 49,686.86 | 40,165.28 |
| 11. | बकाया प्रतिदेय वरीयता शेयर | - | - | - | - | - |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात | 5.80 | 5.13 | 6.77 | 5.80 | 6.77 |
| 13. | प्रति शेयर आय (₹10/– प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लिए) – | | | | | |
| | 1. बेसिकः | 1.25 | 1.38 | 1.11 | 5.16 | 3.78 |
| | 2. डिल्युटेडः | 1.25 | 1.38 | 1.11 | 5.16 | 3.78 |
| 14. | पूंजी रिडेम्पशन रिजर्व | - | - | - | - | - |
| 15. | डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व | 397.75 | 432.69 | 397.97 | 397.75 | 397.97 |
| 16. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 17. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

'चौथी तिमाही'2023-24 बनाम चौथी तिमाही'2022-23

कर पश्चात लाभ ₹337 करोड़ 33% बढ़ोतरी*

परिचालन से राजस्व ₹1,392 करोड़ 34% बढ़ोतरी*

नेट वर्थ ₹8,559 करोड़ 44% बढ़ोतरी*

लोन बुक ₹59,698 करोड़ 27% बढ़ोतरी*

नेट एनपीए 0.99% 41% की कमी* (% के संदर्भ में)

ग्रॉस एनपीए 2.36% 26% की कमी* (% के संदर्भ में)

नोट्सः

क) उपरोक्त परिणामों को निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुशंसित किया गया है और यह निदेशक मंडल द्वारा 19.04.2024 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में अनुमोदित और कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित किया गया है।

ख) उपरोक्त एलओडीआर विनियमों के विनियम 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दर्ज किए गए त्रैमासिक और वर्ष–दर–तारीख को वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। उक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कंपनी की वेबसाइट यानी www.ireda.in और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर उपलब्ध है।

ग) एलओडीआर विनियमों के विनियमन 52(4) में संदर्भित अन्य लाइन आइटम के लिए, प्रासंगिक प्रकटीकरण स्टॉक एक्सचेंजों में किए गए हैं और इन्हें क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर एक्सेस किया जा सकता है।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
हस्ता./-
प्रदीप कुमार दास
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन संख्या 07448576

दिनांकः 19.04.2024
स्थानः नई दिल्ली

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड
(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)
पंजीकृत कार्यालयः पहली मंजिल, कोर–4ए, ईस्ट कोर्ट, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003, फोनः 011–24682206–19, फैक्सः 011–24682202
कार्पोरेट कार्यालयः तीसरी मंजिल, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066, दूरभाषः 011–26717400–12, फैक्सः 011–26717416
व्यवसाय केंद्रः एनबीसीसी कार्यालय परिसर, कार्यालय ब्लॉक नंबर II, प्लेट बी, 7वीं मंजिल, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली–110023, दूरभाषः 011–24347729–99
वेबसाइटः www.ireda.in, सीआईएनः L65100DL1987GOI027265
हमें फॉलो करें: @IREDALtd @IREDALimited @iredaofficial

SHIRT
TROUSER & JEANS
SALE
upto 60% off
Formal & Party Wear
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS LOUIS PHILIPPE Levi's
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

US CRANBERRIES
America's Original Superfruit®
स्वास्थ्य भी और स्वाद भी
• एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर
• कोलेस्ट्रॉल और फैट फ्री
• विटामिन सी और ई का उत्कृष्ट स्रोत
• फाइबर से भरपूर और सोडियम कम
• बालों और त्वचा के लिए अच्छा
• दिल के लिए अच्छा

विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर, यूएस क्रैनबेरी एक आदर्श सुपरफ्रूट है। खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद में क्रैनबेरी का उपयोग uscranberries.in पर देखें।
यूएस क्रैनबेरी सभी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्म और पूरे भारत में प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के पास उपलब्ध है।
अभी खरीदने के लिए तुरंत स्कैन करें।

# युद्ध की भड़कती आग

ईरान और इजरायल जिस राह पर निकल पड़े हैं, वह युद्ध और विनाश की ओर ही जाता है। इस महीने की शुरुआत से ही दोनों देशों से 'हमला' और 'बदला' जैसे शब्द सुनाई दे रहे हैं। 1 अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ, तो इसका आरोप इजरायल के मत्थे मढ़ा गया। दो हफ्ते बीतने से पहले ही ईरान ने उसका बदला लेने के लिए हमला बोल दिया। उसने इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें दागीं। हालांकि, इजरायल ने दावा किया कि उसने ज्यादातर मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचने से बहुत पहले ही नष्ट कर दीं। नुकसान शायद बहुत ज्यादा नहीं था, लेकिन यह उसके सम्मान पर बहुत बड़ी चोट थी। पिछले तीन दशक में किसी देश ने पहली बार इजरायल की धरती पर इस तरह से बमबारी की जुर्रत की थी। इस शुक्रवार को इजरायल ने इसका बदला ले लिया। इजरायल के वमवर्षक ड्रोन ईरान की ओर उड़े और उसके सैन्य शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में कहा जाता है कि इसी जगह पर ईरान अपना परमाणु बम विकसित कर रहा है। इसके अलावा, यह ईरानी फौज का सबसे बड़ा बेस भी है।

यह हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल बहुत कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई देने की बात कही गई है। हालांकि, ईरान और इजरायल, दोनों ने ही इसे कमतर दिखाने की कोशिश की है। तेहरान ने कहा है कि कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ, जबकि इजरायल ने आश्वस्त किया है कि यह हमला ईरान के परमाणु केंद्र पर नहीं था। वैसे मामला हमले के बड़े या छोटे होने का नहीं है, मामला पश्चिम एशिया में और खासकर इन दोनों देशों के बीच उस तनाव का है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। अतीत में भी इजरायल एक बार ईरान के इसी शहर पर हमला कर चुका है, लेकिन इस बार तनाव बहुत ज्यादा है, इसलिए आशंकाओं की भरमार भी दुनिया को सिहरन दे रही है। अभी ईरान की तरफ से एक बयान यह भी आया है कि फिलहाल इस हमले का बदला लेने का उसका कोई इरादा नहीं है, लेकिन आम धारणा यही है कि बदला देर-सवेर लिया ही जाएगा। अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात चलती रही, तो पश्चिम एशिया का यह तनाव कब पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। पिछले चंद रोज में गाजा में जिस तरह का मानवीय संकट खड़ा हुआ है, इजरायल इन झड़पों के चलते उससे दुनिया का ध्यान हटाने में जरूर कामयाब रहा है।

**अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात बढ़ती रही, तो ईरान-इजरायल का यह तनाव कब पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता।**

पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में जैसे तनाव दिख रहे हैं और जिस तरह के खतरे खड़े हो रहे हैं, उसके सामने पूरी दुनिया महज तमाशबीन बनी दिख रही है। खासकर जिनको हम महाशक्तियां कहते हैं, वे मौन हैं। रूस यूक्रेन के साथ लड़ाई में उलझा हुआ है। चीन अपनी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव है और ऐसे मौके पर कोई यह मानने को तैयार नहीं कि वह पश्चिम एशिया में निष्पक्ष भूमिका निभा सकेगा। संयुक्त राष्ट्र की अपनी सीमाएं हैं और अक्सर वह ऐसे युद्धों को रोकने में कारगर नहीं हो पाता। बड़ी समस्या यह नहीं है कि इजरायल-ईरान का तनाव बढ़ रहा है और कभी भी आग के भड़क उठने की आशंकाएं हैं, समस्या यह है कि यह सब ऐसे मोड़ पर हो रहा है, जहां पहुंचने के लिए समझदारी के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

## हिन्दुस्तान | 75 साल पहले

20 अप्रैल, 1949

### प्रजातंत्री आयर

आयरलैण्ड जिसे संक्षेप में आयर भी कहते हैं, अब प्रजातंत्री राष्ट्र बन गया है। उसने ब्रिटेन के साथ अपने सदियों पुराने संबंधों को समाप्त कर दिया है। आयरिश प्रजा में स्वतंत्रता की तीव्र आकांक्षा थी, जिसने उसे उस समय तक बेचैन रखा, जब तक वह पूरी नहीं हो गई। आयर के लिए यह हर्ष का दिन है। उसके चिरस्वप्नों की आज पूर्ति हुई है और इसलिए आयरिश प्रजा ने जिस हर्ष और उल्लास के साथ उसका स्वागत किया, यह स्वाभाविक ही था। आयर के इतिहास में सन् १९१६ का ईस्टर स्मरणीय रहेगा; क्योंकि आयर के देशभक्तों ने ब्रिटेन के प्रभुत्व के विरुद्ध तब विद्रोह का झण्डा बुलन्द किया था। आयरिश प्रजा ने अपना स्वतंत्रता संग्राम जिस वीरता के साथ लड़ा और उसमें जो कुर्बानियां दीं, उनसे अनेक पराधीन देशों को प्रेरणा मिली और आगे भी मिलती रहेगी। भारत और आयर के बीच हमेशा प्रगाढ़ सहानुभूति के संबंध रहे हैं और भारतवासियों की इस अवसर पर यही कामना हो सकती है कि आयर फले-फूले और संसार के देशों में सम्मान का स्थान प्राप्त करे। आयर के लिए इस हर्ष के बीच विषाद की एक ही रेखा खिंची रही और वह यह कि उत्तरी आयरलैण्ड अब भी उससे पृथक बना हुआ है। आयरिश स्वाधीनता के अन्यतम योद्धा श्री डी वेलरा और उनकी पार्टी का हर्ष समारोहों से अलग रहना इसी असंतोष को प्रकट करता है। आयर के प्रधानमंत्री ने उत्तरी आयरलैण्ड वालों के सामने यह प्रस्ताव रखा है कि यदि वे रक्षा और वैदेशिक मामले अखिल आयर सरकार के सुपुर्द कर दें, तो शासन की शेष सत्ता अभी की भांति उनके हाथों में रह सकती है। उत्तरी आयरलैण्ड वाले अपनी जिद पर डटे हुए हैं, इसलिए आयरलैण्ड का विभाजन बना रहेगा। किन्तु हमारी आशा है कि एक न एक दिन ऐसा अवश्य आयेगा, जब आयर पुनः संयुक्त होगा।

शिक्षा की समस्या- स्वतंत्र भारत को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उनमें शिक्षा की समस्या असाधारण महत्व रखती है। देश का भविष्य आने वाली पीढ़ी पर जितना निर्भर करता है, उतना मौजूदा पीढ़ी पर नहीं। आने वाली पीढ़ी को अपने दायित्व का बोझ उठाने के लिए सक्षम बनाना उस शिक्षा पर निर्भर करता है जो आज दी जायेगी।

**सड़क से सर्वोच्च न्यायालय तक ईवीएम और वीवीपैट की चर्चा है, पर एक वह भी समय था, जब लोग मतपत्र मतदान केंद्र से बाहर लाकर बेच देते थे और साल 1960 में चुनाव प्रक्रिया में बड़े सुधार की पहल हुई थी। उस साल 16 दिसंबर को संसद में हुई बहस आज भी प्रासंगिक है।**

## आमने-सामने

# लोगों को सिखाएं कि अपना वोट नहीं बेचें



यहां स्कैन करें

ए के सेन | तत्कालीन केंद्रीय विधि मंत्री

- मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं कि हमारे देश के मतदाता इतने जाहिल हैं।
- गरीब मतदाता मतपत्रों को बाहर ले जाकर बेच देते थे। यह खतरनाक है।
- बहुत से लोग मतपत्र कहीं भी रखकर और नमस्कार करके लौट जाते हैं।

सभा को याद होगा कि निशान लगाकर मतदान की प्रणाली 1952 के सामान्य निर्वाचन के पहले प्रचलित थी। वास्तव में सन् 1945 के सामान्य निर्वाचन निशान लगाकर मतदान करने की प्रणाली के अंतर्गत ही हुए थे।... यह ठीक है कि इधर-उधर कुछ गलतियां भी हुईं। जब 20 करोड़ व्यक्ति मत देने आएंगे, तो कुछ गलतियां अवश्य ही होंगी, परंतु देश के आकार और मतदाताओं की संख्या को देखते हुए हमने चुनाव आयुक्त की सिफारिश पर जो चुनाव व्यवस्था निर्धारित की है, वह सर्वथा सफल सिद्ध हुई है...। निशान लगाकर मतदान के विरुद्ध केवल एक तर्क पेश किया गया है और वह यह कि जब संसद के माननीय सदस्य भी बटन ठीक से नहीं दबा सकते, तो अशिक्षित मतदाता मतपत्र पर सही निशान कैसे लगा सकते हैं? ...हमें स्वीकार करना चाहिए कि उसमें शिक्षा का विशेष महत्व नहीं है, क्योंकि शिक्षित होने के बावजूद लोग गलतियां कर सकते हैं।...

पहले हम गांवों की बात करेंगे, क्योंकि अभी भी हमारे अधिकांश देशवासी गांवों में ही रहते हैं। अभी जो प्रणाली प्रचलित है तथा जो 1952 और 1957 में भी अपनाई गई थी, वह यह है कि एक कमरे में उतनी मतपेटियां रखी जाती हैं, जितने उम्मीदवार होते हैं और प्रत्येक पेटी पर एक उम्मीदवार का चुनाव-चिह्न अंकित होता है। यदि दस उम्मीदवार होंगे, तो दस पेटियां होंगी। ...अब उसे अनेक मतपेटियां न देखकर एक कागज पर बने चुनाव चिह्नों में से एक चिह्न चुनना होता है। ...मैं ऐसे अनेक मामले जानता हूं, जिनमें मतपेटियां इस प्रकार रख दी जाती हैं कि आदमी अपनी पसंद की पेटी नहीं तलाश कर पाता और मतपत्र को वहीं कहीं डाल देता है अथवा अपने साथ ही लेकर चला जाता है। मैं समझता हूं, जब एक व्यक्ति अनेक पेटियों में से चिह्न देखकर अपनी पसंद की पेटी तलाश कर सकता है, तो कोई कारण नहीं कि वह मतपत्र पर भी वह चिह्न न तलाश कर सके, जिस पर वह निशान लगाना चाहता है। ...वास्तव में मेरा तो विचार यह है कि जो प्रणाली हम अब अपनाने जा रहे हैं, वह पहले वाली प्रणाली से अधिक सरल है।...

मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि हमारे मतदाता इतने जाहिल हैं। बात वास्तव में यह है कि हम उन्हें भली प्रकार समझाते नहीं हैं। शिक्षा का इससे कोई संबंध नहीं है। ...जिन बुराइयों के निराकरण के लिए यह प्रणाली निकाली गई थी, वे अनेक हैं। सबसे पहली बात तो यह है कि गरीब मतदाता मतपत्रों को बाहर ले जाकर बेच देते थे। प्रजातंत्र के लिए इससे अधिक खतरनाक चीज कोई नहीं है। वर्तमान प्रणाली में मतदाता मतपत्र को बाहर नहीं ले जा सकेगा, क्योंकि मतपत्र निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में पेटी में डाला जाएगा। ...एक अन्य बात यह है कि बहुत से लोग मतपत्र लेकर उसे कहीं भी रखकर और नमस्कार करके चले जाते हैं। ...अब संसदीय सीट की मतगणना को ले लीजिए। बहुत से गणक मेज पर बैठते हैं और मतपेटियां फैला दी जाती हैं। प्रत्येक पेटी से मतपत्र निकालकर गिने जाते हैं। उस समय उनको एक-दूसरे में आसानी से मिलाया जा सकता है। एक बार उनके मिल जाने पर यह पता नहीं लगाया जा सकता कि कौन सा मतपत्र किसके लिए था। वर्तमान प्रणाली में यह दोष भी दूर हो जाएगा।

निशान लगाकर मतदान की नई प्रणाली को तुरंत क्रियान्वित करना संभव नहीं होगा। हम यह चुनाव आयुक्त पर छोड़ देंगे कि वह जिन क्षेत्रों को ठीक समझें, उनको नई प्रणाली लागू करने से छूट दे सकें। हम स्वयं निर्धारण नहीं करेंगे। ...आयुक्त के लिए नई प्रणाली को तुरंत लागू करना कठिन होगा। हमें याद रखना चाहिए कि आगामी वर्षों में हमारे देश में साक्षरता भी बहुत बढ़ जाएगी। अनुमान है, 1961 की जनगणना में 40 प्रतिशत साक्षरता हो जाएगी। इसलिए हमें ऐसी प्रणाली को यथाशीघ्र लागू करने का प्रयत्न करना चाहिए।

(लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से)

# सीखते, तो अभी तक सब सज्जन हो जाते



यहां स्कैन करें

विभूति मिश्र | वरिष्ठ नेता व तत्कालीन सांसद

- संसद क्या जांच नहीं कर सकती कि मतदाता बुद्धिमान हैं या नहीं हैं?
- अमेरिका में मार्किंग सिस्टम है, मशीन का प्रयोग है, पर वहां भी गलती हुई है।
- यह कहना तकनीकी बात है कि तमाम लोगों को सिखाया जा सकता है।

सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी की तारीफ करता हूं कि ईमानदारी के साथ उन्होंने मार्किंग सिस्टम को जारी किया है, पर उन्होंने खुद ही अपने भाषण में इस बात को कबूल किया है कि जो दूरदराज के इलाके हैं, जो पिछड़े इलाके हैं, वहां इस व्यवस्था को लागू नहीं किया जाना चाहिए। ... शहरों में वह इस व्यवस्था को लागू करने के हक में हैं, किंतु पिछड़े इलाकों में लागू करने के पक्ष में नहीं हैं और उनके लिए उन्होंने कहा कि सिंबल सिस्टम ही जारी रखा जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा है कि मतदाता बुद्धिमान हों। मैं कहना चाहता हूं कि यह संसद ही अगर इस बात की जांच नहीं कर सकती कि मतदाता बुद्धिमान हैं या नहीं, तो और कौन कर सकता है? ...यह कहा गया है कि मतगणना में गड़बड़ी होती है। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि इसमें कभी गड़बड़ी नहीं होती है। एक प्रत्याशी के पहले सारे मत गिन लिए जाते हैं और उसके बाद पेटी में बंद हो जाते हैं और उसके बाद ही दूसरे प्रत्याशी के मतों की गिनती होती है। मेरी इस बात का मंत्री जी ने जवाब नहीं दिया है कि 42 करोड़ बैलेट पेपर और 15 दिन के अंदर हिन्दुस्तान में सुरक्षा के साथ छपवाए जा सकते हैं या नहीं छपवाए जा सकते हैं। ...मैंने अमेरिका का उदाहरण दिया था। वहां मार्किंग सिस्टम है और वहां पर इस काम में मशीन को इस्तेमाल में लाया जाता है, पर वहां भी गलती हुई है।...

मैं नहीं कहता कि मार्किंग सिस्टम फेल होगा, पर फेल अगर होता है, तभी तो सुधार की बात कही जाती है। ...सुधार की बात सिंबल सिस्टम में भी और मार्किंग सिस्टम में भी, दोनों में लागू होती है। इस वास्ते क्यों न पुराने सिस्टम को सुधार करके चालू रखा जाए?

...गांव में आज दिन भी बड़े-बड़े लोग रहते हैं और उनके सामने जाकर गरीब आदमी को वोट देना होगा और वह बड़ा आदमी उसको डरा-धमकाकर जिसको चाहेगा, वोट दिलवा देगा और उसको कह देगा कि फलां बक्से में वोट डालो। उस गरीब आदमी को दिखलाना पड़ेगा कि वह उसको वोट दे रहा है या उसके कहने के मुताबिक वोट दे रहा है। ...गोपनीयता नहीं रह पाएगी।

आप कहते हैं कि मार्किंग सिस्टम में मतदाता को शिक्षित किया जाए और उसको कहा जाए कि वह अपना मत न बेचे। ...आप यह भी कहते हैं कि प्रत्याशी उनको बुद्धिमानी से शिक्षित करें। मैं पूछना चाहता हूं कि इस सदन में कितने माननीय सदस्य ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी का कुछ हिस्सा जनसेवा में लगाया है?...

जहां तक इल्जाम लगाने का ताल्लुक है, वह कोई भी लगा सकता है। चाहे यहां धर्मराज भी आकर बैठ जाएं, तो उनके खिलाफ भी इल्जाम लगाए जाएंगे। ...हमारे यहां के चुनाव की आज दुनिया भर में साख है। पहले हमारे (सुकुमार) सेन साहब चुनाव आयुक्त थे..., उन्होंने ईमानदारी के साथ चुनाव करवाया...।

यहां कुछ लोगों का दिल्ली, कलकत्ता, बंबई आदि बड़े शहरों में रहने के कारण गांवों से संपर्क छूट गया है। ...केरल में जो उप-चुनाव हुआ, उसे कराने के लिए सारे हिन्दुस्तान की हर पार्टी के लोग गए थे और एक-एक वोटर को चार-चार आदमी सिखाने के लिए थे, तो केरल का चुनाव कोई उदाहरण नहीं है। ...जब आम चुनाव होंगे, तब सारे हिन्दुस्तान में एक साथ होंगे। उस समय हर एक अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में काम करेगा। जब अपनी दाढ़ी में आग लगेगी, तो कौन किसी और को देखेगा और दिखाएगा। यह कहना तो एक तकनीकी बात है कि लोगों को सिखाया जा सकता है। अगर ऐसा होता, तो आज सारे लोग सज्जन हो गए होते और धर्मात्मा हो गए होते। राजा रामचंद्र के राज में और युधिष्ठर के राज में भी यही कहा जाता था, पर लोग शिक्षित नहीं हो पाए। असलियत देखते हुए मैं कहता हूं कि सेन साहब या चुनाव आयुक्त हमारे साथ हिन्दुस्तान के देहात का पैदल दौरा करें, तब उन्हें सही स्थिति का ज्ञान हो सकेगा।

(लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से)

# ताकि वकील बनने के लिए भी लालायित हों योग्य युवा



यहां स्कैन करें

हरिवंश चतुर्वेदी | शिक्षाविद, पूर्व निदेशक,बिमटेक

विधि शिक्षा की नीति निर्धारण करने वाली सर्वोच्च संस्था, 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' ने सभी राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर विधि शिक्षा के अंधाधुंध विस्तार पर गहरी चिंता व्यक्त की है। बार काउंसिल ने विधि शिक्षा के अत्यधिक विस्तार पर अंकुश लगाने के अनुरोध की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है। ध्यान रहे, विगत कुछ वर्षों में राज्य सरकारों ने 300 नए विधि महाविद्यालय खोलने की अनुमति दी है।

विधि शिक्षा हमारे देश की पूरी व्यवस्था की रीढ़ की तरह है। फिलहाल विधि महाविद्यालयों की संख्या 1,800 से अधिक है, जिनमें करीब 1,200 कॉलेज निजी क्षेत्र में, 500 से ज्यादा कॉलेज सरकारी क्षेत्र में और लगभग 100 कॉलेज अर्द्ध-सरकारी क्षेत्र में हैं। यूं तो भारत में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की कमी और आधारभूत मानकों की अवहेलना पर राष्ट्रीय स्तर की चर्चा होती रही है, किंतु विधि शिक्षा की गिरावट सभी हदों को तोड़ती रही है।

आज अगर सभी क्षेत्रों में गिरावट या कमी दिख रही है, तो इसकी एक बुनियादी वजह कमजोर विधि शिक्षा भी है। बार काउंसिल के नए प्रयास अगर साकार होते हैं, तो असर देश में सभी क्षेत्रों पर पड़ेगा। आज कोई भी शहर देख लीजिए, वकीलों की दयनीय स्थिति कई बार मजाक का विषय बन जाती है। विधि शिक्षा के महत्व को आज उच्च प्राथमिकता देने की जरूरत है। इसे हम अपने गणतंत्र, संसदीय व्यवस्था, संविधानवाद, नागरिकों के मूलभूत अधिकार, स्वाधीनता, बालिग मताधिकार और सब प्रकार के भेदभाव पर सांविधानिक निषेध से जोड़कर देख सकते हैं। जरा सोचिए, उपरोक्त व्यवस्थाओं को निर्मित करने वाले हमारे राष्ट्र निर्माता कौन थे और वे किस पेशे से जुड़े थे और कौन-सी शिक्षा उन्होंने ग्रहण की थी? महात्मा गांधी जवाहरलाल नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मदन मोहन मालवीय, मोतीलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और सी राजगोपालाचारी जैसे राष्ट्रीय नेताओं ने कानून की बेहतरीन शिक्षा ली थी और वकालत के पेशे से जुड़े थे। क्या आज स्तरहीन कानून की शिक्षा लेकर वकील बनने वाले लोग हमारे सांविधानिक ढांचे की उचित रखवाली और कानून के शासन के व्याख्याता बन सकते हैं? यही कारण है कि यहां बार काउंसिल की चिंताएं समीचीन जान पड़ती हैं। हम 2047 तक एक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। क्या कानूनी शिक्षा की मौजूदा हालत को सुधारे बिना और वकालत के पेशे को सुदृढ़ किए बिना विकसित भारत : 2047 का सपना साकार किया जा सकता है? हमें उन चुनौतियों से रूबरू होना पड़ेगा, जिनका सामना आज कानूनी शिक्षा और वकालत का पेशा कर रहा है।

**भारत के इंजीनियर, डॉक्टर और चिकित्सकों की दुनिया भर में मांग है, ठीक ऐसे ही विधि विशेषज्ञों की भी मांग होनी चाहिए। बार काउंसिल का प्रयास हमें इसी दिशा में ले जाता है।**

इंजीनियरिंग में आईआईटी, प्रबंधन में आईआईएम और चिकित्सा में एम्स की तरह विधि शिक्षा में उच्च मानक स्थापित करने के लिए 1990 के दशक में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की संख्या अब 27 हो चुकी है। चूंकि इनकी स्थापना सरकारों द्वारा विधिवत समुचित संसाधनों से की गई, अतः आज ये चमकते सितारे बन चुके हैं। इनके स्नातकों की मांग देश-विदेश में बढ़ती जा रही है। इनकी प्रसिद्धि का एक कारण तीन वर्ष की लॉ डिग्री न देकर पांच वर्षीय एकीकृत डिग्री देना भी रहा है। क्या इन राष्ट्रीय संस्थानों जैसी गुणवत्ता देश के सभी 1,800 विधि संस्थानों में बहाल की जा सकती है?

भारत के इंजीनियर, डॉक्टर और प्रबंधकों की दुनिया भर में मांग है, ठीक ऐसे ही विधि विशेषज्ञों की भी मांग होनी चाहिए। आने वाले समय में विश्व स्तर पर अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए भी गुणवत्ता वाले लाखों वकीलों की जरूरत पड़ेगी। कुछ निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों ने जो उल्लेखनीय मानक स्थापित किए हैं, उन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। अभी हाल ही में जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत को क्यूएस रैंकिंग में एशिया के स्तर पर प्रथम स्थान मिला है, जो निस्संदेह सराहनीय है। इससे अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा मिलनी चाहिए।

आज डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधक बनने के लिए प्रतिभाशाली युवाओं के बीच भेड़चाल दिखाई देती है। अगर हम विधि शिक्षा के लिए भी प्रतिभावान युवाओं में आकर्षण पैदा कर सके, तो सबको लाभ होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

### उदारता क्यों जरूरी

जीवन में जब-जब तुम रुकावट महसूस करते हो, तुम्हारा विकास नहीं हो रहा, तुम इच्छाओं से घिरे हो, तुम्हें रूखापन महसूस होता है, तब तुम्हें क्या करना चाहिए? इसका सरल समाधान है- उदार बनो। कल नहीं, अभी, इसी क्षण। राजा हो या भिखारी, दोनों उदारता महसूस कर सकते हैं। उदारता चित्त की विशेषता है। जब तुम उदार महसूस करते हो, तुम्हारा जीवन समृद्ध होता है- अनुकंपा और प्रेम से परिपूर्ण होता है।

कई बार लोग पूछते हैं, क्या उदारता और कृतज्ञता एक ही है? नहीं, कृतज्ञता में ध्यान खुद पर होता है। तुम कृतज्ञ क्यों हो? इसलिए कि तुम्हारे पास कुछ है या तुम्हें कुछ मिला है। उदारता एक अभिव्यक्ति है, जो बाहरी परिस्थितियों से विमुक्त है। कोई अन्य तुम्हें उदार नहीं महसूस करा सकता। इसे तुम्हें स्वयं महसूस करना है। वास्तव में, उदारता कोई कृत्य नहीं, चेतना की अवस्था है, परंतु इसकी अभिव्यक्ति हमेशा कृत्य द्वारा ही होती है। एक बात हमेशा याद रखो, आसक्ति अभाव को दर्शाती है, अनासक्ति समृद्धि है। उदारता के बिना अनासक्ति स्वार्थी बनाती है, रूखापन लाती है। भूतकाल में की गई उदारता को याद करने से केवल कर्तापन आता है। इसे छोड़ो और केवल उदार महसूस करो।

समय को अपनी मौजूदगी का उत्सव मनाने दो। प्रायः तुम उत्सव में खो जाते हो। जब तुम काल को अपना उत्सव मनाने देते हो, तब उत्सव के बीच भी तुम साक्षी बनकर रहते हो। जब तुम संसार के लिए जीते हो, तो संसार सौभाग्यशाली बनता है। तुम अपने लिए नहीं जी रहे, संसार के लिए जी रहे हो। जो कुछ भी संसार को चाहिए, जो उसे जरूरत है, तुम उसकी पूर्ति के लिए हो।

श्री श्री रविशंकर

डॉ एसवाई कुरैशी | पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त



**यूरोप के 86 प्रतिशत देशों में राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ने के लिए राज्य से धन दिए जाने की व्यवस्था है। यदि वहां पर यह प्रणाली अच्छा काम कर सकती है, तो भारत में क्यों नहीं करेगी?**

# ब्रिटिश सांसदों की अनुचित हरकत

ब्रिटेन के 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' में विंचेस्टर से प्रतिनिधि लॉर्ड बिशप ने भारत में धार्मिक आजादी व मणिपुर हिंसा को लेकर सवाल उठाया और ऋषि सुनक सरकार से जवाब-तलब किया। यह पहली बार नहीं है कि ब्रिटिश पार्लियामेंट में भारत के अंदरूनी मामले पर बात की गई और एक तरह से हमें कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की गई। इसके पहले भी किसान आंदोलन के दौरान भारतीय मूल के ब्रिटिश सांसदों ने भारत सरकार की कार्रवाई पर 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में बहसबाजी की थी। ब्रिटिश सांसदों की यह बेजा हरकत है और हमारी सरकार को इसका संज्ञान लेना चाहिए। यह हमारे आंतरिक मामले पर टिप्पणी है।

ब्रिटेन के राजनेता भारत में धार्मिक आजादी पर उंगली उठाते हैं, मगर खुद वहां पर हमारे राजनयिक जब गुरुद्वारा जाना चाहते हैं, तो असामाजिक तत्वों द्वारा उनके साथ अभद्रता की जाती है और ब्रिटिश पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी के साथ स्कॉटलैंड में क्या हुआ था, क्या यह याद दिलाने की जरूरत है? वहां मंदिरों की दीवारों को विकृत कर, उन पर नफरत फैलाने वाले नारे लिखकर अपराधी मजे से निकल जाते हैं और अपनी व्यवस्था पर इतराने वाली ब्रिटिश पार्लियामेंट इसके बारे में कोई चिंता नहीं जताती। यह दोमुंहापन नहीं, तो और क्या है? दरअसल, जब से भारतीय अर्थव्यवस्था ने पश्चिमी देशों को पीछे छोड़ना शुरू किया है, तभी से भारत की तरक्की उन्हें पच नहीं रही। वे गाहे-बगाहे भारत की छवि को दागदार बनाने के लिए ऐसी हरकतें करते रहते हैं, ताकि दुनिया को जता सकें कि भारतीय लोग आज भी असभ्य हैं। लेकिन संयोग से अब उनकी राय की बहुत परवाह न नई दिल्ली को है और न शेष दुनिया को, क्योंकि पश्चिम की श्रेष्ठता-ग्रंथि के पीछे छिपी कुंठा को उसने देख लिया है।

म्यांमार की तरफ से लगातार जारी घुसपैठ मणिपुर में हिंसा की बड़ी वजह है और इस तथ्य से अंग्रेजों से बेहतर कौन अवगत होगा? मगर जान-बूझकर अपने घरेलू मामलों से ध्यान भटकाने के लिए ब्रिटिश राजनेता ऐसी हरकतें करते हैं। हमें इस प्रवृत्ति की हर मंच से निंदा करनी चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर की सराहना करनी चाहिए कि अमेरिकी टिप्पणी हो या यूरोप के किसी देश का बयान, ऐसी हरकतों का वह फौरन जोरदार जवाब देते हैं। भारत के पास विशाल बाजार है, प्रतिभा है और सबसे बड़ी युवा आबादी है। इसलिए इसकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश ब्रिटेन को ही भारी पड़ेगी।

राहुल सिंह, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### मणिपुर हिंसा




# दुनिया को हम भला किस मुंह से रोकें

पहले सिर्फ पाकिस्तान अपनी संसद में जब-तब कश्मीर का खटराग अलापता रहता था, अब मणिपुर को लेकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र द्वारा भी टिप्पणियां की जा रही हैं। निस्संदेह, इससे हमारे देश की छवि खराब होती है। हम भले कहते रहें कि यह हमारे घरेलू मामले में दखलंदाजी है, मगर हकीकत यह है कि हाल के वर्षों में हमारी सर्वधर्म समभाव वाली छवि खंडित हुई है। देश का बहुसंख्यक हिंदू शांतिप्रिय है। वह धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का समर्थक रहा है, मगर आठ-दस प्रतिशत लोगों की आक्रामकता ने सब कुछ संदिग्ध कर दिया है। जब हम दूसरे देशों के हिंदू नागरिकों के साथ ज्यादती को मानवाधिकार के बजाय धार्मिक नजरिये से देखेंगे, उनके हितों के लिए आवाज उठाएंगे, तब किस मुंह से ब्रिटिश संसद के किसी ईसाई धर्म के शुभचिंतक सदस्य की कार्रवाई का विरोध करेंगे?

लॉर्ड बिशप ने मणिपुर में चर्चों को जलाए जाने और ईसाई धर्मावलंबियों के साथ हिंसा का मुद्दा बनाया है। दरअसल, दुनिया को यह मौका हमने ही मुहैया कराया है। मणिपुर में हिंसा कोई अचानक नहीं भड़की। यह लंबे समय से वहां के समाज में घनीभूत होते तनाव की परिणति है। आखिर हमारी सरकारें या उनका गुप्तचर तंत्र कहां था? वे क्यों नहीं आकलन कर सके कि हालात किस कदर गंभीर रूप ले रहे हैं? मणिपुर तो आज भी दहक रहा है। मीडिया ने वहां की खबरों से मुंह फेर लिया है, तो इसका यह अर्थ नहीं कि वहां की स्थिति सामान्य हो गई है। वास्तविकता यह है कि राज्य में लोकसभा की दो सीटें हैं और चुनाव आयोग यह हिम्मत नहीं जुटा सका कि एक चरण में दोनों सीटों पर मतदान कराया जाए। सोचिए! तमिलनाडु में 39 सीटों पर एक चरण में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो जाते हैं और मणिपुर कहां है? हमें अपने सभी क्षेत्रों को लेकर समान रूप से संवेदनशील होने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में फौज शांति ला सकती है, मगर मणिपुर में उसके हाथ बंधे हुए हैं।

हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां दुनिया के किसी कोने में मानवाधिकारों के हनन पर कोई चिंता जता सकता है, वरना तो कोलंबो हमसे कहेगा, श्रीलंका के तमिलों के नरसंहार पर भारत को बोलने का अधिकार नहीं, मधेसियों के दमन पर नेपाल यही दलील पेश कर देगा। इसलिए बेहतर होगा कि टिप्पणियों से आहत होने के बजाय आईना दिखाने वाली कार्रवाई की जाए। भारत की प्रतिष्ठा दूसरे देशों के चंद स्वार्थी राजनेताओं की टिप्पणियों से काफी बड़ी है। उस पर इनसे कोई खरोंच नहीं आने वाली!

दिव्य प्रकाश तिवारी, टिप्पणीकार

# 'नौसेना को स्वदेशी रक्षा सामग्री से ताकतवर बनाएंगे'

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** नवनियुक्त नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के लिए नौसेना को स्वदेशी रक्षा सामग्री से लैस कराने के साथ-साथ समुद्री सीमा के भीतर हूती विद्रोहियों की गतिविधियों से निपटने का कार्य उच्च प्राथमिकता में होगा।

गुरुवार देर रात उनकी नियुक्ति की घोषणा केंद्र सरकार ने की। आगामी 30 अप्रैल को वह पदभार ग्रहण करेंगे। मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार उसी दिन सेवानिवृत्त होंगे। एडमिरल दिनेश कुमार ऐसे वक्त में नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी ग्रहण कर रहे हैं, जब सरकार का पूरा ध्यान रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया पर है।

तीनों सेनाओं में सबसे ज्यादा स्वदेशी साज-ओ-सामान नौसेना के लिए तैयार किया जा रहा है। कोशिश यह है कि अगले कुछ सालों में नौसेना के लिए सौ फीसदी साज-ओ-सामान का निर्माण देश में हो। लक्ष्य है कि साल 2050 तक नौसेना के लिए विभिन्न किस्म के 200 पोत और 500 वायुयानों का निर्माण देश में ही होगा। अभी भी विभिन्न किस्म के 67 पोत देश में बन रहे हैं, जिनमें एक विमानवाहक पोत भी शामिल है।

**30** अप्रैल को नए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी पदभार ग्रहण करेंगे

**67** पोत देश में बन रहे हैं, जिनमें एक विमानवाहक पोत भी शामिल है

**2050** तक नौसेना के लिए 200 पोत और 500 वायुयानों का निर्माण होगा।


एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी।

नए प्रमुख को इन परियोजनाओं को तय समय के भीतर पूरा कराने के प्रयास करने होंगे। ज्यादातर परियोजनाओं का जिम्मा रक्षा मंत्रालय की ही सरकारी कंपनियों के पास है। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में इजरायल-फलस्तीन संघर्ष और उसमें ईरान के दखल, समुद्र में हूती विद्रोहियों और समुद्री डाकुओं की बढ़ती गतिविधियों के चलते नौसेना पिछले दिनों काफी सक्रिय रही है।

### प्रतिष्ठित सेवा का अनुभव

15 मई, 1964 को जन्मे वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 1 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। वे संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ हैं। उनके पास लगभग 39 वर्षों की प्रतिष्ठित सेवा का अनुभव है। त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के पोत विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है।

## पारंपरिक सीमाएं हो रहीं धुंधली : चौधरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायु सेना प्रमुख ने कहा है कि भूमि, समुद्र, वायु, साइबर और अंतरिक्ष डोमेन की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं। इससे युद्ध लड़ने में आदर्श बदलाव आ रहा है।

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने यह बात शुक्रवार को यहां भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए, क्षमताओं को विकसित किया जाना चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा करें।

# भारत ने फिलीपींस को सौंपी ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल




**375** मिलियन डॉलर के समझौते के तहत फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें निर्यात कीं

**करार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने साल 2022 में फिलीपींस के साथ किए गए 375 मिलियन डॉलर के समझौते के तहत शुक्रवार को फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें सौंपीं। भारतीय वायु सेना ने फिलीपींस के मरीन कॉर्प्स को वैपन सिस्टम पहुंचाने के लिए अपने अमेरिकी सी-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान को भेजा।

भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइलें किसी देश को भेजी हैं। मिसाइलों के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम के लिए ग्राउंड सिस्टम का एक्सपोर्ट पिछले महीने शुरू हुआ था। ब्रह्मोस ने भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय सेना ने 2007 से कई ब्रह्मोस रेजिमेंटों को अपने बेड़े से जोड़ा था। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल में दो स्टेज वाला ठोस प्रोपेलेंट बूस्टर इंजन लगा है जो इसे सुपरसोनिक गति तक ले जाता है। दूसरी स्टेज में तरल रैमजेट इंजन है जो इसे क्रूज फेज में मैक 3 (ध्वनि की गति से 3 गुना) गति के करीब ले जाता है। फिलीपींस ऐसे समय में मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी ले रहा है जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पों के कारण फिलीपींस और चीन के बीच तनाव बढ़ गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत द्वारा फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें सौंपने के बाद देशवासियों को बधाई दी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अब हम ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भी कर रहे हैं। इस मिसाइल की पहली खेप आज फिलीपींस जा रही है। सभी देशवासियों को इसके लिए बधाई देता हूं।

### चुनाव के बारे में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यात्रा या जनसभाएं आयोजित करने की अनुमति मामले में सुनवाई

# जनसभा पर तीन दिन में फैसला लें : कोर्ट

**निर्देश**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव के बारे में लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर सक्षम प्राधिकार को तीन दिनों में फैसला करना होगा। शीर्ष अदालत ने एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति देते हुए यह निर्देश दिया है। याचिका में सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, धारा 144 के तहत जारी किए गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद्द करने की मांग की गई है।

जस्टिस बी.आर. गवई और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि सक्षम प्राधिकार चुनाव के बारे में लोगों में जागरूकता लाने के मकसद से यात्रा या जनसभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों में निर्णय करे। पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की ओर से दाखिल याचिका पर यह निर्देश दिया है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों, सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा धारा 144 लागू करने के लिए धड़ल्ले से आदेश जारी किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

## नामांकन रद्द की सुनवाई पर अराजकता फैल जाएगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट यदि नामांकन खारिज करने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई शुरू कर दे तो चुनाव में अराजकता फैल जाएगी। शीर्ष अदालत ने बिहार के बांका लोकसभा सीट से नामांकन रद्द किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपको चुनाव याचिका दाखिल करनी होगी। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल नहीं कर सकते, आप पहले हाईकोर्ट जाइए और वहां अपनी मांग रखिए। उन्होंने कहा कि यदि हम इस याचिका पर नोटिस जारी करेंगे और मामले की सुनवाई करेंगे तो यह चुनाव से आगे बढ़ जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि आपको चुनाव कानून के अनुशासन का पालन करना होगा। पीठ ने कह कि यह अदालत नामांकन पत्र रद्द किए जाने के खिलाफ दाखिल इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं है।



### तत्काल निर्देश जारी करने की गुहार

याचिकाकर्ता झा ने कहा था कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 36 चुनाव में निर्वाचन अधिकारी (आरओ) द्वारा नामांकन पत्रों की जांच से संबंधित है और इसकी उप धारा 4 में कहा गया है कि आरओ किसी त्रुटि के आधार पर नामांकन पत्र को अस्वीकार नहीं करेगा, जो पर्याप्त चरित्र का नहीं है। कोर्ट से इसके लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 36 (4) के अर्थ के तहत महत्वपूर्ण चरित्र के दोषों को परिभाषित करने के लिए तत्काल उचित परमादेश (रिट) या निर्देश जारी करने की गुहार लगाई गई थी।

## सत्र अदालत यूएपीए मामलों की सुनवाई कर सकती है

**नई दिल्ली, विसं।** सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि राज्य में विशेष अदालत नहीं होने की स्थिति सत्र न्यायालय के पास यूएपीए-1967 के तहत दर्ज आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने का अधिकार होगा।

शीर्ष अदालत ने कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की अपील को स्वीकार करते हुए यह फैसला दिया है। जस्टिस बी.आर. गवई और संदीप मेहता की पीठ ने हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि यूएपीए के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले की सुनवाई करने का अधिकार सिर्फ विशेष अदालत को है। हाईकोर्ट ने कहा था कि सत्र न्यायालय के पास यूएपीए के तहत दर्ज मामले में सुनवाई करने का अधिकार नहीं है।

## सीएए मामले पर केंद्र और असम से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम (सीएए), 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब मांगा। सीएए को 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने के लिए लागू किया गया है।

## सरोगेसी कानून पर केंद्र को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने सरोगेसी कानून के उस प्रावधान के खिलाफ एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा, जो विवाहित जोड़ों को पहला बच्चा स्वस्थ होने पर सरोगेसी के माध्यम से दूसरा बच्चा पैदा करने से रोकता है।

## पोर्नोग्राफी में बच्चों का इस्तेमाल चिंता का विषय

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी बच्चे का पोर्न देखना अपराध नहीं हो सकता, लेकिन बच्चों का पोर्नोग्राफी में इस्तेमाल किया जाना 'गंभीर' चिंता का विषय है और यह अपराध हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले गैर सरकारी संगठनों जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस ऑफ फरीदाबाद और नई दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन द्वारा दायर अपील पर फैसला सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां कीं। मद्रास हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया था कि केवल बाल पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अधिनियम और आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है।

## गर्मी में वकीलों को ड्रेस कोड में छूट दी

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता शहर में दिन का तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस होने और जबरदस्त गर्मी पड़ने के मद्देनजर मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम के निर्देश पर कलकत्ता उच्च न्यायालय में वकीलों को गाउन पहनने से छूट दी गई है।

मौसम विभाग का अनुमान कोलकाता और आसपास के जिलों में लू की स्थिति कम से कम अगले पांच दिन तक बनी रहेगी। लू के साथ ही प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों को राहत देने के लिए गर्मी की छुट्टियों के अंत तक अधिवक्ताओं का गाउन पहनने से छूट देने का निर्देश दिया है।

# छात्रा की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**कर्नाटक**

**हुबली, एजेंसी।** कर्नाटक के हुबली में निगम पार्षद की बेटी की कॉलेज परिसर में हत्या के विरोध में शुक्रवार विरोध-प्रदर्शन हुआ। छात्रा का अंतिम संस्कार शुक्रवार को कर दिया गया।

इस घटना को लेकर राजनीति भी तेज हो गई और कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने जहां इस घटना को दो लोगों का निजी मामला बताया वहीं भाजपा ने लव जिहाद का संदेह जताया और कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को दर्शाता है।

भाजपा की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और हिंदू संगठनों से जुड़े अन्य संगठनों ने इस घटना के सिलसिले में न्याय और आरोपियों को सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### लव जिहाद से जुड़ा हो सकता है मामला : जोशी

केंद्रीय मंत्री एवं धारवाड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने संदेह जताते हुए कहा है कि यह घटना लव जिहाद से जुड़ा मामला हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के शासन के तहत कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से खराब हो गई है।

### लव जिहाद का प्रमाण नहीं : गृह मंत्री

राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि इस घटना को लव जिहाद के दृष्टिकोण से देखना सही नहीं है, क्योंकि इस संबंध में अब तक कोई प्रमाण नहीं मिला है। वहीं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि हत्या व्यक्तिगत कारणों से हुई। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी है।



### बीमा नियामक इरडा ने ग्राहकों के लिए अधिकतम आयुसीमा की शर्त को हटाया

# स्वास्थ्य बीमा को अब किसी भी उम्र में खरीदा जा सकेगा

**राहत**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने स्वास्थ्य बीमा से जुड़े कई नियमों में अहम बदलाव किए हैं। इसके तहत इरडा ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए अधिकतम उम्र सीमा को भी हटा दिया है। इसके साथ ही बीमा क्लेम करने के लिए मोरेटोरियम अवधि को भी घटा दिया है।

**कंपनियां मना नहीं कर पाएंगी :** नए नियमों में अब किसी भी उम्र का शख्स स्वास्थ्य बीमा ले सकता है। अभी तक कंपनियां 65 साल से ज्यादा की उम्र वाले शख्स को यह सुविधा नहीं देती थीं। लेकिन अब 100 या इससे ज्यादा उम्र का शख्स भी स्वास्थ्य बीमा ले सकता है। कंपनियां इसके लिए मना नहीं कर सकतीं।

विशेषज्ञों के अनुसार, बीमा कंपनियों को अब वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखकर भी बीमा पॉलिसी पेश करनी होगी। हालांकि, ऐसे मामलों में बीमा प्रीमियम कुछ अधिक हो सकता है।

**क्लेम खारिज नहीं कर पाएंगी कंपनियां :** इसके साथ ही नियामक ने बीमा क्लेम के लिए मोरेटोरियम अवधि को 8 साल से घटाकर 5 साल कर दिया गया है। यानी अब लगातार 60 महीने तक प्रीमियम चुकाने वाले ग्राहक का क्लेम बीमा कंपनी खारिज नहीं कर पाएगी। इसका फायदा नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों को होगा। दरअसल, बीमा कंपनियां डायबिटीज, हाइपरटेंशन, अस्थमा जैसे बीमारियों के बारे में जानकारी नहीं देने के आधार पर क्लेम खारिज कर देती हैं। कंपनियां न सिर्फ दावा खारिज करती हैं, बल्कि पॉलिसी ही रद्द कर देती है।

**65** साल तक की आयु वाले ग्राहक को ही स्वास्थ्य बीमा देती थीं कंपनियां

**05** साल हुई मोरेटोरियम अवधि आठ से घटकर बीमा क्लेम के लिए

### वरिष्ठ नागरिकों को होगा फायदा



विशेषज्ञों का कहना है कि नियमों में बदलाव से वरिष्ठ नागरिकों को बड़ा फायदा होगा। खासकर उन्हें, जिनके पास किसी तरह का स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं है। सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सरकार की ओर से स्वास्थ्य सुविधा मिलती रहती है लेकिन निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए 65 साल के बाद यह दायरा सीमित हो जाता है। अधिकांश कर्मचारियों को किसी तरह का हेल्थ कवर नहीं मिलता है। यह फैसला उनके लिए काफी राहत प्रदान करेगा।

### मनमानी रुकेगी

विशेषज्ञों का कहना है कि मोरेटोरियम अवधि घटने से कंपनियों की मनमानी रुकेगी। कई बार कंपनियां पॉलिसी इस आधार पर रद्द कर देती हैं कि ग्राहक ने बीमारी के बारे में पहले जानकारी नहीं दी, भले ही अस्पताल में भर्ती होने की वजह दूसरी रही हो। चाहे ग्राहक ने पांच साल तक लगातार प्रीमियम भरा है। विशेषज्ञों का कहना है कि आठ साल का समय बहुत लंबा था, पहले से मौजूद बीमारियों के लक्षण सामने आने में पांच साल समय पर्याप्त है।

### दावा खारिज तो यहां करें शिकायत

- अगर ग्राहक को लगता है कि बीमा कंपनी ने गलत तरीके से दावा खारिज किया है तो वह शिकायत दर्ज करा सकता है।
- सबसे पहले कंपनी के पास शिकायत दर्ज कराएं। कंपनी की वेबसाइट मौजूद ई-मेल पते पर शिकायत भेजें।
- वहां 15 दिनों में शिकायत का निवारण नहीं होने पर इरडा की वेबसाइट (irdai.gov.in/) पर ऑनलाइन शिकायत कर सकते हैं।
- इसके अलावा इंश्योरेंस ओम्बुड्समैन के पास भी बीमा कंपनी की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# किराना दुकानों पर भी जरूरी दवाएं मिलेंगी

**तैयारी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दवाइयां खरीदने के लिए आमतौर पर लोग मेडिकल स्टोर का रुख करते हैं, लेकिन अब जल्द ही कुछ जरूरी काम की दवाइयां जैसे सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, एसिडिटी आदि कुछ अन्य समस्याओं की दवाएं किराना दुकानों यानी जनरल स्टोर पर भी मिल सकेंगी। दरअसल, केंद्र सरकार दवा नीति में कुछ खास बदलाव करने जा रही है। इसके लिए सरकार ने एक समिति का गठन किया है, जो इस मामले में जल्द ही फैसला करेगी।

खबरों के मुताबिक, इस वर्ष की शुरुआत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने भारत की ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवा नीति तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। समिति ने हाल ही में उन दवाओं की प्रारंभिक सूची पेश की है, जो किराने की दुकानों पर बेची जा सकती हैं।

**ग्रामीणों को होगा फायदा :** समिति की बैठक में नई दवा नीति के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। सूत्रों का कहना है कि आम लोगों तक दवाइयों की बेहतर पहुंच के लिए इस प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिल सकती है। इससे ग्रामीण इलाकों में रहने वालों को ज्यादा लाभ होगा। वर्तमान में अमेरिका जैसे कई ऐसे देश हैं, जहां जनरल स्टोर यानी किराने की दुकानों पर भी आम दवाइयां बेची जाती हैं।



### डॉक्टर के पर्चे के बिना खरीदना संभव

ओटीसी दवाएं वे हैं, जिन्हें डॉक्टर के पर्चे के बगैर भी खरीदा जा सकता है। भारत से पहले अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में ओटीसी दवाएं उपलब्ध हैं। इसकी बिक्री के लिए दिशानिर्देश मौजूद हैं। अभी भारत में प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के लिए एक नियम है, लेकिन उन दवाओं के लिए कोई दिशानिर्देश नहीं है, जिन्हें जनरल स्टोर पर बेचा जाना चाहिए। यह देश के चिकित्सा क्षेत्र में इस तरह की पहली पहल है, जिसका लक्ष्य गैर-पर्ची दवाओं की उपलब्धता का प्रबंधन करना है। भारत में वर्तमान में प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के अलावा ओटीसी दवाओं की व्यापक सूची का अभाव है।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

| सेंसेक्स | | | निफ्टी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 73088 +599.34 | | | 22147 +151.15 | | |
| **टॉप गेनर** | | | **टॉप गेनर** | | |
| कंपनी | बंद | बदलाव% | कंपनी | बंद | बदलाव% |
| बजाज फाइ. | 7122.30 | 3.38 | बजाज फाइ. | 7110.00 | 3.15 |
| एमएंडएम | 2082.90 | 2.90 | एमएंडएम | 2084.00 | 2.92 |
| **टॉप लूजर** | | | **टॉप लूजर** | | |
| एचसीएलटेक | 1447.90 | -1.35 | बजाज ऑटो | 8798.00 | -2.48 |
| नेस्ले | 2437.10 | -1.04 | नेस्ले | 2430.00 | -1.32 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 74,100 | +400 |
| चांदी | 86,600 | +100 |

**करेंसी**
डॉलर/रुपया
83.44 +0.08

## केनरा बैंक ने रिकॉर्ड तिथि 15 मई तय की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की पात्रता तय करने को लेकर रिकॉर्ड तिथि 15 मई तय की है। शेयरों की खरीद-बिक्री में तेजी लाने के मकसद से शेयर विभाजन किया जा रहा है। बैंक ने 10 रुपये अंकित मूल्य वाले मौजूदा शेयरों को दो रुपये अंकित मूल्य वाले पांच शेयरों में विभाजित करने की मंजूरी दी थी।

## गलत दावा करने पर सिप्ला पर जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

## महंगाई नियंत्रण को टिकाऊ बनाने की जरूरत



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर मिली सफलता को टिकाऊ बनाने की जरूरत है। दास ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर में यथास्थिति बनाए रखने के लिए मतदान करते हुए यह बात कही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एमपीसी की बैठक का ब्योरा जारी किया।

## विप्रो का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 7.8% घटा

**बेंगलुरु।** विप्रो का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,834.6 करोड़ रुपये रहा। परिचालन आय सालाना आधार पर 4.2 प्रतिशत घटकर 22,208.3 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 7.8 प्रतिशत घटकर 2,834.6 करोड़ रुपये रहा, जो पिछली समान तिमाही में 3,074.5 रुपये था।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 अरब डॉलर घटा


**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर बढ़कर 648.56 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर जा पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.51 करोड़ डॉलर घटकर 564.65 अरब डॉलर रह गई।

# नारायण मूर्ति के पोते को 4.2 करोड़ लाभांश मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति के महज पांच माह के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को इंफोसिस से करीब 4.2 करोड़ रुपये का लाभांश मिलने वाला है। दरअसल इंफोसिस ने 18 अप्रैल को घोषित मार्च तिमाही के नतीजों के साथ शेयरधारकों को प्रति शेयर 28 रुपये का लाभांश देने का ऐलान किया है।

गौरतलब है कि कंपनी के संस्थापक नारायण मूर्ति ने पिछले महीने ही एकाग्र मूर्ति को इंफोसिस के 240 करोड़ रुपये के शेयर तोहफे में दिए थे। एकाग्र को उन्होंने इंफोसिस के 15 लाख शेयर दिए, जो कंपनी की करीब 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। प्रति शेयर 28 रुपये के लाभांश की गणना करें तो, एकाग्र मूर्ति को करीब 4.2 करोड़ रुपये लाभांश के तौर पर मिलने वाले हैं।

एकाग्र को शेयर उपहार में देने के बाद नारायण मूर्ति की कंपनी में हिस्सेदारी 0.40 फीसदी से घटकर 0.36 फीसदी पर आ गई। उनके पास फिलहाल इंफोसिस के करीब 1.51 करोड़ शेयर हैं।


पिछले महीने 240 करोड़ के शेयर उपहार में दिए थे

## आईटी कंपनियों में 64 हजार कर्मी घटे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** देश की तीन सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और विप्रो में वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 64,000 कर्मचारी कम हुए हैं।

दुनिया भर में कमजोर मांग और ग्राहकों के तकनीकी खर्च में कटौती के चलते इन कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या घटी हैं। विप्रो ने शुक्रवार को कहा कि मार्च 2024 तक उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 2,34,054 रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी महीने के अंत में 2,58,570 थी। इस तरह मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष के दौरान कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में 24,516 की कमी आई।

# शेयर बाजार में चार दिनों से चल रही गिरावट थमी

**मुंबई, एजेंसी।** बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया।

सेंसेक्स 599.34 अंक चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला था और शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक तक लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स तेजी पकड़ने में सफल रहा। निफ्टी भी 151.15 अंक उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक गिर गया था लेकिन बाद में बढ़त के साथ बंद हुआ।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख रहने के बावजूद ईरान के खिलाफ इजराइल की कार्रवाई के बाद तनाव बढ़ने की आशंका सीमित रहने से भारतीय बाजारों में उत्साह देखा गया। खासकर बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूत सुधार आया।

- सेंसेक्स 599.34 अंक चढ़कर 73,088 पर बंद
- निफ्टी 151.15 अंक की तेजी के साथ 21,777 पर

## ईपीएफओ में 1.65 करोड़ सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ में सदस्यों की संख्या बीते वित्त वर्ष में 1.65 करोड़ बढ़ गई जो एक साल पहले की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। नियमित वेतन पाने वाले कर्मचारियों से संबंधित आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

श्रम मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, पिछले साढ़े छह वर्षों में 6.1 करोड़ से अधिक सदस्य कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े हैं, जो नौकरी बाजार के सामान्य होने का संकेत है।

अधिकारी ने बताया कि ईपीएफओ में शामिल होने वाले नए सदस्यों की शुद्ध संख्या 2022-23 के 1.38 करोड़ से 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2023-24 में 1.65 करोड़ हो गई।

यूपी और मप्र की चुनावी रैलियों में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर साधा जमकर निशाना

# विपक्ष लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहा : प्रधानमंत्री

**आरोप**



अमरोहा में शुक्रवार को चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ढोलक भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • प्रेट्र

**अमरोहा/दमोह, कासं/एजेंसी।** देश भर में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत हो रहे मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की चुनावी रैलियों में कांग्रेस और सपा को आड़े हाथों लिया। यूपी की अमरोहा में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसा। कहा कि शहजादों की जोड़ी देश की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है, तो मप्र के दमोह में राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को घेरा।

अमरोहा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस चुनाव में शहजादों की जोड़ी जिस फिल्म की शूटिंग कर रही है, जनता उसे पहले ही रिजेक्ट कर चुकी है। मोदी ने 2024 के चुनाव को देश के भविष्य का चुनाव बताया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव का एक-एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करेगा। इंडिया गठबंधन जहां गांव-देहात को पिछड़ा बनाने में जुटा है तो वहीं भाजपा विकास के नए आयाम गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में यूपी की पहचान पिछड़े प्रदेश की थी, अब यहां एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट बन रहे हैं। किसानों के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया गया। गन्ना मूल्य भुगतान से लेकर किसान सम्मान निधि के जरिए उनके जीवन को बदलने का प्रयास किया गया।

**80** करोड़ लोगों को देशभर में मुफ्त राशन दिया जा रहा है

**2024** के चुनाव को देश के भविष्य का चुनाव बताया

### वोट के लिए राम मंदिर का न्योता ठुकराया

प्रधानमंत्री ने मप्र के दमोह में राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि जिंदगी भर हिंदुओं के खिलाफ अदालत की लड़ाई लड़ने वाले अंसारी परिवार के सदस्य श्री राममंदिर ट्रस्ट के निमंत्रण पर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आए, पर वोट बैंक की राजनीति करने वाले विपक्ष ने इसका निमंत्रण ठुकरा दिया।

### गारंटी पूरी करने का वादा

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्ष 2014 में वे देशवासियों के सामने उम्मीद, 2019 में विश्वास और अब 2024 में गारंटी लेकर आए हैं। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी। वे बोले, परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है।

### उत्तर प्रदेश में अपराधियों के भीतर खौफ का माहौल

प्रधानमंत्री मोदी ने अमरोहा के आम, गंगा किनारे लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले और यहां के ढोलक का जिक्र किया। उन्होंने अमरोहा के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपना भाई बताया। मोदी ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां अपराधियों के भीतर खौफ का माहौल है।


## पूर्ववर्ती सरकारों ने खतरे में डाला : योगी

**मोदीनगर, विसं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर दिया था। न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी सुरक्षित थे।

मोदीनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले किसान के खेत से लोग ट्यूबवेल उखाड़ कर ले जाते थे। आज दंगे नहीं होते, न ही कर्फ्यू लगते हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों का राम नाम सत्य तय है।

## 'इंडिया' की कोई विचारधारा नहीं : जयंत

**मोदीनगर।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि एनडीए में शामिल होकर लगता है कि सही रास्ते पर आ गए हैं। इंडिया गठबंधन की कोई विचारधारा नहीं है। वह देश में डर और भय का माहौल दिखाना चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री ने किसानों को सम्मान दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल में सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिल रहा है।

**सियासत 30s**

### पूर्व विधायक दिग्विजय चौबे ने सपा छोड़ी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद से पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने समाजवादी पार्टी से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पीडीए के नाम पर जातिवाद करने का आरोप लगाया। कहा कि सपा के तथाकथित पीडीए में मैं फिट नहीं बैठ रहा था। उनके पीडीए में एक जाति विशेष को छोड़ दिया जाए तो न पिछड़ा वर्ग है और न ही मुस्लिम वर्ग है। दलित तो कभी था ही नहीं।

### देश चाहता है मोदी का नेतृत्व : प्रफुल्ल पटेल

**गोंदिया (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने शुक्रवार को कहा कि देश का मूड विकास के लिए है, देश प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व चाहता है। मतदान करने के बाद पटेल मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम ने पिछले दस वर्षों में जिन योजनाओं का वादा किया था, उन्हें पूरा किया है। देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, अभी देश को लंबे समय तक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की जरूरत है।

### मोदी का समर्थन कर रहे प्रत्याशी को वोट दें : अजित

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को उस्मानाबाद लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से ऐसे उम्मीदवार को वोट देने का आग्रह किया जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार अर्चना पाटिल के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। ऐसा उम्मीदवार चुनें जो हमारे प्रधानमंत्री का समर्थन करे। देश और राज्य को विकास की जरूरत है।

### जनता के सवालों पर मौन क्यों हैं पीएम : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री जनता के सवालों पर मौन क्यों हैं? वह अपने हर भाषण में देश की भोली-भाली जनता को छलते हैं। अमरोहा में उन्होंने यूरिया के बढ़ते हुए दामों पर चर्चा तो नहीं की लेकिन अमेरिका से तुलना जरूर की। वह यह भूल जाते हैं कि अमेरिका की प्रति व्यक्ति भारत से कई गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यूपी में गन्ने की कीमतें 360 रुपये प्रति क्विंटल पर अटकी हुई हैं, जबकि हरियाणा में 391 रुपये व पंजाब में 386 रुपये प्रति क्विंटल है।

### कांग्रेस ने मीडिया प्रभारी नियुक्त किए

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने पार्टी के कोटे की 17 में से 16 लोकसभा सीटों के लिए मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है इसमें रायबरेली के लिए सुशील पासी व डॉ. सुधा मिश्रा व अमेठी के लिए पुनीत पाठक व प्रियंका गुप्ता तथा कानपुर के लिए प्रदीप सिंह व प्रेम नारायण पाल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। गाजियाबाद के लिए आस्था तिवारी व मथुरा के लिए कुंवर सिंह निषाद मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं।

### 'कंगना के बीफ खाने पर आरएसएस संज्ञान ले'


**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मंडी सीट से भाजपा उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रानौत के बीफ खाने के बयान पर छिड़ी जंग थमने का नाम नहीं ले रही। मंडी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को हथियार बनाया है। उन्होंने मीडिया को जारी वीडियो बयान में कंगना के गौमांस खाने को मुद्दा बनाते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से इस मुद्दे पर संज्ञान लेने की मांग की है।

### जीत तो पक्की, लड़ाई मार्जिन की: चिराग

**पटना।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि पहले चरण की सभी सीटों पर एनडीए की जीत तो पक्की है। लेकिन, एक बात स्पष्ट है कि लड़ाई हर जगह जीत के मार्जिन को लेकर है कि कौन कितने बड़े मार्जिन से सीट निकालता है। चारों सीट की हम मॉनिटरिंग करते रहे हैं। एक बात तय है कि हमारे प्रत्याशी चारों जगह जीत रहे हैं। कमोबेश यही माहौल पूरे देश का है।

## कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करती है, न कि महज सत्ता पाने के लिए।



केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले पार्टी की एक सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान अर्थव्यवस्था के संबंध में सब कुछ अच्छा दिखाने का दबाव होता था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त है। जब राजनीति की बात आती है तो भाजपा जाति, पंथ और धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि न्याय और मानवता के आधार पर सियासत करती है।

## मोदी की गारंटी यानी वादा पूरा नहीं करना : खड़गे

**किशनगंज/कटिहार, हिन्दुस्तान टीम।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि बहुत सुन रहा हूं मोदी की गारंटी, लेकिन मोदी की गारंटी मतलब किया हुआ वादा पूरा नहीं करना है।



कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

खड़गे किशनगंज जिले के बहादुरगंज स्थित लोहागारा हाट और कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश और देश के संविधान को बचाने का है। अगर इसमें कुछ गलती हुई, तो सब हाथ से निकल जाएगा। कोई जाति-धर्म के नाम पर भड़कायेगा। किशनगंज में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आपको ये भी देखना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने वायदे किए और क्या कोई वादा पूरा किया, जवाब है नहीं।

**महंगाई को लेकर केंद्र पर बिफरे :** कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 2014 में पेट्रोल 66 रुपए था। 2024 में 110 रुपये हुए। डीजल यूपीए में 52 रुपये था। एलपीजी 414 की थी, अभी एक हजार है। 10 किलो आटा 210 में मिलते थे, अब 447 में मिल रहा है। देशी घी 300 रुपये किलो था, अब 700 है। दाल 80 रुपये था। उन्होंने कहा, सबका साथ सबका विकास नहीं। सबको बर्बाद करके मोदी जी ने छोड़ दिया।

**कटिहार में बोले, सत्ता में आए तो सीमांचल का पिछड़ापन दूर होगा :** कटिहार की चुनावी रैली में खड़गे ने कहा कि उनकी सरकार आती है तो सीमांचल का पिछड़ापन दूर होगा। उद्योग लगेंगे। किसानों को बाढ़-कटाव से छुटकारा मिलेगा। सीमांचल से पलायन रुकेगा। महिलाओं के खाते में सलाना एक लाख रुपया आएगा। देश में जातिगत जनगणना कराई जाएगी और उसी आधार पर लोगों को उनका अधिकार दिया जाएगा।

## 'दलितों के खिलाफ अपराध ज्यादा'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मध्य प्रदेश में पेपर लीक और भर्ती घोटालों के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने का आरोप लगाया और उनसे पूछा कि राज्य में दलितों के खिलाफ अपराध दर क्यों बढ़ रही है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश जा रहे है। ये राज्य को लेकर उनसे हमारे सवाल हैं। पेपर लीक और भर्ती घोटाले में प्रधानमंत्री किसे बचा रहे हैं?

## राहुल वंशवादी व्यवस्था पर विश्वास करते हैं : नड्डा

**वायनाड (केरल), एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वंशवादी व्यवस्था में विश्वास करते हैं।



नड्डा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के. सुरेंद्रन के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश में फूट डालो और राज करो की नीति पर काम कर रहे हैं। नड्डा ने वायनाड के सुल्तान बाथेरी में आयोजित एक रोड शो में कहा कि राहुल गांधी तुष्टीकरण की राजनीति में विश्वास करते हैं। वह वंशवादी व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं।

भाजपा प्रमुख ने प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा द्वारा कांग्रेस को समर्थन दिए जाने के लिए भी कांग्रेस और राहुल गांधी की आलोचना की।

## संविदा वाली सरकार नहीं चाहिए : नकवी

**रामपुर, संवाददाता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा। कहा कि देश की जनता को संविदा वाली सरकार नहीं चाहिए।

मतदान के बाद नकवी शंकरपुर स्थित अपने बूथ पर मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि पूरे जूनून और जज्बे के साथ हमारे प्रजातंत्र की ताकत को मजबूत करने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में जो सुशासन का बेहतरीन समय चल रहा है। उसके लिए मतदाता जमकर मतदान कर रहे हैं। नकवी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यह चुनाव नवाब और आजम के साए में नहीं हो रहा है, यह अच्छी बात है।

## पार्टी पहले से भी बेहतर प्रदर्शन करेगी : सुधांशु

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए देशभर के मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि बाकी बचे चरणों में मतदान प्रतिशत और बढ़ेगा। भाजपा के पक्ष में बेहतर परिणाम भी देखने को मिलेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि देश में भाजपा के पक्ष में रुझान दिख रहा है और विपक्षी इंडिया गठबंधन को जनता नकार रही है।

भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में त्रिवेदी ने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि इस चुनाव में उसका प्रदर्शन पिछली बार के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी मोहब्बत के नाम पर नफरत की दुकान चला रहे हैं, उससे डर कर वे अभी तक अमेठी से नामांकन दाखिल करने की हिम्मत नहीं जुटा सके हैं।



कहा, इस चुनाव में देश भर में दिख रहा भाजपा के प्रति रुझान

## सपा ने अफसरों पर कई आरोप जड़े

**लखनऊ, विसं।** समाजवादी पार्टी ने कहा कि जनता के आक्रोश से परिचित भाजपा ने पहले की तरह सत्ता के दुरुपयोग करते हुए मतदान में व्यवधान डालने की कोशिशों में कोई शर्म नहीं की। कुछ अधिकारियों ने भी इसमें भाजपा के एजेंट और कार्यकर्ता के रूप में काम किया है।

सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि शुक्रवार को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में हुए मतदान में जनता ने भाजपा के कुशासन के प्रति जनाक्रोश प्रदर्शित करते हुए 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया है।

## 'भाजपा फिर केंद्र में आई तो संविधान खतरे में होगा'

**हरिहरपारा (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा लगातार तीसरी बार केंद में आई तो संविधान का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।



ममता ने कहा, भाजपा हितों की पूर्ति के लिए हिंसा कर रही

अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के हरिहरपारा में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश की आजादी के लिए दूसरी लड़ाई से कम नहीं है। उन्होंने भाजपा पर राज्य में रामनवमी समारोह के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी की हिंसा पूर्व नियोजित थी और उन्होंने भाजपा पर लोकसभा चुनाव से पहले इसे अंजाम देने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भगवा खेमा अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए केवल हिंसा में विश्वास करता है।

## पश्चिम में पहले चरण के मतदान ने पसीने छुड़ाए

**हि विश्लेषण**

■ सूर्यकांत द्विवेदी

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पहले चरण की परीक्षा काफी कठिन रही। पेपर इतना कठिन था कि सभी दलों और प्रत्याशियों के पसीने आ गए। प्रारंभिक चार घंटों में तेजी से मतदान और उसके बाद सुस्त रफ्तार ने चुनावी सियासत को को अचंभित कर दिया।

सियासी हलकों में अधिकांश सीटों पर भाजपा-रालोद और सपा-कांग्रेस गठबंधन में मुकाबला माना जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पांच सीटों-सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना और कैराना पर सभी की निगाहें लगीं थी। मतदान का प्रतिशत बढाने को भी काफी प्रयास हुए।

शुक्रवार को मतदान हुआ तो सवेरे उत्साहजनक मतदान प्रतिशत दिखा। साढ़े बारह बजे के बाद जुमे की नमाज का वक्त होते ही रफ्तार सुस्त हो गई। तब तक सूरज भी 39 डिग्री पारे के साथ सातवें आसमान पर था। शाम को कुछ रफ्तार बढ़ी लेकिन तीन घंटे के ब्रेक ने मतदान का ग्राफ गिरा दिया। पहले चरण के मतदान में भाजपा-रालोद गठबंधन की कड़ी परीक्षा देखने को मिली। रालोद के खाते में आई दो में से एक सीट बिजनौर पर चुनाव था। बिजनौर के बाद रालोद का सर्वाधिक दारोमदार मुजफ्फरनगर की सीट पर है। दोनों ही सीटों पर शुरू से सपा-कांग्रेस और भाजपा-रालोद गठबंधन में कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। नगीना पर प्रारंभ से ही दलित-मुसलिम समीकरण के चलते कड़ा मुकाबला माना जा रहा था। सपा से मनोज, बसपा से सुरेंद्र राणा, आसपा से चंद्रशेखर भाजपा से विधायक ओमकुमार के बीच चतुष्कोणीय मुकाबले का शुक्रवार को इम्तिहान था।

### कैराना में सीधी टक्कर

बहुचर्चित कैराना लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह सवेरे से था। पलायन और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों के साथ कुछ नये मुद्दे भी थे। विकास के साथ-साथ लड़कियों की उच्च शिक्षा भी मतदाताओं की जुबान पर था। इस सीट पर सपा प्रत्याशी इकरा हसन, भाजपा के मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी और बसपा से श्रीपाल राणा प्रत्याशी हैं।

### मुजफ्फरनगर में महाभारत

मुजफ्फरनगर में दो तरह से परीक्षा थी। एक भाजपा-रालोद गठबंधन और दूसरे चौबीसी की चुनौती। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान और पूर्व विधायक हरेंद्र मलिक के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मुजफ्फरनगर से अधिक मेरठ जिले की सरधना विधानसभा क्षेत्र में महारथियों के बीच महाभारत ज्यादा मानी जा रही है।

### पांच लोकसभा सीट

■ सहारनपुर ■ मुजफ्फरनगर
■ कैराना ■ बिजनौर ■ नगीना

कुल वोटर 87,61196
महिला वोटर 41,01145
पुरुष वोटर 46,59,574
कुल प्रत्याशी-52

### इनकी परीक्षा

■ भाजपा-रालोद गठबंधन
■ बसपा की सोशल इंजीनियरिंग
■ सपा-कांग्रेस गठबंधन

## बसपा ने वाराणसी में प्रत्याशी बदला

■ फिरोजाबाद से बशीर और वाराणसी से सैय्यद नेयाज अली को टिकट
■ बसपा ने अब तक घोषित किए 64 प्रत्याशी, इनमें 18 सवर्ण है

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी और सपा के गढ़ माने जाने वाले फिरोजाबाद के प्रत्याशी बदल दिए। इसी के साथ बसपा ने नौ और लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं।

शुक्रवार को घोषित प्रत्याशियों में पांच मुस्लिम, तीन ओबीसी और तीन अनुसूचित जाति के हैं। बसपा ने अब तक 64 प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इसमें सवर्ण 18, मुस्लिम 18, ओबीसी 13 और एससी 15 प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

मायावती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से प्रत्याशी बदल दिया है। वाराणसी से बसपा ने पहले अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी घोषित किया था। पार्टी ने अब उनके स्थान पर सैय्यद नेयाज़ अली उर्फ मंजू भाई को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह मायावती ने फिरोजाबाद से प्रत्याशी को बदल दिया है। उन्होंने पहले फिरोजाबाद से सत्येंद्र जैन सोली को प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद अब वहां से पूर्व मंत्री चौधरी बशीर को प्रत्याशी बनाया गया है। चौधरी बशीर आगरा कैंट सीट से विधायक रहे हैं और बसपा सरकार में मंत्री भी थे।

फिरोजाबाद में प्रत्याशी बदलने से वहां लड़ाई रोचक हो गई है। फिरोजाबाद से सपा ने अक्षय यादव को उतारा है। भाजपा ने ठाकुर विश्वदीप सिंह को टिकट दिया है। चौधरी बशीर के उतरने से मुस्लिम मतों में बंटवारे की आशंका बलवती हो गई है।

## राणा कपूर को जमानत मिली

**मुंबई, एजेंसी।** यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर को 466.51 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में यहां की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को जमानत दे दी।

जमानत मंजूर होने के बाद अब राणा के चार साल बाद जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। ईडी ने कपूर को मार्च, 2020 में धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था और उनके खिलाफ बैंक में धोखाधड़ी से संबंधित आठ मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया था। राणा को सभी मामलों में जमानत मिल गई है। कपूर के वकील ने कहा कि उनकी रिहाई जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के लिए जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

**मौसम की मार** | मनाली में देवदार का पेड़ गिरने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त, एक व्यक्ति घायल, मौसम विभाग ने बारिश की जताई संभावना

## हिमाचल में तूफान और ओलावृष्टि से भारी नुकसान

**शिमला, संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार दोपहर बाद कई क्षेत्रों में तूफान और ओलावृष्टि ने भारी नुकसान पहुंचाया है। ऊना के गगरेट के कई क्षेत्रों में पेड़ गिरने से छह से ज्यादा गाड़ियों और कुछ घरों को नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर घरों की छत्त तक उड़ गई है।

पर्यटन स्थल मनाली में देवदार का पेड़ गिरने से सात से आठ गाड़ियों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। मनाली में एक व्यक्ति भी पेड़ गिरने से घायल हुआ है, जो कि गाड़ी में बैठा हुआ था। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### उत्तराखंड : आंधी से पूर्व सैनिक की मौत

**देहरादून/ऋषिकेश।** उत्तराखंड के कई इलाकों में शुक्रवार शाम को बारिश के साथ आंधी चली। ऋषिकेश आंधी के कारण गिरे पेड़ की चपेट में आकर पूर्व सैनिक धन बहादुरकी मौत हो गई। वहीं मौसम विभाग ने शनिवार के लिए उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। ऋषिकेश में हरिद्वार हाईवे पर आंधी से कई पेड़ गिर गए। मसूरी में करीब 15 मिनट तक बारिश हुई।

### बिहार : 13 जिलों में लू चलने के आसार

**पटना।** बिहार में गर्म पछुआ का प्रवाह जारी है। शनिवार को 13 जिलों में लू चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने लू और हॉट-डे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस मौसम में पहली बार शुक्रवार को पटना का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा। कुछ जिलों में 23 अप्रैल तक लू चलने के आसार हैं, जबकि राज्य के ज्यादातर शहरों में गर्म तेज पछुआ चलने के कारण लू जैसे हालात बने रह सकते हैं।



शिमला में शुक्रवार को बारिश के बीच सड़क पर जाते लोग। • एएनआई

### झारखंड : कई जिलों में चली लू, पारा 45 डिग्री

**रांची।** झारखंड में गर्मी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहे है। शुक्रवार को कोल्हान प्रमंडल के कई जिले लू की चपेट में रहे। पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में अधिकतम तापमान 45 .0 दर्ज किया गया।

### ओडिशा के लिए भीषण गर्मी की चेतावनी

**भुवनेश्वर।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने ओडिशा के लिए भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है। भुवनेश्वर में शुक्रवार को पारा 43 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने 21 अप्रैल तक भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है।

## अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेन रद्द

**अंबाला, एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग रेल यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि करीब 40 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गई हैं, जबकि 54 अन्य का मार्ग परिवर्तित किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार अपने तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को अंबाला-लुधियाना-अमृतसर मार्ग पर पटरी पर बैठ गए थे।

लोकसभा चुनाव में 102 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ, यूपी की आठ सीटों पर 60 फीसदी से अधिक वोट

# पहले चरण में वोटरों ने नहीं दिखाया जोश

## उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पहले चरण के मतदान में मतदाताओं में वैसा जोश नहीं दिखा जैसी उम्मीद की जा रही थी। आठ सीटों पर कुल 60.25 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के चुनाव में पहले चरण में 63.7 फीसदी मतदान हुआ था। हालांकि मतदान के अंतिम आंकड़ों में बढ़ोतरी संभव है।

कुछ लोकसभा सीटों पर विकास कार्य न होने और जनसमस्याओं से नाराज मतदाताओं ने सुबह मतदान का बहिष्कार भी किया, लेकिन बाद में स्थानीय प्रशासन ने उन्हें समझा-बुझाकर मतदान के लिए राजी कर लिया। कहीं-कहीं लोग नहीं माने और मतदान का बहिष्कार किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान शिकायत मिलने पर ईवीएम की कुल 50 बैलेट यूनिट, 50 कंट्रोल यूनिट और 152 वीवीपैट बदले गए। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान 29 शिकायतें मिलीं, जिनका तत्काल निस्तारण किया गया।

**शेर सिंह राणा पुलिस हिरासत में:** शामली के थाना भवन क्षेत्र के गांव मनठ मे सपा नेता शेर सिंह राणा को पुलिस ने हिरासत में लिया। आरोप है मतदान केंद्र से 50 गज की दूरी पर जुम्मा और वसंत दोनों भाइयों के घर में सपा का चुनावी बस्ता लगा हुआ था, जिसमें 30-40 ग्रामीण भी मौजूद थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाद राणा को हिरासत में ले लिया। इसके बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई थी।

### 1. सहारनपुर
कुल मतदान **63.29%**

मैदान में: भाजपा: राघव लखनपाल; सपा-कांग्रेस: इमरान मसूद; बसपा: माजिद अली

2019 के नतीजे: बसपा के हाजी फजलुर्रहमान जीते

70.73% मतदान हुआ था

### 2. कैराना
कुल मतदान **58.68%**

मैदान में: भाजपा: प्रदीप कुमार; सपा-कांग्रेस: इकरा हसन; बसपा: श्रीपाल राणा

2019 के नतीजे: भाजपा के प्रदीप चौधरी ने बाजी मारी

67.44% मतदान हुआ था

### 3. मुजफ्फरनगर
कुल मतदान **54.91%**

मैदान में: भाजपा: संजीव बालियान; सपा-कांग्रेस: हरेंद्र मलिक; बसपा: दारा सिंह प्रजापति

2019 के नतीजे: भाजपा के संजीव बालियान विजयी रहे

68.32% मतदान हुआ था

### 4. बिजनौर
कुल मतदान **54.68%**


मैदान में: भाजपा-रालोद: चंदन चौहान; सपा-कांग्रेस: दीपक सैनी; बसपा: विजेंदर सिंह

2019 के नतीजे: बसपा के मलूक नागर को जीत मिली

66.15% मतदान हुआ था



लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सहारनपुर के एक मतदान केंद्र पर कतार में खड़े मतदाता।




**60.25%**
आठ लोकसभा सीटों पर मतदान

### 7. रामपुर
कुल मतदान **52.42%**

मैदान में: भाजपा: घनश्याम सिंह लोधी; सपा-कांग्रेस: मोहिब्बुल्लाह; बसपा: जीशान खां

2019 के नतीजे: सपा के आजम खां को जीत मिली

63.45% मतदान हुआ था

### 5. नगीना
कुल मतदान **58.05%**

मैदान में: भाजपा: ओम कुमार; सपा-कांग्रेस: मनोज कुमार; बसपा: सुरेंद्र पाल सिंह

2019 के नतीजे: बसपा के गिरीश चंद विजयी बने

63.64% मतदान हुआ था

### 6. मुरादाबाद
कुल मतदान **57.65%**

मैदान में: भाजपा: कुंवर सर्वेश सिंह; सपा-कांग्रेस: रुचि वीरा; बसपा: मोहम्मद इरफान सैफी

2019 के नतीजे: सपा के एसटी हसन को जीत मिली

65.39% मतदान हुआ था

### 26. पीलीभीत
कुल मतदान **60.23%**

मैदान में: भाजपा: जितिन प्रसाद; सपा-कांग्रेस: भगवत शरण गंगवार; बसपा: अनीस अहमद खान

2019 के नतीजे: भाजपा के वरुण गांधी को विजय मिली

67.37% मतदान हुआ था

# चार सीटों पर चढ़ते पारे ने मतदाताओं का उत्साह घटाया

## बिहार

**48.50%**

**पटना, ब्यूरो।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों औरंगाबाद, गया (सु.), नवादा एवं जमुई (सु.) में मतदान का औसत गिर गया। इन सीटों पर पिछले चुनाव से पांच फीसदी कम मतदान हुआ।
इन सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान औसतन 53.47 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि इस बार के चुनाव में इन चारों सीटों पर औसतन 48.50 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने कम मतदान का कारण गर्मी बताया। छह मतदान केंद्रों पर विकास के विभिन्न मुद्दों पर मतदान बहिष्कार हुआ। किसी बूथ पर शून्य तो किसी पर 4-5 वोट ही पड़े।

### औरंगाबाद
कुल मतदान **51.56%**

मैदान में: भाजपा: सुशील कुमार सिंह; कांग्रेस: अभय कुशवाहा

2019 के नतीजे: भाजपा केसुशील कुमार सिंह जीते


55.55% मतदान हुआ था

### गया
कुल मतदान **49.51%**

मैदान में: हम सेक्युलर: जीतन राम मांझी; राजद: कुमार सर्वजीत

2019 के नतीजे: जदयू के उम्मीदवार विजय कुमार मांझी इस सीट से जीते थे

58.1% मतदान हुआ था




### नवादा
कुल मतदान **43.21%**

मैदान में: भाजपा: विवेक ठाकुर; राजद: श्रवण कुशवाहा

2019 के नतीजे: लोजपा के चंदन सिंह इस सीट को जीतने में कामयाब हुए थे

51.7% मतदान हुआ था

### जमुई
कुल मतदान **50.11%**

मैदान में: लोजपा: अरुण भारती; लोजपा-आर: अर्चना रविदास

2019 के नतीजे: लोजपा के चिराग पासवान इस सीट को जितने में सफल रहे थे

57.8% मतदान हुआ था

# पहाड़ी प्रदेश में वोट प्रतिशत गिरा

## उत्तराखंड

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पांच सीटों पर 54.80 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। यह आंकड़ा पिछले दो चुनावों के मुकाबले कम है। राज्य में 2014 में 62.15 और 2019 में 61.50 प्रतिशत मतदान हुआ था।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे ने बताया कि अंतिम प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शुक्रवार को कुल 54.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 1.20 लाख पोस्टल बैलेट शामिल नहीं हैं। अधिकारी के मुताबिक हरिद्वार में एक व्यक्ति द्वारा ईवीएम मशीन को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया।

### टिहरी गढ़वाल
कुल मतदान **52.33%**

मैदान में: भाजपा: माला राज्य लक्ष्मी शाह; कांग्रेस: जोत सिंह गुनसोला

2019 के नतीजे: भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह ने जीत दर्ज की थी

55.17% मतदान हुआ था

### गढ़वाल
कुल मतदान **50.04%**

मैदान में: भाजपा: अनिल बलूनी; कांग्रेस: गणेश गोदियाल

2019 के नतीजे: भाजपा के तीरथ सिंह रावत इस सीट को जीतने में कामयाब हुए थे

70.68% मतदान हुआ था

**54.80%**

हरिद्वार में ईवीएम को क्षति पहुंचाने की कोशिश




### हरिद्वार
कुल मतदान **59.79%**

मैदान में: भाजपा: त्रिवेंद्र सिंह रावत; कांग्रेस: वीरेंद्र रावत

2019 के नतीजे: भाजपा के उम्मीदवार डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक जीते थे।

70.68% मतदान हुआ था

### नैनीताल-ऊधमसिंह नगर
कुल मतदान **60.07%**

मैदान में: भाजपा: अजय भट्ट; कांग्रेस: प्रकाश जोशी

2019 के नतीजे: भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट जीते

70.68% मतदान हुआ था

### अल्मोड़ा
कुल मतदान **46.16%**

मैदान में: भाजपा: अजय टम्टा; कांग्रेस: प्रदीप टम्टा

2019 के नतीजे: भाजपा के उम्मीदवार अजय टम्टा ने इस सीट से जीत दर्ज की थी

70.68% मतदान हुआ था



बिहार के नवादा शहर के सीताराम साहू कॉलेज के बूथ संख्या 238सी पर मतदान के लिए पहुंचा दिव्यांग गुड्डू।



उत्तराखंड के सीमांत जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में शुक्रवार को मतदान के लिए परंपरागत परिधान में पहुंचीं बुजुर्ग महिलाएं।


# गंगानगर में सर्वाधिक मतदान

## राजस्थान

**जयपुर, एजेंसी।** चुनाव आयोग के अनुसार लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राजस्थान की 12 सीटों पर 57.26 फीसदी मतदान हुआ।

निर्वाचन विभाग के अनुसार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सबसे ज्यादा 65.64 फीसदी मतदान गंगानगर सीट पर हुआ। यहां मतदान के लिए लंबी कतार रही। करौली धौलपुर सीट पर सबसे कम 49.29 फीसदी मतदान हुआ।

राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल और उनकी पत्नी सत्यवती मिश्र ने सी स्कीम के मतदान केंद्र पर मतदान किया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपना वोट डाला। केंद्रीय मंत्री एवं बीकानेर से उम्मीदवार अर्जुन राम मेघवाल ने बीकानेर में परिवार संग मतदान किया। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी 12 निर्वाचन क्षेत्रों में राजस्थान पुलिस के साथ केन्द्रीय सशस्त्र बलों की कंपनियां तैनात थीं।




**57.26%** कुल मतदान

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. गंगानगर | 65.64% | 7. जयपुर | 62.87% |
| 2. बीकानेर | 53.96% | 8. अलवर | 59.79% |
| 3. चुरु | 62.98% | 9. भरतपुर | 52.69% |
| 4. झुंझुनूं | 52.29% | 10. कारौली धौलपुर | 49.29% |
| 5. सीकर | 57.28% | 11. दौसा | 55.21% |
| 6. जयपुर ग्रामीण | 56.58% | 14. नागौर | 57.01% |


### युवा मतदाताओं में उत्साह

चुनाव के दौरान युवा मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्र पहुंच गए थे। वोट डालने के बाद वे दूसरों की भी मदद करते दिखे। कई मतदान केंद्रों पर नवविवाहित जोड़े दूल्हे और दुल्हन के लिबास में मतदान करने पहुंचे। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने वोट डालने के बाद कहा कि इस बार भाजपा से ज्यादा सीट कांग्रेस जीतेगी। पूरी ताकत से हम लोग लगे हुए हैं। मेरा मानना है कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा, क्योंकि जनता बदलाव चाहती है।

# सीधी में सबसे कम और छिंदवाड़ा में अधिक मतदान

## मध्य प्रदेश

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में आम चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को हाई-प्रोफाइल छिंदवाड़ा सहित छह लोकसभा सीट पर 66.77 प्रतिशत मतदान हुआ।
हाई-प्रोफाइल छिंदवाड़ा सीट पर सबसे अधिक 79.18 फीसदी मतदान हुआ। वहीं सीधी में सबसे कम मत पड़े। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतदान के अंतिम आंकड़ों में और समय लगेगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में राज्य में 61.57 फीसदी मतदान हुआ था, जो 2019 में बढ़कर 71.16 फीसदी हो गया। राज्य में शेष 23 लोकसभा सीट पर अन्य चरणों में 26 अप्रैल, सात मई और 13 मई को मतदान होगा। अधिकारियों ने अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने वालों को फूल देने और तिलक लगाकर सम्मानित किया।




**66.77%** कुल मतदान

| | |
|---|---|
| 11. सीधी | 54.36% |
| 12. शहडोल | 63.23% |
| 13. जबलपुर | 60.52% |
| 14. मांडला | 72.49% |
| 15. बालाघट | 72.66% |
| 16. छिंदवाड़ा | 79.18% |

### थर्ड जेंडर ने भी डाले वोट

छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में दोपहर में जुन्नारदेव के कोहलिया बूथ पर थर्ड जेंडर मतदाताओं के एक समूह ने मतदान किया।

# मतदान के साथ सियासी पारा चढ़ा




देश को बड़ी वैश्विक शक्ति बनाने के लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक हालात से निपटने के लिए सक्षम सरकार जरूरी है।
–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



अयोध्या के राम मंदिर का मुद्दा अब समाप्त हो गया है। कोई भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कर रहा। मतदाता मुद्दे पर वोट कर रहा है।
–शरद पवार, प्रमुख, राकांपा पवार गुट



राहुल गांधी वंशवादी व्यवस्था में विश्वास करते हैं। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। मतदाता अपने अंदाज में जवाब देगा।
जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष



आपका एक-एक वोट भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने जा रहा है। इसलिए बाहर निकलें और मतदान करें।
–राहुल गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष



भाजपा का पहले दिन का शो फ्लॉप हो गया है। जनता को न भाजपाइयों की अदाकारी अच्छी लग रही है, न पुराने डॉयलाग।
–अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं हुई तो भाजपा को बड़ा संघर्ष करना होगा। दोनों दलों, भाजपा और कांग्रेस ने जनता को धोखा दिया है।
–मायावती, बसपा सुप्रीमो

## तमिलनाडु 67.78% कुल मतदान

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. तिरूवल्लुर (सु) | 57.90% | 21. पोल्लाची | 64.47% |
| 2. चेन्नई उत्तर | 48.42% | 22. डिंडीगुल | 64.80% |
| 3. चेन्नई दक्षिण | 47.60% | 23. करूर | 71.97% |
| 4. चेन्नई केंद्रीय | 47.97% | 24. तिरूचिरापल्ली | 59.75% |
| 5. श्रीपेरूम्बदूर | 50.04% | 25. पेरम्बलुर | 70.87% |
| 6. कांचीपुरम (सु) | 65.33% | 26. कुड्डालोर | 63.92% |
| 7. अराकोम | 64.80% | 27. चिंदबरम (सु) | 69.94% |
| 8. वेल्लोर | 62.03% | 28. मइलादुथुरई | 61.93% |
| 9. कृष्णागिरी | 64.24% | 29. नागापट्टिनम (सु) | 62.17% |
| 10. धर्मापुरी | 71.02% | 30. थंजावुर | 61.46% |
| 11. तिरूवन्नामलाई | 66.41% | 31. शिवगंगा | 57.62% |
| 12. अरानी | 65.74% | 32. मदुरई | 56.39% |
| 13. विलुपुरम (सु) | 66.62% | 33. थेनी | 64.72% |
| 14. कल्लाकुरिची | 72.43% | 34. विरूधुनगर | 64.70% |
| 15. सलेम | 72.20% | 35. रामानाथपुरम | 63.35% |
| 16. नामाक्कल | 71.44% | 36. थूथुक्कुडी | 59.96% |
| 17. इरोड | 65.32% | 37. टेनकासी (सु) | 61.67% |
| 18. तिरूप्पुर | 64.95% | 38. तिरूनेलवेली | 58.39% |
| 19. नीलिगिरि (सु) | 64.31% | 39. कन्याकुमारी | 57.52% |
| 20. कोयम्बटूर | 58.36% | | |

## असम 72.33% कुल मतदान

| | |
|---|---|
| 10. काजीरंगा | 69.71% |
| 11. सोनितपुर | 71.34% |
| 12. लखीमपुर | 68.71% |
| 13. डिब्रूगढ़ | 71.05% |
| 14. जोरहाट | 77.45% |
| 1. पुडुचेरी | 73.50% |

## महाराष्ट्र 58.21% कुल मतदान

| | |
|---|---|
| 9. रामटेक (सु) | 52.38% |
| 10. नागपुर | 49.07% |
| 11. भंडारा-गोंदिया | 56.87% |
| 12. गढ़चिरोली-चिमुर | 66.27% |
| 13. चंद्रपुर | 55.11% |
| 1. अंडमान-निकोबार | 56.87% |



चेन्नई में शुक्रवार को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने परिवार सहित वोट डाला।

## मिजोरम

1. मिजोरम (सु) 56.60%

## मणिपुर

1. आंतरिक मणिपुर 72.32%
2. बाह्य मणिपुर (सु) 63.70%

## प. बंगाल

1. कूच बिहार (सु) 77.73%
2. अलीपुरद्वार (सु) 75.54%
3. जलपाईगुड़ी (सु) 79.33%

## अरुणाचल प्रदेश

1. अरुणाचल पश्चिम 65.86%
2. अरुणाचल पूर्व 66.86%

## जम्मू-कश्मीर

4. ऊधमपुर 65.08%

## नगालैंड

1. नगालैंड 56.91%

## मेघालय

1. शिलांग (सु) 71.88%
1. तुरा (सु) 77.55%

## छत्तीसगढ़

10. बस्तर (सु) 63.41%

## सिक्किम

1. सिक्किम 68.06%

## त्रिपुरा

1. त्रिपुरा पश्चिम 81.51%

## लक्षद्वीप

1. लक्षद्वीप (सु) 59.02%

# पिछली बार से कम मतदान के आकलन में जुटे दल

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं के पिछली बार की तुलना में कम उत्साह से राजनीतिक दलों ने चिंतन शुरू कर दिया है। सत्तारूढ़ भाजपा आगे के चरणों की तैयारी में जुट गई है। आने वाले चरणों में पार्टी की कोशिश ज्यादा मतदान कराने की होगी ताकि वह बड़े लक्ष्य को हासिल कर सके। इसके साथ ही इस चरण के चुनाव में उतरे पार्टी के प्रमुख नेता अब बाकी देश में प्रचार और प्रबंधन का काम संभालेंगे। चुनाव आयोग के आकलन के अनुसार 60 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ जबकि 2019 के चुनाव के पहले चरण में 69.43 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार पहले चरण के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर यह 60 फीसदी से कुछ ऊपर रहेगा, लेकिन पिछले आम चुनाव के पहले चरण से कम ही रहेगा। वर्ष 2019 में पहले चरण में 91 सीटों पर मतदान हुआ था। इस बार 102 सीटों पर। भाजपा सूत्रों का कहना है कि हर क्षेत्र के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर पार्टी मंथन कर रणनीति बनाएगी।

मत प्रतिशत चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप से रात 11 बजे तक के हैं।



POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

■ सुपर जायंट्स ने दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत ■ राहुल ने खेली कप्तानी पारी, डिकॉक ने भी लगाया शानदार पचासा



लखनऊ में शुक्रवार को अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल। ● एजेंसी

# लखनऊ ने चेन्नई को धोया

■ अनंत मिश्र

**लखनऊ।** गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद कप्तान केएल राहुल की कप्तानी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को छह गेंद रहते आठ विकेट से पराजित किया। लखनऊ की यह विकेट के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है।

घरेलू मैदान इकाना में इस जीत के साथ लखनऊ हार की हैट्रिक से तो बची साथ ही अंक तालिका में पांचवां स्थान भी कायम रखा। उसने चेन्नई के 177 रन के लक्ष्य को एक ओवर शेष रहते दो विकेट पर 180 रन बनाकर हासिल कर लिया।

**शतकीय साझेदारी :** लक्ष्य का पीछा करते हुए राहुल (82) और डिकॉक (54) ने तेजी के साथ बड़ी सूझबूझ के साथ शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। दोनों ने मैदान के चारों तरफ बढ़िया स्ट्रोक खेले और 15 ओवर तक चेन्नई के गेंदबाजों को विकेट से महरूम रखा। मुस्तफिजुर रहमान ने ऑफ स्टंप पर स्लोअर डालकर डिकॉक को उसमें फंसाकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई।

**पूरन ने चौके से दिलाई जीत :** राहुल डटे रहे और आक्रामक रुख जारी रखा। उन्होंने पूरन (23 नाबाद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 रन जोड़े। पथिराना की गेंद पर जडेजा ने शानदार कैच लपक कर राहुल की पारी का अंत किया। पूरन ने देशपांडे की गेंद पर फ्री हिट पर चौका मारकर लखनऊ को शानदार जीत दिला दी।

**जडेजा का अर्धशतक :** इससे पहले जडेजा के नाबाद अर्धशतक और महेंद्र सिंह धौनी के नौ गेंद में नाबाद 28 रन से चेन्नई ने छह विकेट पर 176 रन बनाए। इकाना स्टेडियम की लाल मिट्टी की पिच पर लखनऊ के गेंदबाजों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। जडेजा ने 40 गेंद में नाबाद 57 रन की पारी खेली। उनके अलावा अजिंक्य रहाणे ने 36 और मोईन अली ने 30 रन का योगदान दिया।

**जडेजा को मिला अली का साथ**

चेन्नई सुपर किंग्स ने 90 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। जडेजा ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने मोहसिन खान पर छक्के के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अली का उन्हें अच्छा साथ मिला। अली ने भी हाथ खोलते हुए 18वें ओवर में बिश्नोई पर लगातार तीन छक्के मारे पर अगली गेंद पर बडोनी को कैच दे बैठे। इसके साथ ही उनकी जडेजा के साथ 51 रन की साझेदारी का अंत हुआ।

## 'उम्रदराज' माही का जलवा



धौनी 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन बनाने वाले पहले खिलाडी बन गए। 42 साल के धौनी ने क्रिस गेल (481 रन) को पीछे छोड़ा। द्रविड़ (471) तीसरे, गिलक्रिस्ट (466) चौथे व सचिन (164) पांचवें नंबर पर हैं।

## 20वें ओवर में सर्वाधिक छक्के

धौनी के नाम लीग के 20वें ओवर में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। वह 99 पारियों में 65 छक्के लगा चुके हैं। उनके अलावा कोई बल्लेबाज अंतिम ओवर में 50 छक्के भी नहीं मार सका।

## जडेजा ने तीन साल बाद पचासा लगाया

रवींद्र जडेजा के बल्ले से लीग में तीन साल बाद अर्धशतक निकला। इससे पहले उन्होंने 2021 में नाबाद 62 रन की पारी खेली थी जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह उनका 233 मैच में कुल तीसरा पचासा है। पहला 2020 में जड़ा था। वह 27.50 की औसत से 2833 रन बना चुके हैं।

## दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी

राहुल और डिकॉक ने पहले विकेट के लिए 90 गेंद में 134 रन जोड़े। यह लखनऊ की ओर से किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

## धौनी से आगे राहुल

राहुल आईपीएल के सर्वाधिक पचासे लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए। राहुल ने 25वां अर्धशतक लगाकर धौनी (24) को पीछे छोड़ा।

## स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स: 176/6 (20 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| अजिंक्य रहाणे ब. क्रुणाल | 36 | 24 | 5/1 |
| रचिन रवींद्र ब. मोहसिन | 00 | 01 | 0/0 |
| गायकवाड़ क. राहुल ब. यश | 17 | 13 | 1/0 |
| रवींद्र जडेजा नॉटआउट | 57 | 40 | 5/1 |
| दुबे क. राहुल ब. स्टोइनिस | 03 | 08 | 0/0 |
| रिज्वी स्ट. राहुल ब. क्रुणाल | 01 | 05 | 0/0 |
| अली क. बडोनी ब. बिश्नोई | 30 | 20 | 0/3 |
| महेंद्र सिंह धौनी नॉटआउट | 28 | 09 | 3/2 |
| अतिरिक्त | 04 | | |
| विकेट पतन : 1/4, 2/33, 3/68, 4/87, 5/90, 6/141. | | | |
| गेंदबाजी: | | | |
| मैट हेनरी | 3-0-26-0 | | |
| मोहसिन खान | 4-0-37-1 | | |
| यश ठाकुर | 4-0-45-1 | | |
| क्रुणाल पांड्या | 3-0-16-2 | | |
| रवि बिश्नोई | 4-0-44-1 | | |
| मार्कस स्टोइनिस | 2-0-7-1 | | |

| लखनऊ सुपर जायंट्स: 180/2 (19 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| क्विंटन डिकॉक क. धौनी ब. मुस्तफिजुर | 54 | 43 | 5/1 |
| राहुल क. जडेजा ब. पथिराना | 82 | 53 | 9/3 |
| निकोलस पूरन नॉटआउट | 23 | 12 | 3/1 |
| मार्कस स्टोइनिस नॉटआउट | 08 | 07 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 13 | | |
| विकेट पतन : 1/134, 2/161. | | | |
| गेंदबाजी: दीपक चाहर | 3-0-26-0 | | |
| तुषार देशपांडे | 4-0-42-0 | | |
| मुस्तफिजुर रहमान | 4-0-43-1 | | |
| रवींद्र जडेजा | 3-0-32-0 | | |
| मथीशा पथिराना | 4-0-29-1 | | |
| मोईन अली | 1-0-5-0 | | |

## दिल्ली में आज पहला मुकाबला

दिल्ली की टीम शुक्रवार को मौजूदा सत्र में पहली बार घरेलू मैदान कोटला पर उतरेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस मैच में सभी की निगाहें दो साल बाद यहां अपना पहला मुकाबला खेलने वाले ऋषभ पंत पर रहेंगी। पंत के लिए भी यह बेहद भावुक पल होगा। दिल्ली को प्रचंड फॉर्म में चल रही हैदराबाद के खिलाफ सत्र के पहले घरेलू मैच में पूरा जोर लगाना होगा।

**06** मुकाबले कोटला में दोनों टीमों ने खेले हैं जिसमें से हैदराबाद ने पांच और दिल्ली ने एक जीता है

**प्रसारण :** शाम 7.30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर




## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 07 | 06 | 01 | 00 | +0.677 | 12 |
| कोलकाता | 06 | 04 | 02 | 00 | +1.399 | 08 |
| चेन्नई | 07 | 04 | 03 | 00 | +0.529 | 08 |
| हैदराबाद | 06 | 04 | 02 | 00 | +0.502 | 08 |
| लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 00 | +0.123 | 08 |
| दिल्ली | 07 | 03 | 04 | 00 | -0.074 | 06 |
| मुंबई | 07 | 03 | 04 | 00 | -0.133 | 06 |
| गुजरात | 07 | 03 | 04 | 00 | -1.303 | 06 |
| पंजाब | 07 | 02 | 05 | 00 | -0.251 | 04 |
| बेंगलुरु | 07 | 01 | 06 | 00 | -1.185 | 02 |

## ऑरेंज कैप

| | |
|---|---|
| कोहली (बेंगलुरु) | 361 |
| रियान (राजस्थान) | 318 |
| रोहित (मुंबई) | 297 |

## पर्पल कैप

| | |
|---|---|
| बुमराह (मुंबई) | 13 |
| चाहल (राजस्थान) | 12 |
| कोएत्जी (मुंबई) | 12 |

## आईपीएल 30s

### हार्दिक पर 12 लाख रुपये का जुर्माना



**मुल्लांपुर (चंडीगढ़)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा, मुंबई के कप्तान हार्दिक पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के खिलाफ मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था।


### गेंदबाजी न कराने पर नबी ने जताई नाराजगी!

**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने पंजाब के खिलाफ मुकाबले में मोहम्मद नबी से एक भी ओवर नहीं फिंकवाया। इसको लेकर नबी ने परोक्ष रूप से नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक यूजर की स्टोरी शेयर की। इस यूजर ने नबी की तस्वीर डालकर लिखा था, आपके कप्तान के कुछ फैसले बेहद अजीब रहे। इसने लोगों को चौंका दिया। नबी ने आज गेंदबाजी नहीं की। इस तस्वीर पर नीचे नबी की तारीफ भी लिखी हुई थी। लिखा था- प्रेसिडेंट, गेम चेंजर। बेहद अहम मौकों पर दो विकेट और एक रनआउट। हालांकि करीब दो घंटे बाद नबी ने इस स्टोरी को इंस्टा से हटा दिया। बहरहाल इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि मुंबई इंडियंस के खेमे में सबकुछ सही नहीं चल रहा है।

20 ...Where Achievements Redefine Excellence... BATCH 2023
PLACEMENT INSIGHTS
2370+ JOB OFFERS by 200+ Renowned Companies
PSIT Kanpur
www.psitkanpur.ac.in
B.TECH | M.TECH | D.PHARM | B.PHARM | M.PHARM | MBA | MCA | BBA | BCA
HELPLINE : +91 767 099 8888

# पहलवानों का ओलंपिक कोटे पर दांव नाकाम

**कुश्ती**



एक मुकाबले के दौरान अमन सेहरावत। ● फाइल फोटो

**बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी।** अमन सेहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए। वहीं, जयदीप 74 किग्रा वर्ग में क्वार्टर फाइनल में हार गए। दीपक पुनिया और सुजीत कलकल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके।

अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए।

भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था। वहीं, जयदीप ने 74 किग्रा वर्ग में अच्छी शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान को हराया। मगर वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए।

सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

**आज विनेश पर नजरें :** महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट (50 किग्रा) पर होंगी।

# ईशा-भावेश के पहले दिन सबसे सटीक निशाने लगे

■ ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहे दोनों
■ निशानेबाज मनु भाकर तीसरे स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां ओलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। भावेश शेखावत पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल वर्ग में शीर्ष पर रहे।

ईशा ने महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल 'टी1' क्वालीफिकेशन में प्रिसिजन और रैपिड-फायर राउंड में कुल 585 का स्कोर किया। वह दूसरे स्थान पर काबिज सिमरनप्रीत कौर बराड़ से दो अंक आगे रहीं। डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में मनु भाकर (582) तीसरे स्थान पर रहीं।

पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में भावेश ने 580 अंक अर्जित किए। इस स्पर्धा में देश के लिए कोटा हासिल करने वाले विजयवीर सिद्धू (579) और अनीश (578) का प्रदर्शन भी बेहतर रहा। सभी 10 निशानेबाज शनिवार को फाइनल में फिर से चुनौती पेश करेंगे।

## खेल 30s

### पाक और न्यूजीलैंड का टी-20 मैच बारिश में धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी।

### रुड बार्सिलोना ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे



बार्सिलोना में गुरुवार रात मुकाबले के दौरान शॉट लगाते कैस्पर रुड। ● एजेंसी

**बार्सिलोना।** नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रुड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। रुड की सीजन की यह 26वीं जीत है। रुड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा पेश करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की।

### आकांक्षा को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त मिली

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं। दूसरी वरीय आकांक्षा को अपने से कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 6-11, 5-11, 8-11 से हार झेलनी पड़ी। आकांक्षा राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन हैं। वह टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहीं एकमात्र भारतीय थीं।

### रयाबाकिना पहली बार स्टुटगार्ट के अंतिम चार में

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कजाखस्तान की इलिना रयाबाकिना ने पहली बार स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचीं। दुबई ओपन चैंपियन रयाबाकिना ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में इटली की जैस्मिन को 6-3, 5-7, 6-3 से पराजित किया था। फाइनल में जगह बनाने रयाबाकिना का सामना गत चैंपियन इगा स्वियातेक या एमा राडूकानु से होगा।

# दीपा करमाकर विश्व कप में पदक के करीब आ चूकीं



महिला वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं, कर्ला ने स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर शुक्रवार को दोहा में एफआईजी एपेरेटस विश्व कप में महिला वॉल्ट फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं।

यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। पिछले महीने अजरबेजान में बाकू एपेरेटस विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं 30 साल की दीपा एक बार फिर पदक से चूक गई। उन्होंने 13.333 अंक जुटाए। पनामा की नवास कर्ला ने (13.850) ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कोरिया की आन चैंग ओक (13.833) तथा जॉर्जिएवा वेलेंटिना (13.466) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला।

# भांबरी युगल खिताब से सिर्फ एक जीत दूर

**म्यूनिख।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी करियर के अपने दूसरे युगल खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। वह फ्रांस के अपने जोड़ीदार अल्बानो के साथ मिलकर बवेरियन अंतरराष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए हैं। भांबरी-अल्बानो की जोड़ी ने शुक्रवार को आस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर की जोड़ी को तीन सेट में 6-1, 6-7, 10-7 से पराजित किया।

# धाविका शालू चौधरी को क्लीन चिट

**राहत**

**04** साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था


**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी ने धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है। डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था।

30 वर्ष की चौधरी को पिछले साल दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित प्रयोग के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा, मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाए हैं।

इसमें कहा गया, नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली। इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है।

# मेघा ने एशियाई नौकायन चैंपियनशिप में कांस्य जीता



कैनो स्प्रिंट की सी-1500 मीटर स्पर्धा में उपलब्धि

**टोक्यो, एजेंसी।** भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी 1500 मीटर स्पर्धा में कांस्य जीता।

टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकस्तिान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम पुरुषों के सी 2-500 मीटर फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए। अर्जुन और सुनील ने नौकायन स्पर्धा में 1:49.237 समय में पूरी की।

**कैंडिडेट्स शतरंज** | भारतीय खिलाड़ी ने अबासोव को मात दे नेपोमनियाच्ची और हिकारू संग संयुक्त बढ़त बनाई

# गुकेश, इयान और नाकामूरा में टक्कर

**टोरंटो, एजेंसी।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार जीत के साथ कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बना ली है। उन्होंने गुरुवार को 12 बाजी में अजरबैजान के निजात अबासोव को पराजित किया। दो दौर बाकी हैं। ओपन वर्ग में खिताब के लिए तीन खिलाड़ियों 17 वर्षीय गुकेश, रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामूरा में जंग है।

इन तीनों के एक समान 7.5 अंक हैं। गुकेश यह टूर्नामेंट खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 1959 में बॉबी फिशर सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।



टोरंटो में शुक्रवार को 12वीं बाजी के दौरान डी गुकेश और निजात अबासोव। ● एजेंसी

**57** चाल तक चली बाजी में गुकेश ने निजा को पराजित किया

**17** वर्षीय गुकेश टूर्नामेंट के इतिहास के दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं

### हंपी ने ड्रॉ खेला, वैशाली जीतीं

महिला वर्ग में भारत की हंपी ने रूस की अलेक्जेंड्रा से ड्रॉ खेला जबकि वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना एम को हराया।

**प्रज्ञाननंदा-विदित होड़ से बाहर :** आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने इयान के साथ 55 चाल में ड्रॉ खेला। वह छह अंक लेकर पांचवें जबकि विदित पांच अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। विदित को कारूआना के हाथों 52 चाल में मात मिली।

## सोशल मीडिया से

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली और दिनेश कार्तिक का मजेदार वीडियो सोशल मीडिया मंचों पर साझा किया है। कार्तिक एक सवाल-जवाब सत्र में प्रश्न पूछते हैं कि क्रिकेटर के अलावा मेरा पंसदीदा खिलाड़ी कौन है। इस पर विराट तपाक से उत्तर देते हैं- तुम्हारी पत्नी। इस पर विराट, कार्तिक, साथ में बैठे फाफ व अन्य आरसीबी के खिलाड़ी जोर से ठहाका लगाते हैं। कार्तिक कहते हैं कि तुमने गजब का जवाब दिया जिसे मैं मना नहीं कर सकता। पर मेरे दिमाग में कोई और चल रहा था। इस पर सभी फिर हंस पड़ते हैं। बता दें कि कार्तिक की पत्नी दीपिका पल्लीकल देश की प्रसिद्ध स्क्वॉश खिलाड़ी हैं।



वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

# दुनिया में तेजी से बढ़ रहे हृदय रोग 'साइलेंट किलर' के केस

## विशेषज्ञों का दावा, बगैर लक्षण वाली एट्रियल फिब्रिलेशन की पहचान में देरी

सेहत

डेनमार्क, एजेंसी। हृदय को चपेट में लेने वाली एक खतरनाक बीमारी 'एट्रियल फिब्रिलेशन' का सामना दुनिया की आबादी का बड़ा हिस्सा कर रही है। इस बीमारी को साइलेंट किलर का नाम दिया गया है। दरअसल, इसकी चपेट में आने के बाद भी मरीज में कोई लक्षण नहीं दिखते।

शोधकर्ताओं ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों को अलर्ट किया है। हृदय में होने वाली बीमारी एट्रियल फिब्रिलेशन (एएफआईबी) से दिल की धड़कनें अनियमित हो जाती हैं। इसका असर एक चौथाई वयस्कों पर होता है।

**क्या है एट्रियल फिब्रिलेशन :** एक सामान्य और स्वस्थ हृदय में इलेक्ट्रिक सिग्नल धड़कनों को नियंत्रित करते हैं। ये सिग्नल सिनोट्रियल (एसए) नोड में पैदा होते हैं, जिन्हें अक्सर हृदय का प्राकृतिक पेसमेकर कहा जाता है। एट्रियल फिब्रिलेशन में ये इलेक्ट्रिक संकेत गड़बड़ हो जाते हैं और एट्रियल यानि हृदय का ऊपरी भाग सिकुड़ने के बजाय कांपने लगता है।



**07**
फीसदी बढ़ा खतरा, दो दशक पुराने आंकड़ों से की गई तुलना

### पुरुषों को खतरा अधिक

शोधकर्ताओं के अनुसार, महिलाओं की तुलना में इस बीमारी का खतरा पुरुषों में अधिक है। शोधकर्ताओं ने दो दशक पुराने 2000-2010 और 2011-2022 आंकड़ों की तुलना की। 2011-2022 के बीच इस बीमारी का खतरा 31 फीसदी था वहीं इससे पहले यह 24 फीसदी ही था। इलाज के लिए जीवनशैली में बदलाव, धड़कनों को नियंत्रण में रखने के उपाय करने होते हैं। साथ ही ब्लड क्लॉट और स्ट्रोक से बचने के लिए खून पतला होने की दवा दी जाती है।

### उच्च रक्तचाप और मोटापा हो सकता है वजह

विशेषज्ञों का कहना है कि उच्च रक्तचाप और मोटापे की समस्या का सामना करने वाले लोगों में एट्रियल फिब्रिलेशन देखा गया।डेनमार्क के आलबोर्ग यूनिवर्सिटी की टीम ने अध्ययन के बाद बताया कि दिल की बीमारी 'एट्रियल फिब्रिलेशन' के पांच में से दो मरीज को हृदयाघात का खतरा होता है जबकि एक को स्ट्रोक झेलना पड़ता है। यह अध्ययन 35 लाख से अधिक लोगों के डाटा को लेकर किए गए विश्लेषण के आधार पर हुआ। इनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक थी।

### शुरुआत में बीमारी का पता नहीं चलता

रुटीन मेडिकल जांच में एएफआईबी का पता चलना मुश्किल है। इसके लिए ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) या होल्टर मॉनिटर जैसे परीक्षण करने पड़ते हैं। इन परीक्षण के दौरान हृदय की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा सकता है। परिणामस्वरूप ऐसे मामलों की पहचान तब होती है जब मरीज को गंभीर परिस्थिति से गुजरना पड़ता है।

# भारतीयों में फिटनेस के प्रति रुझान बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर लोग गंभीर हो गए हैं। भारत की पेमेंट गेटवे रेजरपे ने वार्षिक रिपोर्ट 2023 में यह बात कही।

हालिया अध्ययन के अनुसार, देश के नागरिक अपने आहार और स्वास्थ्य पर अधिक खर्च कर रहे हैं। पिछले साल भारतीयों ने किस क्षेत्र में अधिक धन खर्च किया उसकी जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024 में डायटीशियन पर खर्च 125 फीसदी बढ़ा। इससे पता चलता है कि भारतीयों के बीच संतुलित और पौष्टिक आहार को लेकर जागरुकता बढ़ी है। साथ ही हेल्थ कोचिंग के क्षेत्र में भी 45 फीसदी का इजाफा देखा गया है। इससे पता चलता है कि लोगों के बीच फिटनेस के प्रति रुझान बढ़ा है।




## तकनीक 30s

### एवरनोट पर आया एआई फीचर



नोट्स बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले एवरनोट एप को स्मार्ट एआई फीचर से लैस कर दिया गया है। एवरनोट एप नोट्स बनाने के लिए टेक्स्ट, फोटो और वीडियो का विकल्प देता है। इसमें कई एडिटिंग टूल्स भी हैं।

### 'सेल्फी जीआईएफ' रिकॉर्ड की सुविधा



गूगल ने अपने मैसेज एप के लिए एक नया फीचर पेश किया है। नए अपडेट के बाद गूगल मैसेज एप में तीन सेकेंड की सेल्फी जीआईएफ फाइल रिकॉर्ड करके भेजी जा सकेगी। इसके लिए रिकॉर्डिंग का ऑप्शन मिलेगा।

### मेटा ने क्वालकॉम के साथ साझेदारी की




मेटा ने एआई चैटबॉट का एक नया वर्जन लामा-3 पेश किया है। स्मार्टफोन चिपमेकर क्वालकॉम के क्वालकॉम स्नैपड्रैगन के साथ लॉन्च होने वाले फ्यूचर डिवाइस में मेटा एआई लामा-3 का सपोर्ट मिलेगा।







